जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शनिवार, 18 जनवरी, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 260 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



भारत की नजरें अंडर 19 महिला टी-20, विश्व कप बरकरार...

पेज: 10

## न्यूज ब्रीफ



### पुणे में सड़क हादसा, नौ लोगों की मौत

**पुणे।** पुणे में शुक्रवार की सुबह दस बजे एक सड़क हादसे में मिनीवैन में सवार सभी नौ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा पुणे-नासिक राजमार्ग के निकट नारायणगांव इलाके में हुई है। पुणे ग्रामीण पुलिस एसपी पंकज देशमुख ने बताया है कि दुर्घटना तब हुई जब एक ट्रक ने एक कार को पीछे से टक्कर मार दी, जो आगे चलकर एक बस (जो खड़ी थी) से टकरा गई थी।

### बाल-बाल बचे फारूक अब्दुल्ला

**अजमेर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के काफिले की गाड़ी हादसे का शिकार हो गई है। जानकारी के मुताबिक, राजस्थान के अजमेर जाते वक्त फारूक अब्दुल्ला के काफिले की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है। इस हादसे में वह बाल बाल बच गए। दौसा के पास दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर रास्ते में नीलगाय के टकराने से अब्दुल्ला के काफिले में मौजूद दिल्ली पुलिस की एस्कॉर्ट गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई है।



### चीन पर अमेरिकी टैरिफ बढ़ने से भारत का निर्यात घटेगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सत्ता में वापसी के साथ ही चीनी निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने की योजना पर काम कर रहे है। ट्रम्प के इस फैसले का भारत पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी प्रतिबंधों के बाद चीन एशियाई बाजारों में आक्रामक तरीके से अपना निर्यात बढ़ा सकता है।

### बसपा के 19 प्रत्याशी लड़ेंगे दिल्ली चुनाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीएसपी प्रमुख मायावती ने 70 सीटों में से 19 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है। बसपा ने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में बसपा ने कई मुस्लिम प्रत्याशियों को भी टिकट दिया है। पांच फरवरी को मतदान और आठ फरवरी को वोटों की गिनती होगी।



# मनु भाकर-गुकेश सहित चार को 'खेल रत्न'

## राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में सम्मानित किया

## समारोह में खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी रहे मौजूद









**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो ओलंपिक पदक जीतने वाली भारत की महिला निशानेबाज मनु भाकर और विश्व शतरंज चैंपियनशिप के विजेता भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में खेल पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। इस दौरान खेल मंत्री मनसुख मांडविया और अन्य केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। खेल मंत्रालय द्वारा जनवरी के शुरुआती सप्ताह में खेल पुरस्कार 2024 की घोषणा की गई थी।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपियन प्रवीण कुमार को भी खेल रत्न पुरस्कार दिया गया। 22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी-64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

(संबंधित समाचार खेल पेज भी)

### 34 खिलाड़ी अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित

खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला है।



## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

## स्वस्थ राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में चिकित्सकों की अहम भागीदारी

# सीएम शर्मा बोले, बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता

## आगामी बजट के लिए प्रतिनिधियों द्वारा दिए सुझाव आमजन के लिए लाभकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चिकित्सक संवेदनाओं के साथ कर्तव्य का निर्वहन करते हुए स्वस्थ राजस्थान की हमारी संकल्पना को साकार करने में अहम भागीदारी निभा रहे हैं। प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम 'आपणो स्वस्थ राजस्थान' की संकल्पना पर काम करते हुए उत्कृष्ट एवं खुशहाल राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सक अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं तथा आगामी बजट में इनके द्वारा दिए गए सुझाव आमजन के लिए लाभकारी हैं।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चिकित्सा के महत्व को



समझते हुए हमने गत बजट में चिकित्सा के लिए कुल बजट का रिकॉर्ड 8.26 प्रतिशत आवंटित किया। उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव, मातृ-शिशु मृत्यु दर, टीकाकरण, चिकित्सा संस्थानों की उपलब्धता सहित कई मानकों में राजस्थान का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत से बेहतर है।

### स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढीकरण के लिए राज्य सरकार निरंतर कर रही कार्य

शर्मा ने कहा कि प्रदेश की चिकित्सा सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए पिछले एक साल में अनेक कदम उठाए गए हैं। आमजन को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मा) के माध्यम से 25 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए 73 डे केयर पैकेज, शिशुओं के उपचार के लिए 419 पीडियाट्रिक पैकेज, 8 लाख वरिष्ठ नागरिकों के लिए कैशलेस उपचार जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। साथ ही, मा वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को अधिकृत निजी सोनोग्राफी केंद्रों से सोनोग्राफी कराने की निशुल्क सेवा दी जा रही है।

### 6 करोड़ लोगों की बनी अब तक आभा आईडी

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों का हैल्थ रिकॉर्ड डिजीटली सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश में करीब 6 करोड़ लोगों की आभा आईडी बनाई जा चुकी है। इसमें राजस्थान देश में दूसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आवश्यकतानुसार सीएचसी, पीएचसी, एसएचसी, ब्लॉक पब्लिक हैल्थ यूनिट सहित विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों का निर्माण करवाया गया है। प्रदेश में 11 हजार 571 संस्थान आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में क्रियाशील किए जा चुके हैं, इनसे करोड़ों लोग लाभान्वित हुए हैं।

### चिकित्सा विभाग में 50 हजार पदों पर भर्ती का लक्ष्य

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने चिकित्सकों, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ के करीब 21 हजार पदों पर नियुक्ति दी हैं। चिकित्सा विभाग में लगभग 50 हजार पदों पर भर्ती का लक्ष्य है, जिसे हम जल्द पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि आमजन के लिए ई-संजीवनी के माध्यम से टेलीमेडिसिन की सुविधा, 1 लाख 67 हजार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की गई है। राज्य को टीबी मुक्त प्रदेश बनाने के लिए 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' अभियान आयोजित किया जा रहा है।

### प्रदेश को बनाया जा रहा विश्वस्तरीय मेडिकल सुविधाओं का हब

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश में विश्वस्तरीय मेडिकल सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। इसी क्रम में जयपुर में जल्द ही आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त कार्डियक टॉवर की सुविधा मिलेगी, जहां हृदय रोगों का विश्वस्तरीय उपचार उपलब्ध होगा। साथ ही, प्रतापनगर स्थित आरयूएचएस अस्पताल को एम्स की तर्ज पर रिम्स के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान के तहत मिलावटखोरों पर सख्त एक्शन लिया जा रहा है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'मा' योजना से आमजन को बहुत लाभ मिल रहा है। साथ ही, सरकार ने डिजिटल हैल्थ टेक्नोलॉजी, टेलीमेडिसिन, आभा आईडी, मेडिकल स्टाफ में भर्ती सहित विभिन्न कार्य किए हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि हम सभी के सहयोग से स्वस्थ राजस्थान के संकल्प को गति मिलेगी। बैठक में चिकित्सकों ने प्रदेश में ट्रांसप्लांट सर्विस को और विकसित करने, हैल्थ सेक्टर में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप को और बढ़ाने, हैल्थ रिसर्च में बढ़ोतरी, मेडिकल ट्यूरिज्म और हैल्थ सेक्टर में ट्रेनिंग, आमजन में हैल्थ के प्रति जागरूकता बढ़ाने सहित विभिन्न विषयों पर सुझाव दिए। इस दौरान मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री ए. राठौड सहित विभागीय अधिकारी एवं महावीर विकलांग समिति, महावीर कैंसर हॉस्पिटल, नारायणा हॉस्पिटल, आईएमए राजस्थान ब्रांच, राजस्थान डेंटल काउंसिल, मारवाड मेडिकल कॉलेज, आरयूएचएस, आरोग्य भारती, रेडक्रॉस सोसायटी, नारायण सेवा संस्थान सहित के प्रतिनिधियों सहित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से जुड़े संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## दिल्ली चुनाव, भाजपा का संकल्प पत्र

# घरेलू गैस सिलेंडर पर 500 सब्सिडी

## होली-दिवाली पर एक-एक सिलेंडर मुफ्त; महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए




**नई दिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार बनने पर मौजूदा सरकार की सभी योजनाएं जारी रहेंगी। भाजपा ने दिल्ली चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र को विकसित दिल्ली की नींव बताया।

उन्होंने दिल्ली में महिलाओं को हर महीने 2500 रुपए, गरीब महिलाओं को सिलेंडर पर 500 रुपए की सब्सिडी देने का वादा किया। होली-दीवाली पर एक-एक मुफ्त सिलेंडर देने का भी ऐलान किया। उन्होंने कहा कि मातृ सुरक्षा वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपए दिए जाएंगे और 6 पोषण किट भी दी जाएंगी।

दिल्ली में बिजली, बस और पानी को लेकर मौजूदा सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं, वह जारी रहेंगी। नड्डा ने बताया कि 60-70 साल के बुजुर्गों के मिलने वाली पेंशन 2000 से बढ़ाकर 2500 की जाएगी। विधवा, दिव्यांगों और 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 3000 रुपए पेंशन मिलेगी। दिल्ली की झुग्गी-झोपड़ियों में अटल कैंटीन योजना के तहत गरीबों को 5 रुपए में पौष्टिक भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

## केंद्रीय कर्मियों को अब मिलेगा डीए



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा कर दी है। एक जनवरी 2026 से सरकारी कर्मियों के वेतनमान रिवाइज होने हैं। सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों को महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत की दरों में बढ़ोतरी का इंतजार है। डीए/डीआर की दरों में जनवरी 2025 से वृद्धि होनी है। मौजूदा समय में 53 फीसदी की दर से डीए/डीआर मिल रहा है।

अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और महंगाई दर को देखें तो पहली जनवरी से डीए/डीआर में तीन फीसदी की वृद्धि संभव है। ऐसे में डीए की दर 56 प्रतिशत पर पहुंच जाएगी। केंद्र सरकार, मार्च में होली से पहले डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा कर सकती है।

# सैफ अली पर हमला: जिसे पकड़ा गया वह आरोपी नहीं निकला

**मुंबई।** एक्टर सैफ अली खान पर हमले के केस में जिस संदिग्ध को पूछताछ के लिए बांद्रा पुलिस स्टेशन लाया गया था, उसका केस से कोई लेना देना नहीं है। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार दोपहर को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि इस केस में अब तक किसी को हिरासत में नहीं लिया गया है।

इससे पहले सुबह करीब 11 बजे एक न्यूज एजेंसी ने बताया गया था कि सैफ अली खान पर हमले के संदिग्ध को पुलिस पूछताछ के लिए लाई है। इसका नाम शाहिद बताया गया था। कहा गया था कि उस पर पहले से ही हाउस ब्रेक के 5 केस दर्ज हैं। उधर, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 14 जनवरी की रात 2 बजकर 42 मिनट पर शाहरुख खान के घर के



ऑटो ड्राइवर भजन सिंह शुक्रवार को मीडिया के सामने आए

बाहर एक व्यक्ति घर की रेकी करते दिखाई दिया। वह लोहे की सीढ़ी लगाकर झांकने के कोशिश कर रहा था। हालांकि, बंगले की रेकी के मामले में मुंबई बांद्रा के जोनल डीसीपी का कहना है कि अब तक इस बारे में कुछ भी सामने नहीं आया है। साथ ही डीसीपी ने लोगों से अफवाह न फैलाने की अपील की है। सैफ को अस्पताल ले जाने वाले ड्राइवर ने कहा, सैफ का पूरा शरीर खून से लथपथ था

ऑटो ड्राइवर भजन सिंह ने बताया, रात में मैं गाड़ी चला रहा था। सतगुरु बिल्डिंग के सामने से किसी ने आवाज लगाई। रिक्शा, रिक्शा। मैंने ऑटो गेट के पास रोका। गेट से एक आदमी बाहर निकला। वो खून में लथपथ था। शरीर के ऊपर के हिस्से में जख्म था, खून बहुत बह रहा था। मैंने तुरंत उसे अपने रिक्शा में बैठा लिया। वो लोग आपस में बात कर रहे थे कि होली फैमिली जाएंगे या लीलावती। मैंने पूछा- किधर जाना है? तो उन्होंने कहा, लीलावती अस्पताल चलो। उनके साथ एक छोटा बच्चा और एक नौजवान भी था। मैं उन्हें नहीं जानता था। उस आदमी की पीठ पर गहरा जख्म था और गर्दन पर भी चोट लगी थी।

## राजस्थान के श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ में राजस्थान मंडप तैयार...

## प्रयागराज में उपलब्ध करवाई गई नि:शुल्क आवास, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं

# सीएम शर्मा बोले, त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान, दर्शन एवं पूजन कर अलौकिक अनुभूति का आनन्द लें राजस्थान के श्रद्धालु

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर महाकुंभ मेले में राजस्थान से जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीर्थराज प्रयागराज में राजस्थान मंडप तैयार करवाकर नि:शुल्क आवास, भोजन एवं चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कुंभ का विशेष महत्व है। कुंभ को सभी सिद्धियां प्रदान करने वाला बताया गया है। 12 वर्षों के अन्तराल पर आयोजित किया जा रहा महाकुंभ मेला प्रयागराज में 26 फरवरी तक चलेगा।

मोनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के शाही स्नान सहित इस मेले में भाग लेने वाले राजस्थान के श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पुण्यलाभ प्राप्त कर सकें, इसके लिए राज्य सरकार के स्तर पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि इन व्यवस्थाओं का लाभ लेते हुए




महाकुंभ के त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान, दर्शन एवं पूजन कर अलौकिक अनुभूति का आनन्द प्राप्त करें। राजस्थान मंडप में श्रद्धालुओं के लिए डबल बैड अटैच लेटबाथ युक्त 49 टेन्ट एवं 30 बैड डोरमेट्री में नि:शुल्क आवास की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क भोजन, चिकित्सा आदि की व्यवस्थाओं के साथ आगन्तुकों की मदद के लिए हेल्पडेस्क, कंट्रोल रूम की स्थापना भी की गई है। महाकुंभ मेले में भाग लेने वाले राजस्थान के नागरिक राजस्थान मंडप, प्लॉट नं. 97, सेक्टर 7, कैलाशपुरी मार्ग, प्रयागराज में इन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। प्रयागराज में किसी भी प्रकार की सहायता एवं जानकारी के लिए कंट्रोल रूम (9929860529, 9887812885) अथवा देवस्थान विभाग के राज्य नियंत्रण कक्ष (0294-2426130) पर संपर्क किया जा सकता है।

# विद्युत मंत्रालय परामर्शदात्री समिति की बैठक में कस्वां ने आरडीएसएस योजना में स्मार्ट मीटरिंग व फीडर पृथक्करण की मांग

## सांसद ने संसदीय क्षेत्र की 45 हजार ढ़ाणियों में बिजली पहुंचाने के लिए बजट का प्रावधान करने की मांग रखी



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** चूरू सांसद राहुल कस्वां ने पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरूवार शाम को आयोजित भारत सरकार की विद्युत मंत्रालय परामर्शदात्री समिति की बैठक में भाग लेकर योजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। सांसद राहुल कस्वां ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को बताया कि चूरू संसदीय क्षेत्र में आरडीएसएस योजना में 200 करोड़ रूपए से अधिक के कार्य प्रगति पर हैं, लेकिन योजना के मूल प्रावधानों में शामिल स्मार्ट मीटर लगाना और घरेलु व कृषि लाइनों के पृथक्कीकरण का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है। इस पर केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बताया कि चूरू लोकसभा क्षेत्र में स्मार्ट मीटरिंग के लिए लगभग 545 करोड़ रू. की स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं। साथ ही चूरू लोकसभा में लगभग 500 फीडर पृथक्कीकरण (घरेलू व कृषि लाइनें अलग-अलग) के कार्य हेतु लगभग 325 करोड़ रूपए के प्रस्तावों में से आधे की स्वीकृति प्रदान कर रहे हैं और बाकि को भी जल्द स्वीकृत कर दिया जायेगा। बैठक में उपस्थित केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री को सांसद कस्वां ने बताया कि अकेले चूरू संसदीय क्षेत्र में लगभग 45000 ढ़ाणियां आज दिन तक बिजली से वंचित हैं। इनका हमने वर्ष 2022 में सर्वे करवाकर प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार के मार्फत केन्द्र सरकार तक पहुंचाया है। वंचित ढ़ाणियों के लिए केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने सकारात्मक रूख दिखाया है और बिजली पहुंचाने के लिए अतिरिक्त 1400 करोड़ रूपए. स्वीकृति की बात कही है। आम आदमी पर भारी भरकम जुर्माना (वीसीआर) का मुद्दा भी सांसद ने इस बैठक में उठाते हुए कहा कि इस तरह की अन्यायपूर्ण कार्यवाही से आम आदमी व किसान भारी पीड़ित है और आर्थिक रूप से उनका शोषण हो रहा है। भारी भरकम जुर्माने (वीसीआर) के इस खेल को रोकते हुए एक तय सीमा में जुर्माने का प्रावधान लागू किया जाए। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने इस विषय को प्रमुखता से लेने का आश्वासन दिया है। सांसद राहुल कस्वां ने बताया कि आरडीएसएस योजना लागू होते ही हमने इस पर काम करना शुरू कर दिया था। योजना के सम्बन्ध में प्रदेश की सबसे पहली मिटिंग कर हमने चूरू संसदीय क्षेत्र की जरूरतों का रोडमैप तैयार किया और प्रस्ताव बनाकर, बजट स्वीकृत करवाकर कार्य शुरू करवाया। चूंकि इस योजना में 33 केवी से ऊपर क्षमता के जीएसएस शामिल नहीं हैं तो हमने ऐसे जीएसएस की क्षमता वृद्धि के लिए जनवरी 2024 में राजस्थान के ऊर्जा मंत्री से मुलाकात की थी। संसदीय क्षेत्र की जरूरतों के हिसाब से हमने 132/220/400 केवी जीएसएस की क्षमता वृद्धि के जो प्रस्ताव दिए उस पर अब तक काफी सकारात्मक कार्यवाही हुई है। संसदीय क्षेत्र में विद्युत तंत्र में सुधार के लिए हम पूर्णतया प्रतिबध्द हैं और आगामी 10 वर्षों की जरूरतों का ख्याल रखते हुए अच्छी प्रकार से आगे बढ़ रहे हैं। हमारा लगातार प्रयास है कि संसदीय क्षेत्र में किसान, आमजन व इण्डस्ट्री को निर्बाध बिजली आपूर्ति हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

श्रीमद् भागवत कथा का छठा दिन

# श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया



**धौलपुर।** श्री अचलेश्वर महादेव मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को कथा व्यास डॉ. सुरेश शास्त्री ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूर जी भगवान को लेने आए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे तो समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गईं और कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हमसे इतना लगाव क्यों किया। लेकिन भगवान कृष्ण जानते थे कि वृंदावन जाना उनकी लीला में नहीं था। तब उन्होंने अपने मित्र उद्धव को वृंदावन भेजा और गोपियों तक अपना संदेश पहुंचाया। रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि रुक्मणी के भाई ने उनका विवाह शिशुपाल के साथ सुनिश्चित किया था, लेकिन रुक्मिणी ने संकल्प लिया था कि वह शिशुपाल को नहीं केवल नंद के लाला अर्थात श्री कृष्ण जी को पति के रूप में वरण करेंगीं। उन्होंने कहा शिशुपाल असत्य मार्गी है और द्वारिकाधीश भगवान श्री कृष्ण सत्य मार्गी है। इसलिए वो असत्य को नहीं सत्य को अपनाएगी। अंत में भगवान श्रीद्वारकाधीश ने रुक्मिणी के सत्य संकल्प को पूर्ण किया और उन्हें भार्या के रूप में वरण करके प्रधान पटरानी का स्थान दिया। रुक्मिणी विवाह प्रसंग पर आगे कथावाचक ने कहा इस प्रसंग को श्रद्धा के साथ श्रवण करने से कन्याओं को अच्छे घर और वर की प्राप्ति होती है और दांपत्य जीवन सुखद रहता है। कथा के दौरान संगीत शर्मा, रिंकू, नितेन्द्र, दरोगा गौड, वीरेश दंडौतिया ने विवाह गीत और भजन गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। श्रीमद्भागवत कथा के प्रारम्भ में महंत मनोजदास महाराज तथा पंडितों ने संयुक्त रूप से श्रीमद्भागवत कथा की पूजा-अर्चना की तथा अंत में कथा पीठ की आरती कर प्रसादी का वितरण किया।

# उप निदेशक पद पर पदोन्नत होने पर जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी कुमार अजय का सम्मान



**चूरू।** सूचना एवं जन सम्पर्क कार्यालय, चूरू में सहायक निदेशक पद पर कार्यरत सूचना एवं जनसम्पर्क सेवा के अधिकारी कुमार अजय के उप निदेशक ( सूचना एवं जनसंपर्क विभाग) पद पर पदोन्नत होने की खुशी में स्वामी गोपालदास संस्थान के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को सूचना केंद्र में मोमेंटो, शॉल व गुलदस्ता देकर स्वागत-सम्मान किया। इस अवसर पर उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल ने कहा कि कुमार अजय के सौम्य व्यवहार और मिलनसार व्यक्तित्व का हर कोई कायल है। संयोजक दलीप सरावग ने बताया कि अजय संवेदनशील इंसान हैं जो हर जरूरतमंद की सहायता को तत्पर रहते हैं। युवा कार्यकर्ता राकेश बेनिवाल ने कहा कि कुमार अजय सामाजिक सरोकारों से जुड़कर हम युवाओं को प्रेरित करते रहे हैं। इनकी पदोन्नति पर पदस्थापन जयपुर होने से हमें चूरू में इनकी कमी खलेगी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक संघ के शिशुपाल बुडानिया ने कहा कि कुमार अजय की छवि एक ईमानदार अफसर और निरपेक्ष तथा स्पष्टवादी व्यक्ति की है। कार्यक्रम में नेमीचंद गोदारा, शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामसिंह सिहाग, मोहन हुड्डा, खेमचंद स्वामी, जसवीर गोदारा, अशोक हुड्डा, महादेव महिया, सुरेन्द्र बुडानिया आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंदों को 100 कम्बल वितरित




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** विश्वकर्मा मंदिर में लायंस क्लब द्वारा लायन रामचन्द्र राजोतिया के आर्थिक सौजन्य से 100 कम्बल जरूरतमंदों को वितरित की। क्लब अध्यक्ष एमजएफ लायन अनुराग शर्मा ने बताया कि लायंस क्लब चूरू के चौथे कम्बल वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चूरू विधायक हरलाल सहारण विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र, सीओ सुनील झाझड़िया, एलआईसी ब्रांच मैनेजर अनिल कासनिया, होलसेल भंडार अध्यक्ष मोहन गढ़वाल, लायन रामचन्द्र राजोतिया, दीनदयाल सैनी, मुकुल सिगतिया, आबिद खान मंचस्थ थे। क्लब अध्यक्ष ने पधारे हुए अतिथियों एवम लाभार्थियों का कार्यक्रम में स्वागत किया एवम बताया कि लायंस क्लब, चूरू की इस कड़कड़ाती सर्दी में ये चौथा कम्बल वितरण कार्यक्रम कर रही है। विधायक हरलाल सहारण ने दानदाता लायन रामचन्द्र राजोतिया को इस पुनीत कार्य के लिए साधुवाद देते हुए, क्लब को ओर अधिक जरूरतमंदों की सेवा करने हेतु प्रेरित किया। लायन रामचंद राजोतिया ने सभी का आभार वक्त किया। संचालन लायन सुनील रंजन टकणेत ने किया। कार्यक्रम में शैलेंद्र माथुर, संजय मित्तल, महेंद्र धानुका, संजीव कुमार वर्मा, ताराचंद प्रजापत, प्रतीक राजोतिया, गौतम आदि उपस्थित थे।

# दादी नेणी बाई का बरसी महोत्सव 20 को



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** सिंधी समाज की दादी नेणी बाई का बरसी महोत्सव 20 जनवरी को मनाया जाएगा कार्यक्रम के आमंत्रण पत्र का विमोचन और घर-घर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ कल हुआ इसमें जानकारी देते हुए श्री सिंधी पंचायत संस्थान के सह महामंत्री चंद्र प्रकाश खत्री ने बताया कि 19 जनवरी को सांय पार्वती भवन में भजन संध्या का कार्यक्रम होगा इसमें जयपुर के सांई मोहनदास गोकुलदास उदासी पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी 20 जनवरी को प्रात: 10 बजे दादी नेणी बाई की भव्य शोभायात्रा का आयोजन होगा। इसमें मुख्य आकर्षण महाकुंभ की थीम पर आधारित सजीव झांकी और सिंधियत की पहचान छेज डांडिया नृत्य समाज के युवाओं नारी शक्ति के द्वारा होगा दोपहर को गोपी सती मंदिर में भजन गंगा कार्यक्रम जयपुर की पार्टी के द्वारा होगा इस मौके पर श्री सिंधी पंचायत संस्थान के मुखी केवलराम चेनानी, नरेश मोरानी, मोहनलाल छतवानी, भरत औचानी, योगेश कलवानी, मनीष भगतानी, हरीश चेनानी उपस्थित थे।

# केंद्रीय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक में छात्रों की सुरक्षा, समग्र विकास के लिए कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चूरू में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने पुष्प गुच्छ से जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा का अभिनंदन किया। प्राचार्य चौहान ने सदस्यों को विद्यालय की शैक्षणिक और सहशैक्षणिक गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। बैठक में कलेक्टर सुराणा द्वारा विद्यालय के पिछले वर्ष के कक्षा 10वीं तथा 12वीं कक्षा में उच्च गुणात्मक परीक्षा परिणाम पर खुशी व्यक्त की गई। इस वर्ष भी और अच्छे गुणात्मक परिणाम हेतु मार्गदर्शन दिया। विद्यालय में सभागार निर्माण,प्रार्थना स्थल (स्टेज) की वृद्धि, 400 मीटर दौड़ पथ निर्माण, छात्र-छात्राओं की सुरक्षा, पठन-पाठन और उनके समग्र विकास के लिए कई बिंदुओं पर सभी सदस्यों ने सहमति प्रदान की। बच्चों के चहुमुखी विकास में कलेक्टर ने प्राचार्य को सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान प्रोफेसर बाबूलाल मेहरा, प्रोफेसर दिनेश कुमार, बागला स्कूल से सलेश कुमार, डॉ इद्रीश, ममता पूनियां, शिक्षक प्रतिनिधि संजय कुमार उपस्थित थे। अंत में प्राचार्य कृष्ण सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया।

# पीईओ क्षेत्र जसवंतपुरा के अधीन समस्त विद्यालयों में भामाशाह विजय काजला द्वारा स्वेटर वितरण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादुलपुर।** राजगढ़ क्षेत्र के पीईओ जसवंतपुरा के अधीन शहीद हरफूल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसवंतपुरा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जनाऊ मिट्ठी व राजकीय प्राथमिक खाती बास में समस्त विद्यार्थियों को भामाशाह विजय काजला द्वारा सर्दियों से बचाव के लिए 250 से अधिक स्वेटर वितरण की गई विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य सुनिता भार्गव ने की। मुख्य अतिथि भामाशाह विजय काजला के पिता मानसिंह काजला, माता दयाकोर थे। वहीं विशिष्ट अतिथि अध्यापक महेंद्र सिंह पूनिया, रोहिताश गोठवाल, महेन्द्र श्योराण थे सभी अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से माल्यार्पण, साफा व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य सुनिता भार्गव ने कार्यक्रम में स्वेटर वितरण करने वाले भामाशाह का आभार जताते हुए कहा कि विद्यार्थी हित सहयोग के लिए आभार जताया। वहीं उप प्रधानाचार्य सीताराम सिंघल ने विद्यालय में पधारें सभी अतिथियों का आभार जताते हुए सहयोग की अपील की भामाशाह मानसिंह काजला ने स्वेटर वितरण के मुहिम के उद्देश्य के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि जरूरतमंद व्यक्तियों की हमेशा मदद करनी चाहिए, समाज में माता पिता अपने बच्चों को संस्कार व अच्छी शिक्षा ग्रहण के लिए प्रयास करना चाहिए। वहीं अध्यापक महेन्द्र सिंह पूनिया ने भामाशाह विजय काजला के लगातार पांच वर्षों से स्वेटर वितरण कार्यक्रम के बारे में अवगत करवाते हुए भामाशाह के समाज हित में किए जाने वाले कार्यों पर प्रकाश डाला। पीईओ विद्यालय के समस्त विद्यालयों में स्वेटर वितरण के प्रेरक अध्यापक सुनिल बैरासर ने लाइब्रेरी नवाचार व शिक्षा हित सकारात्मक कार्यों के प्रसार के बारे में बताया व एक छोटे से आग्रह पर समस्त विद्यालयों में स्वेटर वितरण के लिए भामाशाह का आभार जताया।

# नशामुक्ति विषय पर निकाली जागरूकता रैली



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** लोहिया महाविद्यालय की धूम्रपान एवं तम्बाकू निषेध समिति की ओर से महाविद्यालय परिसर में नियमित व स्वयंपाठी विद्यार्थियों को धूम्रपान एवं नशामुक्ति के विषय में जागरूक रैली निकाली। इस अवसर पर विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलाकर नशे से होने वाले समस्त दुष्प्रभावों के विषय में जागरूक किया गया। इस अवसर पर समिति के नोडल अधिकारी प्रो. बीएल मेहरा ने बताया कि हमें नशामुक्त रहकर नशामुक्त युवा व स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। जो एक विकसित भारत का निर्माण करें। प्राचार्य प्रो. मंजु शर्मा ने बताया कि इस सम्बन्ध में विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे महाविद्यालय में स्थापित नई किरणरू नशामुक्ति केन्द्र पर सम्पर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम में प्रो. सन्तोष बलाई, छात्रावास प्रभारी प्रो. रविन्द्र कुमार, समिति सदस्य प्रो. मूलचन्द आदि ने छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। प्रो. रविन्द्र कुमार ने छात्रावास में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रो. मूलचन्द ने बताया कि स्वयंसेवक आस-पास की आवासीय कॉलोनियों में जाकर लोगों को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करें। समिति सदस्य प्रो. आदित्य शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम पट्टा मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** पीएम स्वामित्व योजनान्तर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से पट्टा मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम तथा लाभार्थियों को संबोधित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण शनिवार को आयोजित किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मंजू बाघमार, माननीय राज्य मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य आतिथ्य में टाउन हॉल नगर परिषद में शनिवार को प्रात: 10 बजे से आयोजित किया जायेगा। प्रात: 10 बजे से पीएम स्वामित्व योजनान्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा दोपहर 12 बजे से माननीय प्रधानमंत्री के पट्टा मय प्रोपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम तथा लाभार्थियों को सम्बोधन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जावेगा।

### रजत जयंती बसंतोत्सव के बांटे निमंत्रण कार्ड



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** ढांढण धाम में अखिल भारतीय बसन्तोस्तव परिवार की ओर से रजत जयंती बसंतोत्सव मनाया जा रहा है। श्रीढांढण शक्ति भक्त मण्डल चूरू के पदाधिकारी ने बताया कि 21 से 26 जनवरी को मैया के धाम में विराट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। रजत जयंती बसंतोत्सव जनवरी माह की 21 तारीख से 26 तारीख तक आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने महोत्सव में आने के लिए गढ चौराहा, सफेद घंटाघर व सुभाष चौक तक व्यापारियों को निमंत्रण कार्ड दिए गए। इस अवसर पर मण्डल के कार्यकर्ताओं हर प्रतिष्ठान पर महोत्सव में आने का निमंत्रण कार्ड दिए गए।

### दिव्यांग बच्चों को शूज वितरित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** मधुर स्पेशल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में पंचायत समिति के पूर्व उपप्रधान व भाजपा नेता प्यारेलाल ढाका की स्मृति पर दिव्यांग बच्चों को शूज वितरित किए। मूक बधीर बच्चों को लच्छू सिंह ढाका ने कहा कि सेवा करने से मन को संतुष्टि मिलती है। हर व्यक्ति को सेवा करनी चाहिए। जिससे व्यक्ति के कष्टों का निवारण होता है। इस अवसर पर करणी सिंह ढाका, राजेश ढाका व सुनील ढाका आदि जूते वितरण कर प्यारेलाल ढाका को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संस्था प्रधान अंजू नेहरा ने आभार व्यक्त किए।

### जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** गाड़ोदिया हवेली में मंगतुराम केशरदेव गाड़ोदिया ट्रस्ट रतननगर की ओर से कंपकंपाती सर्दी को देखते हुए जरूरतमंदों को कंबल वितरित की गई। प्रेरक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट की ओर से गत दो वर्षों से सर्दी के मौसम में मातृ शक्ति के हाथो से कंबल का वितरण करवाया। प्रेरक शर्मा ने कहा कि यह परोपकार का काम है। रेखा श्राफ ने बताया कि मातृभूमि से भामाशाहों का लगाव है। इस अवसर पर सीताराम प्रजापत, सोनू जालाण, सूर्यप्रकाश पुजारी, कमला, मनीषा आदि मौजूद रहे। संचालन राकेश शर्मा ने किया। ट्रस्ट के संचालक पवन गाड़ोडिया, राजेश गाड़ोदिया व प्रदीप गाडोडिया आदि का आभार व्यक्त किया।

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के चौराहों पर ड्यूटी देकर दिया संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चूरू।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा माय भारत नेहरू युवा केंद्र ने यातायात पुलिस चुरु के संयुक्त तत्वाधान मे सडक सुरक्षा सप्ताह के आयोजन के तहत 25 युवा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित कर आम जन को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करने तथा यातायात नियमों के अनुपालन हेतु प्रेरित करने के लिए विभिन्न चौराहों पर ड्यूटी लगवाई। विभाग के उपनिदेशक मंगल जाखड़ ने कि इस अभियान मे युवा स्वयंसेवक ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर शहर के मुख्य चौराहों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड चौराहा, लाल घंटाघर, पंखा सर्किल एवं कलेक्ट्रेट आदि पर अपनी ड्यूटी देकर वाहन चालको को यातायात नियमो के बारें मे जागरूक करेंगे।

### निजी शिक्षण संस्था संघ ने दिया उपखंड अधिकारी को ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** निजी शिक्षण संस्था संघ नोहर द्वारा अपनी विभिन्न मांगो के सम्बंध में उप खंड अधिकारी पंकज गढवाल को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में भौतिक रिपोर्ट के सत्यापन को शीघ्र करवाने, आरटीई लम्बित भुगतान शीघ्र करवाने, इन्दिरा शक्ति एवं मुख्य मंत्री योजना के भुगतान के सम्बंध में ज्ञापन दिया इसके अलावा नवीन मान्यता व भवन परिवर्तन की जटिल प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग भी ज्ञापन में की गई।



# श्री श्याम अरदास कीर्तन संपन्न

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** श्री श्याम प्राचीन मंदिर कावतियों का खर्रा रामगंज बाजार जयपुर में श्री श्याम अरदास कीर्तन किया गया। इस अवसर पर मंदिर में पंकज मिश्रा के पावन सानिध्य हिमांशु मिश्रा द्वारा जोत प्रज्वलित की गई अरदास कीर्तन में भजन गायक आदित्य छिपा कपिल छिपा अभिषेक खंडेलवाल विनोद प्रजापत संजय गुप्ता मुकेश शर्मा एवं अपने भजनों से बाबा श्याम को रिझाया गया इस अवसर पर मंदिर महंत पंकज महाराज द्वारा भक्त जनों को दुपट्टा उठाकर सम्मानित किया गया।

# पक्षियों के इलाज और सेवा के लिए डॉक्टर और वेटरनरी कंपाउंडरों का सम्मान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मकर संक्रांति के दौरान 900 से अधिक पक्षियों का उपचार करने वाले वेटरनरी कंपाउंडरों का राजस्थान जन मंच ट्रस्ट के बैनर तले हुए मालवीय नगर के पक्षी चिकित्सालय में हुए कार्यक्रम में सम्मान किया गया। पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक कमल लोचन ने बताया कि सेवा भावना के साथ पक्षियों के इलाज और उनकी सेवा के लिए पशु चिकित्सक डॉ. मनोज शर्मा वेटरनरी टीम सदस्य राकेश चैधरी, अजय बुनकर और विकास मीणा का अभिनंदन किया और उन्हें सेवा के लिए पुरस्कार राशि और शील्ड प्रदान कर तथा दुपट्टा और साफा पहनकर उनका अभिनंदन किया। इन सभी चिकित्सकों ने पक्षी चिकित्सालय में 900 से अधिक पक्षियों का इलाज किया और उनकी जान बचाई। इस अवसर पर क्षी चिकित्सालय के कार्यकारी अध्यक्ष अभय नाहर, अशोक पोखरना, रवि खत्री, रितु लोचन, डोली शर्मा, लक्ष्मण सेन, चेतन जैन, नरेंद्र शर्मा, सतीश बाकलीवाल, अशोक जैन, अमरचंद जैन, अनिल गुर्जर एवं अनेकों एनिमल वेलफेयर एक्टिविस्ट उपस्थित रहे।

# वित्त समिति की बैठक सम्पन्न



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** नगर निगम मुख्यालय में शुक्रवार को वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में दो प्रस्ताव पारित किये गये।

वित्त समिति सदस्य पार्षद अक्षत खूटेंटा, लक्ष्मण नूनीवाल, सुमन गुप्ता राजवंशी, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, वित्तीय सलाहकार एवं वित्त समिति के सदस्य सचिव सुनील सोनी, उपायुक्त (स्वास्थ्य) ओम प्रकाश थानवी मौजूद रहे। वित्त समिति अध्यक्ष शील धाभाई ने बताया कि बैठक में दो एजेण्डे रखे गये जिन्हें चर्चापरांत वित्त समिति द्वारा पारित किया गया। सांगानेर जोन के 19 वार्डो के लिये घर-घर कचरा संग्रहण एवं परिवहन कार्य हेतु अतिरिक्त दस हूपर की स्वीकृति दी गई। पूर्व में 47 हूपर संचालित थे जो अब बढ़कर 57 हो जायेगे। इससे सफाई व्यवस्था सुदृढ़ हो सकेगी। वित्त समिति अध्यक्ष ने खराब पड़ी लाइटों को भी शीघ्र ठीक करने के भी निर्देश दिये।

जागरूक टाइम्स

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए

+91-9819170710

+91-9587022840

+91-8696111716

प्रति के लिए

9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

# ईकोलोजिकल जोन आगरा रोड़ ग्राम बगराना में जेडीए स्वामित्व की 100 करोड़ की करीब 20 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त

## ग्राम बडी मुहाना तहसील सांगानेर में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें को करवाया कब्जा-अतिक्रमण मुक्त

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-10 में ईकोलोजिकल जोन आगरा रोड़ ग्राम बगराना में जेडीए स्वामित्व की 100 करोड़ रूपये की करीब 20 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया एवं जोन-11 ग्राम बडी मुहाना तहसील सांगानेर में गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया। कैलाश चन्द्र बिशनोई महानिरीक्षक पुलिस ने बताया कि प्रवर्तन शाखा द्वारा जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित आगरा रोड़, ग्राम बगराना, जिला जयपुर में खसरा नं. 280 जेडीए स्वामित्व की करीब 20 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि पर भूमाफियां एवं स्थानीय काष्तकारों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर बने कच्चे-पक्के अवैध मकान, 11 दुकानें, बाउण्ड्रीवाल, मिट्टी की डोल बनाकर, तारबंदी कर अवैध रूप से कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर सामूहिक अभियान का आयोजन कर आज उपायुक्त जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेषकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त सरकारी



भूमि की अनुमानित कीमत करीब 100 करोड़ रूपये है। जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बडी मुहाना तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में रिंग रोड़ से ग्राम बडी को जाने वाली रोड़ पर खसरा नं. 2680 व 2684 गैर मुमकिन सरकारी आम रास्तें पर अवैध कब्जा-अतिक्रमण कर मिट्टी की डोल, बाउण्ड्रीवाल बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगों आमजन को रास्ते को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी षिकायत प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर गैर मुमकिन आम रास्तें को अतिक्रणमण मुक्त कराया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 11 तथा पुलिस आयुक्तालय जयपुर शहर से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानीय पुलिस थाना कानोता का जाप्ता एवं प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई। प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 817 बीघा व वर्ष 2025 में 195 बीघा आज तक कुल 1012 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है एवं 12 गैर मुमकिन आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

### नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

# 4 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 1 केन्टर सामान जब्त

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अयप्पा मन्दिर महावीर नगर, टीपीएस चौराहे से बियानी कॉलेज मालरोड़ विद्याधर नगर तक एवं मल्होत्रा नगर विद्याधर नगर से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 4 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 01 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में अयप्पा मन्दिर महावीर नगर, टीपीएस चौराहे से बियानी कॉलेज मालरोड़ विद्याधर नगर तक एवं मल्होत्रा नगर विद्याधर नगर से



अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 01 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 4 हजार रूपये का केरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाईश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# अटल विहार, गोविन्द विहार एवं पटेल नगर आवासीय योजनाओं में बंपर आवेदन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा अटल विहार, गोविन्द विहार और पटेल नगर आवासीय योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं में आमजन की भारी रुचि देखने को मिली है, जिसके परिणामस्वरूप शुक्रवार तक 67 हजार से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अटल विहार (रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2023/2361) और गोविन्द विहार (रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2023/2587) आवासीय योजनाओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 07 फरवरी, 2025 निर्धारित की गई है। वहीं, पटेल नगर आवासीय योजना (खोरी रोपाडा) (रेरा रजिस्ट्रेशन नं. RAJ/P/2023/2588) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 13 फरवरी, 2025 है। जयपुर विकास आयुक्त आनंदी ने बताया कि अटल विहार आवासीय योजना, जोन-12 में कालवाड़ रोड पर चक पीथावास उर्फ नारी का बास में स्थित है, में विभिन्न आकारों के भूखंड उपलब्ध हैं।

## 67 हजार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त

- *45 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 43*
- *46-75 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 99*
- *76-120 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 11*
- *121-220 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 96*
- *220 वर्ग मीटर से अधिक भूखंडों की संख्या : 35*

इस योजना की आरक्षित दर 14,000 है। वहीं, गोविन्द विहार आवासीय योजना, जोन-10 में गोविन्दपुरा-रोपाडा, हैरिटेज सिटी (दक्षिणी रिंग रोड एवं खातीपुरा रेलवे स्टेशन के समीप) में विभिन्न आकारों के भूखंड उपलब्ध हैं।

- *45 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 34*
- *46-75 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 55*
- *121-220 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 48*
- *220 वर्ग मीटर से अधिक भूखंडों की संख्या : 65*

इस योजना की आरक्षित दर 18,000 है। पटेल नगर आवासीय योजना, जोन-10 में खोरी-रोपाडा, हैरिटेज सिटी (दक्षिणी रिंग रोड एवं खातीपुरा रेलवे स्टेशन के समीप) में विभिन्न आकारों के भूखंड उपलब्ध हैं।

- **76-120 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 138**
- **121-220 वर्ग मीटर तक के भूखंडों की संख्या : 132**

इस योजना की आरक्षित दर भी 18,000 है। उक्त योजनाओं में आवेदन करने से संबंधित विस्तृत जानकारी और प्रक्रिया के लिए जविप्रा की वेबसाइट www.jda.rajasthan.gov.in विजिट करें या ई-मित्र कियोस्क केंद्रों पर संपर्क करें।



# विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ की अध्यक्ष चुने जाने पर निर्मला रावत का सम्मान

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ के जयपुर की निर्मला रावत को अध्यक्ष चुने जाने पर रावत के सम्मान में समारोह शुक्रवार को गोपालपुरा,बाईपास,कमल रतन टॉवर स्थित होप्स इन टेटर्स में आयोजित हुआ। इस मौके पर भारत के विभिन्न राज्यों भारतीय पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट, राजस्थान पैरा थ्रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमावत, पीटीएफआई के चयन समिति के चैयरमैन सुबेंद्र कोठारी, हरियाणा अवॉर्डी ज्ञानेंद्र सिंह भीम,रणजीत गुर्जर फाउंडेषन के सीईओ रणजीत गुर्जर, गुर्जर पैरा डार्ट्स एसोसिएशन राजस्थान के रुकम गुर्जर, पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महेंद्र सिंह, पैरा थ्रो बॉल एसोसिएशन राजस्थान के चेयरमैन अनिल माहिया, दिव्यांग अधिकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत भाई गोयल, अंतरराष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी विजय राज चैधरी, जगदेव डूडी, कमला रैगर, किका कुमारी, सपना राजलदेसर, राष्ट्रीय पैरा थ्रो बॉल खिलाड़ी सुमन गुर्जर, कोमल गुर्जर, आदि ने निर्मला रावत का पुप्प गुच्छ भेंट कर स्वागत व अभिनंदन किया। अध्यख चुने जाने के बाद निर्मला रावत ने कहा कि आज महासंघ के माध्यम से विश्व के 22 देषों में यह गेम्स खेले जा रहे है,हमारी मंषा है कि आने वाले दिनों में हमारे देश के खिलाड़ी 50 देषों में जाकर गेम खेले और देश का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर उन्होंने महासंघ के प्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि सभी के सहयोग से वे महासंघ को ओर आगे ले जाएगी। समारोह के लक्ष्मण रावत, सुरेश रावत, रमेश तुंगावाला, रावत सेवा समिति के अध्यक्ष मदन रावत, प्रसिद्ध जवाहरात व्यवसायी राजू मंगौड़ीवाला, समाजसेवी विमल सुराणा,वैष्य समाज से सुमन राठी,वरिष्ठ समाजसेवी अषोक जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे। समारोह में सभी खिलाड़ियों का विश्व पैरा थ्रोबॉल महासंघ के जयपुर की निर्मला रावत, भारतीय पैरा थ्रोबॉल महासंघ के अध्यक्ष डॉ. अल्बर्ट सहित अन्य जनों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

# एनएसएस एवं निर्भया स्कॉड द्वारा आत्मरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में एनएसएस एवं निर्भया स्कॉड द्वारा सेल्फ डिफेंस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16 जनवरी, 2025 को किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सब इंस्पेक्टर इंद्रा अहलावत और आईआईएस यूनिवर्सिटी की डॉ. रुचि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल और डॉ.स्वीटी माथुर ने मुख्य अतिथियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने सभी को संबोधित करते हुए की, जिसमें उन्होंने बताया कि महाविद्यालय और निर्भया स्कॉड के बीच का संबंध कई वर्षों पुराना है। समय-समय पर निर्भया स्कॉड टीम महाविद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा की प्रशिक्षण देती रही है। मुख्य अतिथि इंद्रा अहलावत जी ने अपनी निर्भया स्कॉड टीम के साथ छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न उपायों और जीवन रक्षा के टिप्स दिए। साथ ही, उन्होंने सभी छात्राओं को राजकोप सिटिजन एप के बारे में भी जानकारी दी, जिससे आपातकालीन स्थिति में मदद ली जा सके। कार्यक्रम का सफल आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आंचल पुरी और विजयलक्ष्मी द्वारा किया गया।

# प्लास्टिक की बोतल के कैप से बनी दस बैंच निगम मुख्यालय सहित जोन कार्यालयों में होगी स्थापित

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय पर शुक्रवार को बिसलेरी इन्टरनेशनल प्रा.लि.के CSR Initiative बैंच ऑफ ड्रीम्स कार्यक्रम के तहत 10 बैंच नगर निगम ग्रेटर को भेंट की गई।

इस अवसर पर आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बिसलेरी इन्टरनेशनल के CSR के हैड बायजू कुरियन एवं प्रोजेक्ट कोडिनेटर विनी भारद्वाज सहित उपायुक्त उद्यान श्रीमती नेहा मिश्रा सहित अधिकारी मौजूद रहे। Bottles for Change के (बैंच ऑफ ड्रीम्स) कार्यक्रम के तहत एडंवास टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुये एक बैंच लगभग 60 किलो रिसाइकिल प्लास्टिक बोतल के ढक्कनों का उपयोग करके तैयार की गई है जिसमें कचरे को टिकाउ



फर्नीचर में बदलने के लिये उन्नत तकनीक का उपयोग किया गया है सबसे खास बात यह है कि इन बैंचों पर पेन्टिंग बनाई गई है यह पेन्टिंग (MFPA) माउथ एंड फुट पेन्टिंग आर्टिस्ट एसोसिएशन के दिव्यांग प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा मुंह एवं पैर का उपयोग करते हुये बनाई गई है। आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने बताया कि इन बैंचों को जोन कार्यालयों, मुख्यालय पर स्थापित किया जायेगा इससे पर्यावरण सरंक्षण एवं सैस्टेनेबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा।

# खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन जारी कर किए जाएंगे वितरित

**जयपुर।** पीएचसी झापडकलां (कोटखावदा) में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर द्वितीय की टीम द्वारा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर के दौरान आयोजित होने वाले इस शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनाकर वितरित करने के साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों की जानकारी प्रदान की जाएगी।

# 'स्वच्छता हल्ला बोल' अभियान में सांगानेर जोन में आयोजित किया गया जागरूकता अभियान



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर ।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर के आयुक्त रूकमणि रियाड के निर्देश पर शुक्रवार को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के अंतर्गत 'स्वच्छता हल्ला बोल' कार्यक्रम का आयोजन सांगानेर जोन के सभी 18 वार्डों में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता सर्वेक्षण में जनभागीदारी बढ़ाना और नागरिकों को कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूक करवाया गया। इस अवसर पर उपायुक्त सांगानेर जोन डॉ. रवि कुमार गोयल, फिनिलूप से योगेश शर्मा मौजूद रहे। स्वच्छता हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत नगर निगम ग्रेटर टीम एवं फिनिलूप टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों को गीले और सूखे कचरे के अलग-अलग संग्रहण के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही, होम कंपोस्टिंग और घर में चार बिन रखने के लाभों के बारे में भी बताया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम में नागरिकों की भागीदारी को बढ़ावा देना और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना है।

**कार्यालय नगर निगम जयपुर हैरिटेज**

हवामहल के पास, बडीचौपड़, जयपुर, राजस्थान-302002

कार्यालय :- एफ-6 ( )राजस्व प्रथम शाखा/ला.शाखा/जननी/हैरिटेज/2024/543 दिनांक: 17.01.2025

**ई-ऑक्शन (पार्किंग) विज्ञप्ति सं. 17/2024-25**

नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा सावर्जनिक पार्किंग स्थल पर पेड पार्किंग के लिए पार्किंग साईट का ई-ऑक्शन निम्नानुसार किया जाना हैः-

| क्र.स | | पार्किंग स्थल का नाम | न्यूनतम बोली राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | | 1. पॉच बत्ती चौराहा नाले के पीछे | 17,99,000/- +GST |
| 2. | ई-नीलामी भागीदारी शुल्क | 5,000/- रूपयें+GST अप्रतिदेय (NON REFUNDABLE) | |
| 3. | ई-नीलामी अमानता राशि | 10 प्रतिशत न्यूनतम नीलामी बोली/प्रारम्भिक नीलामी बोली राशि का | |
| 4. | ई-नीलामी भागीदारी शुल्क जमा कराने की दिनांक व समय | 15.01.2025 से 27.01.2025 सायं 04:00 बजे तक | |
| 5. | ई-नीलामी अमानता राशि जमा कराने की दिनांक व समय | 15.01.2025 से 27.01.2025 सायं 06:00 बजे तक | |
| 6. | ई-नीलामी बोली प्रारम्भ करने एवं समाप्ति की दिनांक | 28.01.2025 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 04:00 बजे तक (अंतिम 05 मिनट में बोली लगने की स्थिति में 15 मिनट की वृद्वि की जावेगी। | |

इच्छुक बोली दाता ई-नीलामी में भाग लेने हेतु ऑनलाईन पंजीयन शुल्क रूपयें 1000/-रूपयें+GST जमा करवाकर पंजीयन करवा सकते हैं।

1. ई-नीलामी की शर्तो व पार्किंग स्थलों के नक्शों का अवलोकन ऑनलाईन या किसी भी कार्यदिवस में अद्योहस्ताक्षरर्ता के कार्यालय में कमरा नं- 274 में किया जा सकता हैं।
2. ई-ऑक्शन कार्यक्रम, शर्ते, अमानता राशि, भागीदारी राशि तथा ई-नीलामी बिजनेस रूल्स आदि की जानकारी हेतु नीलामी वेब साईट **Jaipurmcheritage.org** में (E-Auction) पर देखी जा सकती हैं।
3. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या अथवा जानकारी हेतु श्री प्रेम प्रकाश झिंगिनिया (एनालिस्ट-कम-प्रोगामर), दूरभाष नं. 9887764012 एवं श्री विशाल चांवरिया (कनिष्ठ सहायक), दूरभाष नं. 7610836024 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

राज.संवाद/सी/24/10502

उपायुक्त राजस्व (प्रथम)

नोबल शिक्षण समूह में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# बोर्ड परिक्षाओं के होनहार छात्रों को 13 बाइक, स्कूटी व 45 साईकिल देकर किया सम्मान




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**बुहाना।** नोबल शिक्षण समूह के संस्थापक स्व. एसएस नेहरा की तृतीय पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में नोबल स्कूल देवलावास के खेल मैदान में आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह-2025' का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस समारोह का उद्देश्य समाज में शिक्षा, सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में दूर-दूर से अतिथियों, ग्रामीणों और शिक्षाविदों ने भाग लिया। स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों में देशभक्ति, समाजसेवा और शिक्षा का संदेश प्रमुखता से दिखा। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. राजरूफ फूलिया थे। उन्होंने शिक्षा और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्व. एसएस नेहरा की दूरदर्शिता और योगदान को याद किया। मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व उप थल सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जेपी नेहरा ने युवाओं को प्रेरणा दी और उन्हें भविष्य के लिए नई दिशा में आगे बढ़ने का संदेश दिया। बोर्ड परीक्षाओं में 95 से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 13 छात्रों को मोटरसाइकिल और स्कूटी प्रदान की गई। वहीं 90 से अधिक अंक लाने वाले 45 छात्रों को साइकिल प्रदान की गई। योगाचार्य ढाकाराम ने युवाओं को योग के महत्व के बारे में बताया। समारोह में शिक्षा, समाजसेवा और अन्य क्षेत्रों के कई प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया। प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप नेहरा ने कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों, और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे शिक्षा और समाजसेवा का एक आदर्श मंच बताया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों, किसानों, और ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा और सेवा समाज के उत्थान के लिए सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं।

**किसानों और विद्यार्थियों का सम्मान :** नवीन चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं और किसानों का विशेष सम्मान किया गया। किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और योजनाओं की जानकारी देकर प्रेरित किया गया। इसके अलावा छात्रों को अनेक पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिससे उनकी मेहनत और उपलब्धियों को सराहा गया। कार्यक्रम में सिंघानिया यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार, पूर्व जिला कृषि अधिकारी ओमप्रकाश बलवदा, श्री बालाजी विशाल धाम के पीठाधीश्वर राजेश महाराज, आईपीएस कोशिंदर यादव, आरएएस सुशीला यादव, आरजेएस पूजासिंह, एसीबी के एएसपसी इस्माइल खान मौजूद रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में नोबल शिक्षण समूह के सभी सदस्यों ने कड़ी मेहनत की। कार्यक्रम में समूह की चेयरपर्सन संतोष नेहरा, प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप नेहरा, अकादमिक निदेशक सुमन नेहरा, एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर शिवम नेहरा, सलाहकार यादराम नरवाल आदि मौजूद रहे।

मकराना में पटवारी आंदोलन का पांचवा दिन

# गिरदावरी एप में संशोधन समेत कई मांगें शामिल



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** राजस्थान पटवार संघ के नेतृत्व में मकराना के पटवारियों का धरना-प्रदर्शन शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। पटवारियों ने कार्य बहिष्कार कर पूरा दिन तहसील कार्यालय में धरना स्थल पर बिताया, जिससे राजस्व से जुड़े कार्य प्रभावित हुए।

पटवार संघ के जिला संगठन मंत्री अरुण कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही है। पटवारियों की प्रमुख मांगों में गिरदावरी एप्प में संशोधन शामिल है। इसके अलावा, 1035 नए पटवार मंडल और भू अभिलेख निरीक्षक वृत्त की घोषणा के बाद भी वित्तीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है। वरिष्ठ पटवारी पद की रिव्यू डीपीसी और 752 नवसृजित भू अभिलेख निरीक्षक पदों का मामला भी एक साल से लंबित है।

पटवारी कार्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की कमी भी एक बड़ी समस्या है। फर्नीचर, डेस्क बोर्ड, प्रिंटर, लैपटॉप टेबल जैसी घोषित सुविधाओं की आपूर्ति अभी तक नहीं की गई है। धरने में उपशाखा उपाध्यक्ष तिलोकराम रेवाड़, महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी, रामवतार जांगिड़, ममता सहित कई पटवारी शामिल रहे। पटवारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

# आशा सहयोगिनीयों ने अतिरिक्त जिला कलक्टर को दिया मांग पत्र



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले में अखिल राजस्थान आशा सहयोगिनी संगठन ने अपनी लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर एक मांग पत्र अतिरिक्त जिला कलक्टर को सौंपा। संगठन की जिलाध्यक्ष अनीता कुमारी चौधरी के नेतृत्व में यह पत्र सौंपा गया। इसमें राजस्थान में कार्यरत सभी आशा सहयोगिनियों के लिए बेहतर वेतन, सुविधाएं और कार्यक्षेत्र से संबंधित सुधारों की मांग की गई। आशा सहयोगिनियों ने नियमित मासिक वेतन 18,000 तय करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने मानदेय की जगह फिक्स वेतन लागू करने की अपील की है, जिससे उन्हें वित्तीय स्थिरता मिल सके। आशा सहयोगिनियों ने एनएनएम भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग की है, ताकि उन्हें कार्यक्षेत्र में उन्नति का अवसर मिल सके। इसके अलावा, उन्होंने पदनाम बदलकर 'चिकित्सा स्वास्थ्यकर्मी' करने का सुझाव दिया है, ताकि केवल चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कार्य उन्हें सौंपे जाएं। संगठन ने राज्य कर्मचारियों जैसी सुविधाएं और पेंशन की मांग की है, जिसमें सेवा निवृत्ति पर 10 लाख सहायता राशि और 5,000 मासिक पेंशन शामिल है साथ ही, उन्हें एनएमएम प्रशिक्षण देने के लिए विशेष प्रावधान की आवश्यकता जताई गई है। संगठन ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशाओं के लिए आवश्यक सुविधाओं जैसे टेबल, कुर्सी और अलमारी की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी उपस्थिति केवल उनके हस्ताक्षर से प्रमाणित हो, जिसमें एनएनएम का हस्तक्षेप न हो।

# राजगढ़ की नातिन जैन साध्वी संगीतश्री का आगमन



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ के पृथ्वीराज मुसरफ परिवार से संबंधित एक और साध्वी बेटी का शुक्रवार को यहां आगमन हुआ है। उक्त साध्वी संगीतश्री आचार्यश्री महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्या एवं मुसरफ परिवार की मुसरफ परिवार पड़ दोहिती है। 50 वर्ष पूर्व तेरापंथ धर्म संघ में दीक्षित हुई साध्वी संगीतश्री अपनी सहयोगी साध्वी शांति प्रभा, साध्वी कमल विभा, साध्वी मुदिताश्री तथा साध्वी कर्तव्य यशा करीब 30 वर्षों के बाद यहां पधारी हैं। पदयात्रा करते हुए दिल्ली से भिवानी होते हुए पंच महाव्रत पालक यह पांच साध्वियां राजगढ़ पहुंची। नगर सीमा पर अभिषेक सरावगी, सुशील भगत जी, विजय सिन्दोलिया, पीयूष सुराणा, प्रमोद सरावगी आदि ने अगवानी की और रास्ते की सेवा की। कड़ाके की ठंड तथा शीत लहर के बावजूद साध्वियों ने पदयात्रा जारी रखते हुए राजगढ़ की जसकरण सुराणा हवेली में प्रवेश किया। यहां प्रवास कर रही साध्वी संगीतश्री की संसार पक्षीय मौसी साध्वी डॉक्टर शुभ प्रभा तथा भगिनी तारानगर की साध्वी कांति यशा ने आत्मिक स्वागत किया। उनके साथ साध्वी मंदार यशा सा और साध्वी अन्यन प्रभा भी रही। ठिकाने सुराणा हवेली में सादे संक्षिप्त समारोह में साध्वी डॉ. शुभ प्रभा आदि ने गीतिका के माध्यम से आगत साध्वियों का स्वागत किया तो साध्वी संगीत प्रभा के साथ यहां पहुंची साध्वियों ने भी गीतिका के माध्यम से आभार जताते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल की अध्यक्ष रेखा मुसरफ़, कोषाध्यक्ष संजू सुराणा, पूर्व अध्यक्ष सरोज जैन सहित किरण अंजू मुसरफ, नथमल हीरावत आदि उपस्थित थे।

# संतान के दीर्घायु के लिए नव विवाहिताओं ने रखा संकष्टी श्री गणेश चतुर्थी व्रत

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में माघ माह के कृष्ण पक्ष में आने वाली सकट चतुर्थी व्रत बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया हरियाणा निकटवर्ती गांव भाकरां में नवविवाहित सास, बहू ने अपनी संतान की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए सकट चतुर्थी निर्जला व्रत रखा। व्रत रखने वाली महिलाओं ने भगवान श्री गणेश की विधि विधान से पूजा अर्चना कर सकट चौथ माता की



कहानी सुनकर अपनी संतान की लंबी उम्र की कामना कर देश में अमन-चैन सुख शांति की कामना की। सकट चतुर्थी व्रत के बारे में निर्जला व्रत रखने वाली महिलाओं ने बताया कि माघ माह में कृष्ण पक्ष मे आने वाली चतुर्थी का खास महत्व माना गया है। इस तिथि को संकट चौथ माघी चतुर्थी संकष्टी चतुर्थी तिलकुटा तिल चौथ के नाम से भी जाना जाता है एवं रात्रि में चांद को अर्घ्य देकर व्रत खोला जाता है एवं तत्पश्चात भोजन किया जाता है।

# झुंझुनूं एकेडमी के तीन शूटरों ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में टॉप-10 रैंक प्राप्त कर रचा कीर्तिमान

## शूटर सतीश कुमार, तन्मय चौधरी ने इंटरनेशनल शूटिंग ट्रायल के लिए तथा अनीश कुमार ने किया नेशनल के लिए क्वालीफाई



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के विद्यार्थी बेहतरीन बोर्ड परीक्षा परिणामों के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी शानदार प्रदर्शन कर नेशनल एवं इंटरनेशनल लेवल पर मेडल जीत रहे हैं तथा खेलों के हर वर्ग में अनेक चैंपियनशिप जीत कर जिले, स्कूल व माता-पिता का नाम रोशन कर रहे हैं। शुक्रवार को इसी कड़ी में जीवेम् शूटिंग एकेडमी के शूटरों ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाते हुए इंटरनेशनल शूटिंग ट्रायल के लिए क्वालीफाइ किया है जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। जानकारी देते हुए शूटिंग कोच सुशील कुमार दूलड़ ने बताया कि डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज तुगलकाबाद दिल्ली में चल रही 67वीं नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में झुंझुनूं एकेडमी के शूटर सतीश कुमार व तन्मय चौधरी ने टॉप-10 रैंक प्राप्त कर शानदार अंकों के साथ इंटरनेशनल शूटिंग ट्रायल तथा अनीश कुमार ने भी इसी रैंक के साथ नेशनल के लिए क्वालिफाइ कर कीर्तिमान रचा है। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने तीनों शूटरों को बधाई देते हुए कहा कि नेशनल चैंपियनशिप में टॉप-10 रैंक पाना वास्तव में बहुत बड़ी उपलब्धि है और इंटरनेशनल शूटिंग ट्रायल के लिए क्वालिफाइ कर इन शूटरों ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि ये तीनों शूटर झुंझुनूं एकेडमी में अपनी पढ़ाई के साथ-साथ जीवेम शूटिंग एकेडमी में निरंतर अपने कोच के मार्गदर्शन में अभ्यास कर रहे हैं। उनकी कड़ी मेहनत, एकाग्रचित्तता व लगन तथा झुंझुनूं एकेडमी द्वारा प्रदत्त खेल संसाधनों से ही ऐसा संभव हो पाया है।

# जीडी शाह स्मृति प्रेरणा दिवस कार्यक्रम आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**झुंझुनूं।** जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज के सह संस्थापक जीडी शाह स्मृति प्रेरणा दिवस कार्यक्रम कॉलेज कैंपस में हुआ। इस अवसर पर कॉलेज चेयरमैन एमसी शाह, प्रबंधन सदस्य डॉ. आरसी शाह, पीके शाह, राकेश शाह, शशांक शाह, कॉलेज सलाहकार अनुराग संगल, सचिव राजकुमार मोरवाल, प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा रहे। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्राओं ने शहर की समसामयिक समस्याओ में चिंतन कर अपने विचार रखे। कुल 13 टीमों ने भाग लिया जिसमें उन्होंने झुंझुनूं शहर की समस्याओं को स्लाइड शो, नाटक के माध्यम से दिखाया। इसमें प्रथम स्थान पर 7500 रूपए, द्वितीय स्थान पर 5100 रूपए एवं तृतीय स्थान पर 2100 रूपए से पुरस्कृत किया। कॉलेज चेयरमैन एमसी शाह ने छात्राओं के उत्साहवर्धन के लिए उनके नवाचारों व विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में अनुराग संगल, मुकेश कृष्णियां व डॉ. प्रतिभा शामिल थे। इससे पहले कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्राचार्या डॉ. योगिता शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम की रूपरेखा कॉलेज के सलाहकार अनुराग संगल द्वारा दी गई। कार्यक्रम में जीडी शाह के जन्मदिन पर एडवोकेट सतीश कुलहरि, एसोसिएट प्रोफेसर पूनम शर्मा, हरिश तुलस्यान, डॉ. शशि मोरोलिया, एसकेडी एज्यूकेटर डायरेक्टर एवं जेबीएससी टीम के सदस्य कमलेश लालपुरिया ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में कॉलेज सचिव राजकुमार मोरवाल ने सभी आगंतुकों का स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया।

**कॉलेज चेयरमैन शाह का किया अभिनंदन :** कॉलेज कैंपस में स्व. जीडी शाह की स्मृति में आयोजित प्रेरणा दिवस के मौके पर कॉलेज के चेयरमैन महेश शाह भी पहुंचे। जिनका शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्यों ने डॉ. रमेश शाह, पवन शाह, राकेश शाह एवं शशांक शाह की उपस्थिति में स्वागत अभिनंदन किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से जीवेम एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन शिक्षाविद् डॉ. दिलीप मोदी, वस्त्र व्यापार संघ के पवन गाडिया, श्रीश्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया, श्री गोपाल गौशाला के मंत्री नेमी अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अजीत राणासरिया एवं हरिश तुलस्यान प्रमुख थे। जिन्होंने शाह का साफा, शॉल एवं दुपट्टा ओढाकर माल्यार्पण के साथ अयोध्या श्री राम मंदिर का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने अपने उद्बोधन में जेबी शाह गर्ल्स कॉलेज के माध्यम से नारी शिक्षा में अभूतपूर्व योगदान एवं सामाजिक सरोकारों में प्रमुख भूमिका के लिए शाह परिवार का आभार धन्यवाद प्रकट किया।

# राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में छात्र-छात्राओं को स्वेटर व कोट वितरण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ शहर में राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में स्वेटर कोट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भामाशाह रमेश कुमार बियानी प्रवासी कोलकाता ने अपनी माताजी स्व श्रीमती सीता देवी बियानी की पुण्य स्मृति में मंगतू राम मोहता की प्रेरणा से जरूरतमंद बच्चों को 80 स्वेटर तथा सहायक कार्मिकों को 7 कोट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़ नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष मंगतू राम मोहता, प्रधानाचार्य सुरेंद सिंह पूनिया, करतार सिंह सांगवान, मोहम्मद मुराद, रामस्वरूप इंदौरिया, उप प्राचार्य ब्रह्मानंद, विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य उर्मिला पूनिया ने भामाशाह रमेश कुमार एवं प्रेरक राजगढ़ नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष मंगतूराम मोहता का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा आए हुए मेहमानों का स्वागत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### तारानगर में उप जिला अस्पताल में कल निःशुल्क आंखों का कैम्प लगाया जाएगा

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तारानगर में पद्म श्री विभुषित स्व. पं. मोतीलाल सांखोलिया संगीताचार्य व उनकी धर्मपत्नी चंद्रमुखी की पुण्यस्मृति में उनके सुपुत्र भामाशाह सुशील शर्मा हाल निवासी गांधीधाम के आर्थिक सौजन्य से लॉयन्स क्लब तारानगर के बैनर तले राजकीय उप जिला अस्पताल में 19 जनवरी रविवार को निःशुल्क मोतियाबिन्द जांच एवं नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया जायेगा। सांखोलिया परिवार के धार्मिक कथा अनुष्ठान एवं ज्योतिष मर्मज्ञ पण्डित जीतेन्द्र कृष्ण शर्मा ने उमाशंकर शर्मा को बताया कि उप जिला अस्पताल के प्रभारी डॉ. मोतीलाल सोनी के नेतृत्व में उनकी लॉयन्स क्लब तारानगर की टीम द्वारा माह के तीसरे रविवार को उक्त कैम्प का आयोजन किया जाता है जो इस बार 19 जनवरी को आयोजित होगा जिसमें शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर से आंख रोग चिकित्सको की टीम तारानगर उप जिला अस्पताल परिसर में आयेगी और उक्त कैम्प में रोगीयों की जांच करेगी। मोतियाबिन्द व नेत्र लैंस प्रत्यारोपण से सम्बन्धित रोगियों का जयपुर में विद्याधर नगर स्थित शंकरा आई हॉस्पिटल में उनका उपचार निःशुल्क किया जायेगा । तारानगर से जयपुर आने जाने का रहने का व खाने का इन्तजाम भी लॉयन्स क्लब व भामाशाह द्वारा किया जायेगा।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला अजीत कुमार हिंगर के निर्देशक में अध्यक्ष, तालुका विधिक सेवा समिति (अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश अरविंद कुमार जांगिड़, सांभर लेक के निर्देशानुसार स्थानीय उप जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष परामर्श एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राज चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में डॉ. अरुण सिंह भाटी व डॉ. अंकित गुप्ता की देखरेख में शिविर आयोजित किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक के लीगल एड असिस्टेंट चान्दमल सांभरिया ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में लगभग 170 वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की गई। परामर्श एवं जांच शिविर में ब्लडप्रेशर, शुगर, घुटनों में दर्द, घुटनों में सुजन, डायबटीज, ह्रदय से संबंधित बीमारी, वरिष्ठ नागरिकों की सामान्य एवं गम्भीर बीमारियों के बारे मे परामर्श एवं जांच की गई।

### विद्यालय में साईकिल वितरण



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** कस्बे के जोबनेर रोड स्थित पी एम श्री सेठ सूरजमल अग्रवाल राजकीय उच्च विद्यालय में साईकिल वितरण कार्यक्रम कार्यालय अधिकारी अशोक पारीक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शाला स्टाफ द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया गया। तत्पश्चात कक्षा 9 की 22 बालिकाओं को मुख्यमंत्री निःशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यालय अधिकारी अशोक पारीक ने कहा कि साईकिल प्राप्त कर बालिकाओं के चेहरे खिल उठे। योजना प्रभारी महेश कुमार प्रधान ने बताया कि उच्च कक्षाओं में बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखने के लिए यह योजना संजीवनी बूटी के साबित होगी। इस मौके पर उपप्रधानाचार्य सांवरमल जाट , प्रभारी महेश कुमार प्रधान, व्याख्याता रूपनारायण रैगर, विनोद वर्मा, वरिष्ठ अध्यापक विष्णु पंचोली, रामस्वरूप जाट, वर्षा कनोजिया, शिक्षक नवीन सोनी, सीता कुमारी माली, जयश्री, पवन कुमार सैनी, पुष्पेंद्र सैनी सहित स्कूली छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

### निःशुल्क ह्रदय रोग जांच शिविर का आयोजन

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** लायंस क्लब कुचामन सिटी और लायंस चेरेटिबल ट्रस्ट कुचामन सिटी के संयुक्त तत्वावधान में सीतादेवी सत्यनारायण काबरा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से निशुल्क ह्रदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर रविवार 19 जनवरी 2025 को रामजीवन काबरा रोग निदान केंद्र पर आयोजित होगा। इस शिविर में ह्रदय रोग विशेषज्ञ लायन डॉक्टर सुनील जैन अपनी सेवाएं देंगे शिविर के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सुबह 9:00 बजे से शुरू होगी। ह्रदय रोग से पीड़ित मरीजों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां वे विशेषज्ञ डॉक्टर से परामर्श ले सकते हैं और आवश्यक जांच करवा सकते हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### श्रीश्याम गोवंश हॉस्पिटल ने पीड़ित गोवंश की सेवा शुरू की

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** तहसील के राधा छोटी स्थित श्रीश्याम गोवंश हॉस्पिटल का शुभारंभ राजगढ़ विधायक मनोज न्यांगली द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशाल जागरण का आयोजन किया गया विधायक मनोज न्यांगली ने 11000 नगद व 500 क्विंटल चारे की व्यवस्था की गई। 51000 टीम राजू मांजू 5100 अध्यक्ष दिनेश मान सुधिवास 50 क्विंटल चारा सूरजगढ़ एकेडमी की तरफ से इसके अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के क्षेत्रवासियों का भी अहम सहयोग रहा। पांच लाख रुपए के करीब नगद राशि व 800 क्विंटल चारा सुधिवास भाकरां खैरु बड़ी खैरु छोटी बीरान सदाऊ बिशलाण जीराम बास ढाणी खुडानी कादंराण जाटुवास राधा छोटी थान मठुई राधा बड़ी के के अलावा दर्जनों गांव की तरफ से गौशाला को काफी आर्थिक सहयोग मिला है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच बलबीर पूनिया, संस्थापक रामकुमार पूनिया, प्रदीप पूनिया, जय सिंह पुनिया, चंद्रभान नंबरदार, हनुमान सिंह फौजी, सोमवीर जांगिड़, सतीश महेंद्र, फोगाट बिल्यु, जमीदार जय भगवान सहारण, कुलदीप भगत, प्रवीण सतनाली, राजेंद्र धानक, राजेंद्र कुलडिया, जय सिंह गोदारा, विजेंद्र स्वामी व समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे। गौशाला प्रधान संदीप पुनिया, कोषाध्यक्ष मास्टर सोमबीर पुनिया, संचालक पिंटू पिलानिया ने सभी क्षेत्र वासियों का हार्दिक अभिनंदन स्वागत किया।

## न्यूज ब्रीफ

### गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर बाड़ी उप जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़ी।** धौलपुर जिले के बाड़ी उपखंड पर शहर के पंचायत समिति परिसर में शुक्रवार को गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर एक बैठक का आयोजन बाड़ी उप जिला कलेक्टर हेमंत कुमार घनघोर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें सभी अधिकारियों को गणतंत्र दिवस आयोजन को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई। उप जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियो को निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस का आयोजन धूमधाम से किया जाये। इस दौरान गणतंत्र दिवस का उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान पर मनाये जाने के साथ सभी को आयोजन से जुड़ी जिम्मेदारी दी गई।

### जरूरतमंद लोगों को बांटे कंबल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में ना केवल झुंझुनूं अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में भी सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को गर्म कंबलों का वितरण किया गया। इसी क्रम में मलसीसर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को स्वर्गीय सुशीलादेवी तुलस्यान धर्मपत्नी केशरदेव तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनके परिवारजन की ओर से कंबल वितरण किए गए। जानकारी देते हुए संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि कंबल वितरण कार्यक्रम में तहसीलदार महेश ओला, सहायक प्रोग्रामर सुमित पांडे, कार्यालय सहायक सुनील गढ़वाल, पटवारी लालचंद एवं डीड राइटर सोनू जैदिया सहित अन्यजन उपस्थित थे।

### प्रिंस इंटरनेशनल के सचिन को राष्ट्रीय स्तर पर मिला स्वर्ण पदक व हंसराज को रजत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के दो छात्रों सचिन गढ़वाल ने एथलीट प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया व हंसराज घायल ने तश्तरी फेंक में रजत पदक जीता। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के 19 वर्षीय वर्ग में सचिन गढ़वाल ने पांच किमी. पैदल चाल में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वहीं हंसराज घायल ने इसी वर्ग में तश्तरी फेंक प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन 5 से 8 जनवरी के बीच रांची में आयोजित हुआ। इस मौके पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने विजेता खिलाड़ियों व उसके परिवार को बधाई दी व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्थान एकेडमिक डायरेक्टर समीर शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अनिता पंत शर्मा, महेंद्र सैनी व सभी स्टाफ सदस्यों ने भी उक्त छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### चौराहों पर ड्यूटी देकर दिया सड़क सुरक्षा का संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना व यातायात विभाग झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आगाज किया गया। यह आयोजन 17 जनवरी से 23 जनवरी तक किया जा रहा है। जिला युवा अधिकारी मधु यादव ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत यातायात प्रभारी हरफूल मीणा, जिला युवा समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना शशिप्रकाश अहलावत द्वारा माय भारत स्वयंसेवकों की सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। इस अभियान में युवा साथी, ट्रैफिक पुलिस के साथ मिलकर शहर के मुख्य चौराहों जैसे बस स्टैंड चौराहा, गांधी चौक, पीरू सिंह सर्किल, मंडावा मोड़, गुढ़ागौड़जी चौक आदि पर अपनी ड्यूटी देकर वाहन चालकों को यातायात नियमो के बारे में जागरूक किया। यह जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से 23 जनवरी तक चलेगा।

### विद्यार्थियों को ब्लेजर, जूराब, जूते बांटे

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** पिलानी ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोवली में भामाशाह हवासिंह सुंदरिया के पुत्र कुलदीपसिंह सुंदरिया ने विद्यालय के सभी बच्चों को अत्यधिक ठंड से बचाव और सब में समानता की भावना विकसित करने के लिए विद्यालय यूनिफॉर्म के ब्लेजर, जुराब, जूते वितरित किए। साथ ही विद्यालय की विद्युत आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने के लिए एक बैटरी विद्यालय को भेंट की। इस अवसर पर संस्था प्रधान महेश गोठवाल ने विद्यालय की विद्यार्थियों को लगभग एक लाख रुपए की भेंट देने के लिए कुलदीप सुंदरिया का आभार जताया।

### एसडीएम को किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** अखिल भारतीय किसान सभा तहसील कमेटी चिड़ावा ने एसडीएम हवासिंह को जिला उपाध्यक्ष बजरंगलाल बराला, यात्रा संयोजक रणधीरसिंह ओला, सुनिल सोमरा, वकील रामकुमार, ओमप्रकाश डांगी ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि 765 केवीए हाई ट्रांसमिशन लाइन के नाम पर किसानों की फसल को बर्बाद कर बिना मुआवजा दिए किसान की जमीन को अधिग्रहण नहीं किया जाए। टाटा प्रोजेक्ट्स और स्कीपर प्रोजेक्ट्स नियम कायदों को ताक पर रख कर बिना मुआवजा तय किए किसानों की लहलहाती फसलों को बर्बाद कर बिना मुआवजा तय करने की मांग की। साथ ही बताया कि किसानों के खेत में इन कंपनियों के कर्मचारी जबरदस्ती घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे है। इसलिए जब तक किसान की जमीन का आंकलन कर भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के अनुसार मुआवजा नहीं मिल जाता तब तक किसान के खेतों में ना घुसने के लिए पाबंद किया जाए। साथ ही अब तक जहां—जहां इन्होंने फसलों का नुकसान किया है। उसका आंकलन करवाकर मुआवजा दिलाया जाए। ज्ञापन में कंपनी के कर्मचारियों द्वारा काटे गए हरे पेड़ों को लेकर वन विभाग द्वारा मुकदमा दर्ज करवाने की मांग भी की गई है।

### शिविर में 195 लोग हुए लाभान्वित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा आयोजित निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 195 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई। कार्यक्रम में रमाकांत हलवाई, संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेकेटरी महेश कुमार मूंड, देवेंद्र कुमार गौड़, मुबारक अली पहाड़ियान, सुमेरसिंह कर्णावत, प्रदीप कुमार शुक्ला, शक्ति सिंह शेखावत, रमेशचंद्र अग्रवाल, डॉ. मूलसिंह, प्रमोद कुमार व काफी संख्या में गणमान्य जन व डॉक्टर्स टीम उपस्थित रहे।

# थर्ड ग्रेड टीचर के ट्रांसफरों की बात रखेंगे सीएम के सामने : खर्रा

## राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन शुरू




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन का उद्घाटन जिला मुख्यालय पर स्थित जेपी जानूं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक राजेंद्र भाम्बू ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि किसान नेता एवं पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, भाजपा जिला अध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष जयसिंह मांठ थे। मुख्य वक्ता संगठन के संरक्षक एवं प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। जिला शाखा झुंझुनूं द्वारा आए हुए समस्त मंचस्थ अतिथियों का शॉल, साफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की तथा बताया कि यह राजस्थान का सबसे पुराना एवं मर्यादित शिक्षक संगठन है। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कारवान शिक्षा देना शिक्षक का महत्वपूर्ण कर्तव्य है और इस कर्तव्य को आपको बखूबी निभाना है। जिससे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विकसित भारत की जो संकल्पना दी गई है। उसको यह युवा पूरा कर सके। उन्होंने शिक्षक वर्ग की तृतीय श्रेणी अध्यापकों की स्थानान्तरण संबंधी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर इस पर मजबूती के साथ पैरवी करने की बात कही। अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक राजेंद्र भाम्बू ने कहा कि वे सदैव शिक्षक वर्ग की मांग को विधानसभा के पटल पर उठाते रहेंगे। लेकिन शिक्षकों से भी कहा कि आपकी भी है जिम्मेदारी है कि आप भी इस शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य जो कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसे आप जिम्मेदारी के साथ निभाएं। भांबू ने खुशी जताई कि शिक्षक संघ सियाराम प्रधानमंत्री मोदी के पंच पर्ण कार्यक्रम को आगे बढ़ा रहा है। जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कहा कि शिक्षक वर्ग में वह ऊर्जा है कि उन्हें कोई भी कार्य दे दिया जाता है। तो उस जिम्मेदारी के साथ पूरा करते हैं। उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर शिक्षकों की संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। भाजपा नेता विश्वभंर पूनियां द्वारा बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा देने पर शिक्षकों से संवाद किया गया एवं बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। इस विषय पर शिक्षकों के साथ चर्चा की। संगठन महामंत्री रामदयाल मीणा द्वारा संगठन वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने भी शिक्षकों को संबोधित किया। अंत में संगठन के प्रशासनिक अध्यक्ष सियाराम शर्मा ने आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया एवं सभी शिक्षकों को अपने मांगों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी ध्यान दिलाया। उन्होंने आए हुए मेहमानों से समस्त मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस प्रांतीय सम्मेलन के संयोजक उम्मेद सिंह डूडी ने बताया कि सम्मेलन में राजस्थान के सभी जिलों से हजारों की संख्या में शिक्षक भाग ले रहे हैं और इन दो दिनों में शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षार्थी पर मंथन होगा एवं नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। मंच संचालन राजकुमार मूंड व नवीन शर्मा द्वारा किया गया।

**जो तबादले नहीं हो पाए, छूट लेकर उनका भी प्रयास करेंगे :** झुंझुनूं दौरे पर रहे यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने बड़ा बयान दिया है। झाबरसिंह खर्रा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि तय समय सीमा में जो तबादले नहीं हो पाए। उन तबादलों को भी छूट लेकर करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तबादलों की समय सीमा का निर्धारण करना मुख्यमंत्री का काम है। समय सीमा बढाने को लेकर मांग आएगी तो उसे मुख्यमंत्री के संज्ञान में भी लाया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में सीमा विस्तार के सवाल पर कहा कि 20 जनवरी तक सभी सीमा विस्तार के निर्णय ले लिए जाएंगे। इसके लिए कल ही मंत्रीमंडलीय उप समिति का गठन किया जा चुका है। 20 जनवरी के बाद वार्डों के पुर्नसीमांकन का काम शुरू किया जाएगा। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि इस दो दिन के अधिवेशन में शैक्षणिक गुणवत्ता के सुधार को लेकर चर्चा होगी। सकारात्मक विचार विमर्श के बाद जो सुझाव सामने आएंगे। उसे सरकार तक पहुंचाएंगे। सरकार निश्चित रूप से सकारात्मक सुझावों को अमल में लाकर शिक्षा की गुणवत्ता को बढाने का प्रयास करेगी।

### जनसुनवाई में सौंपा फसल मुआवजे को लेकर ज्ञापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के जिला सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड महिपाल पूनियां ने कलेक्टर की जनसुनवाई में शामिल होकर कलेक्टर को ज्ञापन देकर रबी फसल 2022-23 का बकाया मुआवजा जारी करवाने की मांग की। मांग की गई कि 2022-23 का सैंकड़ों करोड़ का मुआवजा अभी भी बाकी है। लेकिन सरकार की उदासीनता और सरकार के अधिकारियों के नकारापन की वजह से अभी तक हजारों किसान मुआवजे की आस में बैठे हैं और रोज कर्ज में डूब रहे है। सरकार अविलंब मुआवजा की राशि जारी करें। आगे मांग की गई कि टाटा प्रोजेक्ट्स और स्किपर लिमिटेड द्वारा झुंझुनूं जिले से होकर 765 केवी की डीसी ट्रांसमिशन लाइन डाली जा रही है। जिसके बाबत जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में वार्ता हो चुकी है। लेकिन बावजूद इसके अभी भी कंपनी के कर्मचारी किसानों को धमकाकर उनके खेत में घुस जाते हैं और उनकी सैंकड़ों बीघा में खड़ी फसल को बर्बाद कर दी है। अभी तक किसानों और कंपनी के बीच मुआवजा तय नहीं हुआ है। कई तो ऐसे मामले हैं। जहां पर थानेदार और तहसीलदार कंपनी के दलाल बनकर किसान को धमका रहे है।

# बोर्ड परीक्षा में टॉपर 31 मेधावी प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** गुर्जरों की नंगली में शुक्रवार को गुर्जर समाज की बोर्ड परीक्षा में टॉपर 31 मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें सभी मेधावी छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी मातादीन पनियार रहे। पनियार ने सभी 31 मेधावी छात्राओं को 31 लैपटॉप देने की बात कही। वहीं चौमुखा भैंरुजी महाराज के विकास उत्थान के लिए बड़ा सहयोग देने के लिए कहा। पनियार ने कहा गुर्जर समाज की लड़कियां अब पढ़ाई में आगे बढ़ रही है। इस मौके पर देवसेना के प्रदेश सचिव धर्मपाल गुर्जर केसरीपुरा, देवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश खटाना, चौमुखा भैंरुजी महाराज के भगत बाबूलाल गुर्जर, शिवपाल गुर्जर, मंगेजाराम खटाना, बंशी खटाना, इंद्राज सिराधना, भगत पूरणमल खटाना, भगत योगेश खटाना, भगत प्रमोद बराला, राजवीर बड़सरा गुरुजी, देवसेना के गुढ़ागौड़जी अध्यक्ष सुमेर धाबाई, विजय गुर्जर आदि मौजूद थे। इस मौके पर मेधावी बालिका मनीष गुर्जर पुत्री सुरेश गुर्जर, सरोज गुर्जर पुत्री प्रताप गुर्जर, रविना गुर्जर पुत्री भगवानराम गुर्जर, सोनू गुर्जर पुत्री विजेश गुर्जर, शर्मिला गुर्जर पुत्री धर्मपाल गुर्जर, सरिता गुर्जर पुत्री झाबरमल गुर्जर, सीमा गुर्जर पुत्री मोहनलाल गुर्जर, राजबाला गुर्जर पुत्री प्रकाश गुर्जर, प्रिया गुर्जर पुत्री शुभकरण गुर्जर, भावना गुर्जर पुत्री धर्मचंद गुर्जर, अनु गुर्जर पुत्री काशीराम गुर्जर का सभी हीरामल देव महाराज के भक्त लोगों ने सम्मान किया।

# राजस्थान गौरव सेनानी शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय दो दिवसीय शैक्षिक अधिवेशन का उद्घाटन




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राजस्थान गौरव सेनानी शिक्षक संघ का राज्य स्तरीय दो दिवसीय शैक्षिक अधिवेशन का उद्घाटन कुचामन डीडवाना के मौलासर में हुआ। जिसमें झुंझुनूं से भी बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए है। प्रदेश अध्यक्ष राजवीर चनाना की अध्यक्षता में हुए उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल खोखर थे। जबकि अति विशिष्ट कर्नल नंदकिशोर ढाका एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच जोगेंद्र सिंह बलारां, सरपंच श्रवण बिजारणिया, सरपंच प्रदीप सिंह डाबड़ा, पंचायत समिति सदस्य जोधाराम सिंह थे। मुख्य अतिथि खोखर ने इस मौके पर कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता है। वह बच्चों का सर्वांगीण विकास करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रदेशाध्यक्ष चनाना ने कहा गौरव सैनानी शिक्षक बच्चों में राष्ट्रवाद की भावना विकसित करें। सैन्य शिक्षा से बच्चों में आत्मविश्वास पैदा होगा। कर्नल ढाका ने कहा कि प्रत्येक स्कूल में एक गौरव सैनानी शिक्षक पदस्थापित होना चाहिए। सीकर जिलाध्यक्ष रविंद्र डोटासरा ने संगठन की एकता पर जोर दिया। दूसरे सत्र में सैनिकों के वरीयता, दोहरे लाभ, शिक्षा में तकनीकी शिक्षा का समावेश, नामांकन वृद्धि, शिक्षकों के गैर शैक्षिक कार्यों से मुक्त आदि कार्यों पर चर्चा की गई। आयोजक बजरंगलाल नेहरा ने मंच का संचालन किया। स्वागत भाषण सभाध्यक्ष बलदेवाराम बराला ने की।

### अध्यापक ने 150 बच्चों को बांटी स्वेटर, खीर, जलेबी का करवाया भोजन



**पिलानी।** राजकीय विद्यालय झेरली में कार्यरत अध्यापक मांगेलाल काला ने कक्षा एक से आठवीं तक के 150 बच्चों को व दो महिला कुक कम हेल्पर को स्वेटर वितरण किए। उन्होंने कक्षा एक से 12 तक के विद्यार्थियों व स्टाफ को खीर जलेबी का भोजन करवाया। दरअसल मांगेलाल काला ने अपनी पौत्री एकता का जन्मदिन सामाजिक सरोकार निभाकर आमजन को सेवा का संदेश दिया। पौत्री के जन्मदिन पर काला द्वारा बच्चों को पढ़ लिख कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थित सभी लोगों द्वारा इसे बहुत अच्छी पहल बताते हुए अन्य स्टाफ व लोगों को भी विद्यालय में बच्चों की सहायता के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मांगेलाल काला की धर्मपत्नी चांदकौर, उनके पुत्र ईएसआईसी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत विकास कुमार काला, पुत्रवधु अंजली गर्वा एलआईसी, पूर्व सरपंच सूबेसिंह भटैया, सेवानिवृत अध्यापक कृष्ण नारनौलिया आदि मौजूद रहे।

# शिक्षिका ने जरूरतमंद 149 विद्यार्थियों को गर्म स्वेटर वितरित कर मनाया जन्मदिन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुरवाटी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरावड़ी की व्याख्याता ने अपने जन्मदिन पर एक अनूठी पहल कर 149 विद्यार्थियों को ग्राम स्वेटर वितरित की। विद्यालय की शिक्षिका मंजू ने अपने जन्मदिन पर अपनी ही स्कूल में भामाशाह बनकर जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को ग्रामीणों की मौजूदगी में गर्म स्वेटर वितरित की गई। व्याख्याता मंजू चौधरी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरावड़ी में हिंदी व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपना जन्मदिन 17 जनवरी शुक्रवार को स्कूल की छात्र-छात्राओं के साथ सादगी पूर्ण माहौल में जन्मदिन मनाया। साथ ही संकल्प लिया कि जरूरतमंद एवं असहाय व गरीब छात्र-छात्राओं के लिए अध्ययन सामग्री एवं आवश्यक संसाधन वे उपलब्ध करवाएंगी। व्याख्याता मंजू चौधरी ने घोषणा करते हुए कहा कि विद्यालय का कोई भी जरूरतमंद विद्यार्थी, जिसको प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए जो भी संसाधन की आवश्यकता होगी। उसको भी वे उपलब्ध करवाएंगी। इसी को मध्य नजर रखते हुए व्याख्याता मंजू चौधरी ने स्कूल के 149 विद्यार्थियों को गर्म स्वेटरों का वितरण किया। विद्यालय की समस्त छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को मिठाई वितरण की गई। सरपंच पुष्पा सैनी व ग्रामीणों ने व्याख्याता मंजू चौधरी के इस नेक कार्य की अनूठी पहल पर आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा की। विद्यालय के उप प्राचार्य राजेंद्र मीणा ने अपने विद्यालय में भामाशाह बनी शिक्षिका मंजू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बागोरा सरपंच पुष्पा सैनी, व्याख्याता सीता, अनिता, सरिता, हरपाल सिंह, धूड़ाराम यादव, पूर्व सरपंच मोहनलाल वर्मा, भीमसिंह शेखावत, रामगोपाल शर्मा, सुभाषचंद, राकेश सैनी, बंशी वर्मा, पूर्णमल वर्मा, राकेश शर्मा, राजू देवी, डिंपल देवी सहित विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# पोक्सो के दो मामलों में 20-20 साल का कठोर कारावास

## एक ने कोटा ले जाकर, तो दूसरे ने मुंबई ले जाकर किया था दुष्कर्म

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** पोक्सो के दो मामलों में कोर्ट ने आरोपियों को 20—20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इनमें से एक आरोपी नाबालिगा को कोटा ले गया। जहां पर उसे एक जगह पर रखकर उसके साथ दुष्कर्म किया तो दूसरा नाबालिगा को मुंबई ले गया। जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। जानकारी के मुताबिक सिंघाना थाने में 7 नवंबर 2022 को 16 वर्षीया पीड़िता की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया था कि वह छह नवंबर 2022 को अकेली सिंघाना बाईपास चौराहे पर सब्जी लेने गई थी। जहां पर आरोपी अलवर जिले के सिरवास निवासी 27 वर्षीय आकाश मीणा पुत्र मोहनलाल मीणा उसे बहला फुलाकर पहले निजामपुर ले गया। जहां से खेतड़ी ले गया। इसके बाद अपनी मामी के घर ले गया। जिसके बाद कोटा ले गया। कोटा में 14—15 दिन तक उसे बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान नाबालिगा के साथ आकाशी मीणा ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद 21 नवंबर 2022 को आरोपी पीड़िता को लेकर सिंघाना पहुंचा। जिसके बाद पीड़िता ने सारी आप बीती बताई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी आकाश मीणा को गिरफ्तार किया। वहीं चार्जशीट पोक्सो कोर्ट में पेश की। कोर्ट में 16 गवाहों के बयान करवाए गए। वहीं 39 दस्तावेजों के जरिए साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद कोर्ट ने पोक्सो एक्ट की धाराओं में आरोपी आकाश मीणा को दोषी मानते हुए 20 साल का कठोर कारावास तथा 50 हजार रूपए का जुर्माना लगाया। इसके अलावा अन्य धाराओं में दोषी मानते हुए कारावास की सजा तथा कुल 50 हजार रूपए का और जुर्माना लगाया गया है। आरोनी पर कुल 1 लाख रूपए का जुर्माना लगाया गया है। राज्य सरकार की तरफ से विशिष्ट लोक अभियोजक वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट सुरेंद्र सिंह भांबू ने पैरवी की।

**मुंबई पुलिस थाने में जाकर किया था पीड़िता ने फोन :** इधर, दूसरे मामले में भी कोर्ट ने आरोपी को 20 साल की सजा और कुल एक लाख 10 हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया है। मामले के अनुसार 10 अक्टूबर 2021 को पिलानी थाने में 15 साल दो महीने की उम्र की पीड़ित नाबालिगा की तरफ से रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि वह 10 अक्टूबर 2021 को घर के बाहर झाड़ू निकाल रही थी। तभी आरोपी पिलानी के वार्ड नंबर 35 निवासी सोनू वाल्मिकी पुत्र कृष्ण वाल्मिकी आया। उसने पीड़िता को साथ चलने के लिए बोला। लेकिन पीड़िता ने मना कर दिया। जिसके बाद आरोपी पीड़िता को डरा धमकाकर जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर एक मकान पर ले गया। जहां पर उसके साथ दुष्कर्म किया। यहां से आरोपी पीड़िता को मुंबई ले गया। जहां पर आरोपी ने अपने जीजा के मकान पर दो—तीन दिन रखा और पीड़िता के साथ दुष्कर्म करता रहा। यहीं पर आरोपी ने पीड़िता की अश्लील वीडियो क्लिप बना ली। जबरदस्ती शादी भी कर ली। शादी के बाद आरोपी सोनू वाल्मिकी पीड़िता के साथ मारपीट करता और अन्य लोगों के साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए धमकाता था। जिसके बाद पीड़िता मौका पाकर आरोपी के चंगुल से भागकर मुंबई में एक पुलिस थाने पहुंची। जहां से उसने अपने पिता को फोन कर सारी आप बीती बताई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी सोनू वाल्मिकी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पोक्सो कोर्ट में चार्जशीट प्रस्तुत की। दौरान ट्रायल 17 गवाहों के बयान करवाए गए है। वहीं 29 दस्तावेजों के जरिए साक्ष्य प्रस्तुत किए गए। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी सोनू वाल्मिकी को पोक्सो समेत अन्य धाराओं में दोषी माना है।

# जल कनेक्शन शिविर का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मंडावा।** कस्बे में सीवरेज एवं जल प्रदाय योजना का कार्य राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के माध्यम से मैसर्स एलएनए आर एंड बी (जेवी) द्वारा किया जा रहा है। आरयूआईडीपी मंडावा के एक्सईएन देवेंद्र कुमार सैनी ने बताया कि शहर में पानी के घरेलू कनेक्शन का कार्य प्रगति पर है। यदि किसी उपभोक्ता का कनेक्शन नहीं हुआ है तो नया कनेक्शन के लिए फाइल जमा करवा कर पानी का कनेक्शन लिया जा सकता है। जल कनेक्शन से वंचित उपभोक्ताओं के लिए आरयूआईडीपी द्वारा मंडावा शहर के अलग-अलग क्षेत्र में नवीन जल कनेक्शन शिविर लगाकर आवेदन पत्र प्राप्त करने का कार्य चल रहा है। आमजन को सूचना देने के लिए परियोजना द्वारा माइक से और घर-घर जाकर भी उपभोक्ताओं को नए कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को शिव कॉलोनी, झुंझुनूं रोड पर शिविर का आयोजन किया गया। इस कनेक्शन शिविर में कुल 22 आवेदकों ने अपने आवेदन पत्र जमा करवाए। परियोजना द्वारा सभी उपभोक्ताओं के घरों में मीटर युक्त कनेक्शन किए जाने का प्रावधान है। इसमें नए उपभोक्ता को आधार कार्ड, राशन कार्ड और मालिकाना हक संबंधी दस्तावेज की प्रति के साथ पेयजल कनेक्शन के लिए आवेदन करना होगा। जयपुर कैंप यूनिट से आए केके शर्मा ने शिविर में आए उपभोक्ताओं को जल संरक्षण के बारे में बताया तथा कहा कि पानी की एक-एक बूंद बहुत महत्वपूर्ण है। यदि हमने समय रहते इसे नहीं बचाया तो आगे आने वाली पीढ़ियां हमें बहुत कोसेगी। मंडावा कैंप यूनिट के सहायक सामुदायिक विकास अधिकारी अनिल रूहेला ने नया जल कनेक्शन लेने के लिए किसी प्रकार की समस्या होने पर टोल फ्री नंबर 18001802619 पर जानकारी ले सकते हैं।

## सुविचार

सफलता उन्हीं को मिलती है, जो अपने काम में पूरे मन से जुट जाते हैं और कभी हार नहीं मानते।

- अज्ञात

जागरूक संपादकीय

## ब्रिटेन में बाल यौन शोषण

दुनियाभर में बाल यौन शोषण की घटनाओं में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। ब्रिटेन सरकार ने बाल यौन शोषण के आधार पर बढ़ने वाले गिरोहों के पैमाने और प्रकृति की 'त्वरित जांच' का आदेश दिया है, जिसमें अपराधों के पीछे 'सांस्कृतिक और सामाजिक कारणों' का पता लगाने के लिए जातीयता डेटा की जांच भी शामिल है। ब्रिटेन की गृह सचिव यवेट कूपर ने गुरुवार को हाउस ऑफ कॉमन्स में एक बयान में योजनाओं की रूपरेखा तैयार की, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे की कई प्रमुख जांचों में 'पाकिस्तानी विरासत गिरोह' शामिल हैं। मंत्री ने संसद को बताया कि बाल यौन शोषण कार्यबल अपने द्वारा एकत्रित और प्रकाशित किए जाने वाले जातीयता डेटा का तुरंत विस्तार करेगा। यवेट कूपर ने सांसदों को बताया, 'कई प्रमुख जांचों में पाकिस्तानी विरासत गिरोह शामिल रहे हैं और पुलिस कार्यबल के साक्ष्य से यह भी पता चलता है कि कई अलग-अलग समुदायों और जातीयताओं में शोषण और दुर्व्यवहार हो रहा है। लेकिन अपराधियों और पीड़ितों दोनों की जातीयता पर डेटा अभी भी अपर्याप्त है'। उन्होंने कहा, 'इससे भी आगे जाने के लिए, मैंने बैरोनेस लुईस केसी से देश भर में गिरोह आधारित शोषण के वर्तमान पैमाने और प्रकृति की त्वरित ऑडिट की देखरेख करने और आगे के काम के लिए सिफारिशें करने के लिए कहा है। यह जातीयता डेटा और इसमें शामिल गिरोहों और उनके पीड़ितों की जनसांख्यिकी की उचित जांच करेगा और यह कई जातीय समूहों समेत इस प्रकार के अपराध के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक चालकों को देखेगा।' वहीं शैडो गृह सचिव, कंजर्वेटिव सांसद क्रिस फिलिप ने इस बात पर जोर देते हुए जवाब दिया कि अधिकारियों ने ऐतिहासिक रूप से बाल यौन शोषण से संबंधित जातीयता संबंधी डेटा को अनदेखा किया है या छुपाया है। फिलिप ने कहा गया कि शुरुआती किशोरावस्था वाली हजारों युवा लड़कियों का पुरुषों के गिरोहों की तरफ से व्यवस्थित रूप से दुष्कर्म किया गया। ये पुरुष गिरोह मुख्य रूप से पाकिस्तानी मूल के हैं। गृह सचिव ने दोहराया कि सरकार ने इस सप्ताह जो कार्रवाई की घोषणा की है, उसमें बाल शोषण की रिपोर्ट करने का कर्तव्य, किसी भी तरह के कवर-अप के लिए उचित दंड, गिरोहों के लिए कड़ी सजा, पीड़ितों के लिए अपने मामले को फिर से खोलने पर स्वतंत्र समीक्षा प्राप्त करने के नए अधिकार और ऐतिहासिक पुलिस जांच को फिर से खोलने के लिए नई कार्रवाई शामिल है। गृह कार्यालय ने कहा कि तीव्र राष्ट्रीय ऑडिट जल्द ही शुरू होगा और तीन महीने तक चलेगा। इसे एक विशेषज्ञ सलाहकार बोर्ड द्वारा समर्थित किया जाएगा।

सैफ पर हमला

# सुरक्षा के उठते गंभीर सवाल...!!



नौशाबा परवीन

एक हमले ने बॉलीवुड में दुःख व खौफ की लहर दौड़ा दी है और हाई-प्रोफाइल सोसाइटीज़ में भी सुरक्षा के संदर्भ में गहरी चिंताएं व्याप्त कर दी हैं। मुंबई के बांद्रा क्षेत्र में एक 13-मंजिला सतगुरु शरण बिल्डिंग है, जिसके ऊपर के चार फ्लोर्स यानी 10 से 13 पर एक्टर्स सैफ अली खान व करीना कपूर का पेंटहाउस है, जिसमें वह अपने दोनों बच्चों- तैमूर व जहांगीर और स्टाफ के साथ रहते हैं। एफआईआर के मुताबिक, हुआ यह कि 16 जनवरी 2025 की सुबह लगभग 2:30 बजे एक 35-40 साल का, इकहरे बदन व सांवले रंग का व्यक्ति, चोरी के इरादे से, ग्राउंड फ्लोर की डक्ट का इस्तेमाल करते हुए 11वें फ्लोर पर पहुंचा और फिर टॉयलेट की खिड़की से होता हुआ सैफ के फ्लैट में दाखिल हो गया। वह सैफ के बेटे जहांगीर के कमरे में प्रवेश कर रहा था कि उसे हाउस मेड एलियम्मा फिलिप्स ने देख लिया। चोर, जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है, जहांगीर की जान बख्शने के लिए 1 करोड़ रुपए फिरौती की मांग कर रहा था, उसके हाथ में चाकू था। एलियम्मा ने शोर मचाया तो अपने बेटे को बचाने के लिए सैफ दौड़े हुए आए। अज्ञात व्यक्ति ने सैफ पर चाकू से हमला कर दिया।

- इमेज

सैफ के शरीर पर चाकू से छह घाव हुए, जिनमें से दो अधिक गहरे थे, एक कलाई पर और दूसरा रीढ़ की हड्डी के पास। चाकू सैफ की रीढ़ की हड्डी में फंस गया। चोर को काबू कर लिया गया, उसे एक कमरे में बंद करने का प्रयास भी किया गया, लेकिन वह सीढ़ियों के रास्ते फरार होने में सफल हो गया। उसे छठे फ्लोर की सीढियों पर सीसीटीवी फुटेज में देखा गया। सैफ की पहली पत्नी अमृता सिंह से बेटे इब्राहीम को जैसे ही अपने पिता पर हमले की सूचना मिली, वह दौड़े हुए आए। वह ऑटो से सैफ को लीलावती अस्पताल लेकर गए क्योंकि उस समय किसी कार चालक की व्यवस्था नहीं थी। अस्पताल ले जाते समय भी सैफ की कमर में चाकू फंसा हुआ था। अस्पताल में सुबह लगभग 3:30 बजे सैफ का ऑपरेशन आरंभ हुआ। चाकू बाहर निकाला गया और लीक हो रहे स्पाइनल फ्लूइड को रिपेयर किया गया। दो अन्य गहरे घावों, एक बायें हाथ पर और दूसरा गर्दन, को भी रिपेयर किया गया, प्लास्टिक सर्जरी टीम द्वारा। डाक्टरों के अनुसार सैफ अब पूर्णतः स्थिर हैं। वह अच्छी तरह से रिकवर कर रहे हैं और खतरे से बाहर हैं। बहरहाल, आधी रात के बाद एक सेलिब्रिटी के घर में उस पर हुए घातक हमले से अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े होते हैं। सेलिब्रिटीज हमेशा समाज से 'ऊपर' व परफेक्ट प्रतीत होते हैं, सुरक्षित जीवन व्यतीत करते हुए, लेकिन एक्टर सैफ पर रात के अंधेरे में हुए जानलेवा हमला तकरीबन व्यक्तिगत महसूस होता है। घर हर किसी का अंतिम शरण होता है, जहां हम आराम व रिकवर और जीने के लिए जाते हैं। यह वह जगह है, जहां हम अपना मास्क उतार देते हैं और हम जैसे हैं, वैसे हो जाते हैं, उन लोगों के साथ जो हमारी बहुत अधिक केयर करते हैं। घर हमारा अभयारण्य है और वहीं पर सैफ पर जानलेवा हमला हुआ। उन पर छह इतने तेज़ प्रहार किए गए कि हमलावर का 2.5 इंच चाकू उनकी रीढ़ की हड्डी में फंस गया। उनका बड़ा बेटा उन्हें ऑटोरिक्शा में अस्पताल लेकर गया क्योंकि वह कार ड्राइव नहीं कर सकता था और सैफ के परिवार में जितने भी सदस्य थे, उनमें से किसी को भी कार ड्राइव करने नहीं आती थी, इससे समझा जा सकता है कि ऐसी स्थिति में एक आम आदमी की तरह सेलिब्रिटीज के पास की सीमित विकल्प होते हैं यानी कठिन समय



में हम सब एक जैसे होते हैं।

इसलिए जो कुछ सैफ के साथ हुआ उनके अपस्केल सुरक्षित प्रतीत होने वाले घर में, उससे केवल उनके फैन्स ही नहीं बल्कि हर कोई परेशान व चिंतित है। अगर ऐसा कुछ उनके साथ हो सकता है, तो हम सब अपने गाड्‌र्स, कैमरा व इलेक्ट्रॉनिक सिक्यूरिटी सिस्टम्स के साथ कितने सुरक्षित हैं? पुलिस का कहना है कि हमलावर घर में चोरी के इरादे से घुसा था और पहले उसने नर्सरी में प्रवेश किया (जिसे सुनकर ही कंपकंपी छूट जाती है), जहां परिवार की मेड ने उसे देखा और शोर मचा दिया। एक संदिग्ध की पहचान हो गई है और बाकी बातें बाद में सामने आएंगी, लेकिन मुंबई की कानून व्यवस्था के बारे में सुगबुगाहट शुरू हो गई है। एक समय था जब मुंबई के प्रमुख व्यक्ति डॉनों के खौफ के साये में जिया करते थे, लेकिन अब वह अतीत की बात हो गई है। फिर धमकियां दोबारा शुरू हो गईं। विस्फोटों से भरी एक कार उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के बाहर मिली थी। एक्टर सलमान खान के बांद्रा स्थित घर पर गोलियां चलाई गयीं, जिससे उन्हें मजबूरन अपनी बालकनी को बुलेटप्रूफ कराना पड़ा, जहां से वह अपने फैन्स का अभिवादन स्वीकार करते हैं। फिर पिछले अक्टूबर में सलमान खान के दोस्त व एनसीपी के नेता बाबा सिद्दीकी की उनके बेटे के बांद्रा स्थित ऑफिस के निकट गोली मारकर हत्या कर दी गई। उम्मीद की जानी चाहिए कि सैफ पर हमले में कोई गैंग लीड लिंक न हो।

सोशल मीडिया पर यह बहस बहुत ज़ोर पकड़े हुए है कि देश में जो एक समुदाय विशेष के खिलाफ नफरत का बाज़ार गर्म किया जा रहा है, उसका भयावह नतीजा सैफ पर हमले के रूप में सामने आया है। कुछ नफरती चिंटुओं ने एक्स पर अपने ट्वीटस के ज़रिये सैफ पर हुए हमले पर प्रसन्नता व्यक्त की है, जिससे सोशल मीडिया की इस धारणा को अधिक बल मिला है। गौरतलब है कि एक जाने माने कवि, जो आजकल कथा भी करने लगे हैं, ने पहले एक्टर सोनाक्षी सिन्हा की शादी को लेकर विवादित व अत्यंत आपत्तिजनक बयान दिया था और फिर ऐसा ही कुछ उन्होंने बिना नाम लिए सैफ के सात साल के बेटे तैमूर के बारे में कहा था। मुंबई ही नहीं बल्कि पूरे देश में अपराधियों व गैंगों का दुस्साहस निरंतर बढ़ता जा रहा है। सुबह अख़बार खोलते ही दिल दहलाने वाली खबरें पढ़ने को मिलती हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट्स देखने को मिलते हैं, जिनसे पूरे दिन के लिए चेहरे पर मायूसी छा जाती है। बीती 14 जनवरी 2025 की सुबह दिल्ली से सटे गुरुग्राम में एक व्यापारी के नए मकान के सामने दो व्यक्तियों ने लगभग 5 मिनट तक 50 गोलियां दागीं- जिससे बिगड़ती कानून व्यवस्था का स्वतः ही अंदाज़ा लगाया जा सकता है। कानून व्यवस्था को लेकर राजनीतिक दलों के आरोप प्रत्यारोप अपनी जगह, तथ्य यह है कि लगभग सभी राज्य सरकारें, जिनकी जिम्मेदारी कानून व्यवस्था कायम करने की है, अक्सर निष्पक्षता से काम नहीं करती हैं, जो अपराधी उनके दल का समर्थन करते हैं, उनके प्रति नरमी का रुख अपनाया जाता है। फिर उत्तरपूर्व के कुछ राज्यों को छोड़कर किसी भी राज्य में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पुलिस सुधार दिशानिर्देश लागू नहीं किए गए हैं। पुलिस को न स्वायत्तता दी गई है और न उसमें प्रोफेशनलिज्म है, वह सत्तारूढ़ दल का 'एजेंट' बनकर रह जाती है। पुलिस पर भ्रष्टाचार के आरोप भी अक्सर लगते हैं। नतीजा- कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। सैफ सहित मुंबई की हाल की वारदातें सबके सामने हैं।

## पंचांग

18 जनवरी 2025

| | | |
|---|---|---|
| विक्रम संवत् | - | 2081 |
| शक संवत् | - | 1946 |
| ऋतु | - | शिशिर |
| माह | - | माघ |
| पक्ष | - | कृष्ण |
| तिथि | - | पंचमी अहोरात्र |
| वार | - | शनिवार |
| नक्षत्र | - | पूर्वाफाल्गुनी 14.52 तक |
| योग | - | शोभन 25.16 तक |
| करण | - | कौलव 18.27 तक |
| सूर्योदय | - | 07.16 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - | 06.21 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - | 07.27 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - | 06.14 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - | सिंह 21.29 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - | 12.26 से 13.11 |
| राहु काल | - | 10.01 से 11.25 |
| व्रत, त्यौहार | - | पंचमी वृद्धितिथि |
| दिशा शूल | - | पूर्व |

● शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल




## साल की पहली मासिक शिवरात्रि

हिंदू धर्म में चतुर्दशी तिथि बहुत महत्वपूर्ण और विशेष मानी गई है। हिंदू धर्म शास्त्रों में हर महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि भगवान भोलेनाथ को समर्पित की गई है। हर महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि होती है। इस दिन पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा की जाती है। मासिक शिवरात्रि का व्रत भी रखा जाता है। मान्यताओं के अनुसार, जो भी मासिक शिवरात्रि का व्रत रखता है उसकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं।

### इस साल मासिक शिवरात्रि

हिंदू पंचांग के अनुसार, इस साल माघ महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 27 जनवरी को होगी। कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि की शुरुआत 27 जनवरी को रात 8 बजकर 34 मिनट पर होगी। अगले दिन 28 जनवरी को शाम 7 बजकर 35 मिनट पर ये तिथि समाप्त हो जाएगी। ऐसे में इस साल 27 जनवरी को मासिक शिवरात्रि रहेगी और इसका व्रत भी इसी दिन रखा जाएगा।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

मासिक शिवरात्रि के दिन ब्रह्म मुहूर्त की शुरुआत सुबह 5 बजकर 26 मिनट पर होगी। ये मुहूर्त 6 बजकर 19 मिनट तक रहेगा। विजय मुहूर्त दोपहर 2 बजकर 21 मिनट पर शुरू होगा। ये मुहूर्त 3 बजकर 4 मिनट तक मिनट रहेगा। गोधूलि मुहूर्त शाम 5 बजकर 54 मिनट पर शुरू होगा। ये मुहूर्त 6 बजकर 20 मिनट तक रहेगा। निशिता मुहूर्त रात्रि 12 बजकर 7 मिनट पर शुरू होगा। ये मुहूर्त 1 बजे तक रहेगा। निशिता मुहूर्त में ही भगवान शिव की पूजा की जाएगी। यानी मासिक शिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा का मुहूर्त 53 मिनट तक रहेगा।

## तारीख विशेष

### हरिवंश राय बच्चन



हरिवंश राय बच्चन हिंदी भाषा के कवि और लेखक थे। वे हिंदी कविता के उत्तर छायावाद काल के प्रमुख कवियों में से एक थे। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृति मधुशाला है। भारतीय फिल्म उद्योग के अभिनेता अमिताभ बच्चन उनके सुपुत्र हैं। उनका निधन 18 जनवरी 2003 के दिन, सांस की बीमारी के कारण, मुंबई में हुआ था। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी का अध्यापन किया। बाद में भारत सरकार के विदेश मंत्रालय में हिंदी विशेषज्ञ रहे। अनंतर राज्य सभा के मनोनीत सदस्य रहे। उनकी गिनती हिंदी के सर्वाधिक लोकप्रिय कवियों में होती है। हरिवंश राय बच्चन के पूर्वज मूलरूप से अमोढ़ा (उत्तर प्रदेश) के निवासी थे। यह एक कायस्थ परिवार था। कुछ कायस्थ परिवार इस स्थान को छोड़ कर प्रयाग जा बसे थे। इनके पिता का नाम प्रताप नारायण श्रीवास्तव तथा माता का नाम सरस्वती देवी था। इनको बाल्यकाल में 'बच्चन' कहा जाता था जिसका शाब्दिक अर्थ 'बच्चा' या 'संतान' होता है। बाद में ये इसी नाम से प्रसिद्ध हुए। उन्होंने कायस्थ पाठशाला में पहले उर्दू और फिर हिंदी की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एम.ए. और कैंब्रिज विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य के विख्यात कवि डब्लू.बी. यीट्स की कविताओं पर शोध कर पीएच.डी.(Ph.D) पूरी की थी। 1926 में 19 वर्ष की उम्र में उनका विवाह श्यामा बच्चन से हुआ जो उस समय 14 वर्ष की थीं। सन 1936 में टीबी के कारण श्यामा की मृत्यु हो गई। पांच साल बाद 1941 में बच्चन ने एक पंजाबन तेजी सूरी से विवाह किया जो रंगमंच तथा गायन से जुड़ी हुई थीं। इसी समय उन्होंने 'नीड़ का निर्माण फिर' जैसी कविताओं की रचना की। उनके पुत्र अमिताभ बच्चन एक प्रसिद्ध अभिनेता हैं। 2002 के सर्दियों के महीने से उनका स्वस्थ्य बिगड़ने लगा। 2003 के जनवरी से उनको सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कठिनाइयां बढ़ने के कारण उनकी मृत्यु 18 जनवरी 2003 में सांस की बीमारी के वजह से मुंबई में हो गई।

यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा


# एक नई त्रासदी की ओर इशारा तो नहीं!

### अपराजिता

**मध्य प्रदेश में भोपाल गैस त्रासदी के बाद उससे पैदा हुआ जहरीला कचरा लोगों और सरकार के लिए एक सिरदर्द बन गया है। भोपाल गैस त्रासदी से जुड़े 337 टन जहरीले कचरे के पीथमपुर में पहुंचते ही लोगों का विरोध प्रदर्शन और ज्यादा उग्र हो गया है। गौरतलब है कि धार जिले का पीथमपुर मध्य प्रदेश का एक औद्योगिक शहर है, जो इंदौर के बेहद करीब है। हालांकि इस कचरे को लेकर लोगों के बीच पहले से ही विरोध जताया जा रहा था, लेकिन कचरे के पीथमपुर में पहुंचने के बाद से यह आंदोलन और ज्यादा उग्र हो गया है। भोपाल से करीब 250 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर में इस जहरीले कचरे को शिफ्ट करना एक बड़ी चुनौती थी।**

- इमेज

इसके लिए 100 से ज्यादा श्रमिकों की मदद ली गई जिन्हें 30-30 मिनट की शिफ्ट में काम करवाया गया और उनका लगातार हेल्थ चेकअप किया जाता रहा। इस कचरे को 12 लीकप्रूफ कंटेनरों के जरिये 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की स्पीड से 1000 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ लाया गया। कचरे के कंटेनरों के साथ एम्बुलेंस, डॉक्टर, फायरब्रिगेड और क्विक रिस्पोंस की टीम भी मौजूद थी। 250 किलोमीटर का सफर तय करने में इन कंटेनरों को करीब 7.5 घंटे का समय लगा। 25 गाड़ियों के इस काफिले में हर कंटेनर में औसतन 30 टन कचरा रखा गया था।




मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री का दावा है कि कचरे में 60 प्रतिशत मिट्टी और 40 प्रतिशत नेफ्थॉल शामिल है, जिसका इस्तेमाल कीटनाशक बनाने में किया जाता है। ये हानिकारक नहीं है। मुख्यमंत्री के दावों के बावजूद पीथमपुर के लोग इस विषैले कचरे से जलवायु प्रदूषण के खतरे को लेकर परेशान हैं। उनकी चिंता है कि अगर ये कचरा जलाया जाता है तो इससे बचे हुए अपशिष्ट पदार्थों के जमीन में जाने के बाद भूमिगत जल जहरीला हो सकता है। लोगों के साथ साथ उनकी फसलों को भी इससे नुकसान हो सकता है। लोगों की इस प्रकार की चिंता वाजिब भी है। गौरतलब है कि भोपाल गैस त्रासदी दुनिया के इतिहास में आजतक की सबसे भयानक त्रासदी के रूप में आज भी याद की जाती है। लोग आज भी याद करके सिहर उठते हैं, जब साल 1984 में 2 से 3 दिसंबर में आधी रात के बाद भोपाल के यूनियन कार्बाइड के प्लांट सी में जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट का रिसाव हो रहा था और इसकी किसी को खबर भी नहीं थी। गैस के बादल हवा के झोकों के साथ बहा कर ले जा रही थी और उस समय पूरी हवा में ही धीरे धीरे जहर घुल रहा था। उसी हवा में धीरे धीरे सांस लेकर लोग ताश के पत्तों की तरह सड़क पर ही गिर रहे थे। कुछ लोग तो रात में सोकर उठे ही नहीं। जहरीली हवा ने उनकी जिंदगियां ही खत्म कर दी थी।

कीटनाशक बनाने वाली अमेरिकी कंपनी डाउ की यूनियन कार्बाइड की फैक्टरी से करीब 40 टन गैस रिसाव से लगभग 5,295 लोग कुछ ही घंटों के भीतर मारे गए थे। दरअसल यूनियन कार्बाइड में जहरीली मिथाइल आइसोसाइनेट गैस पानी से मिलने के कारण हुई रसायनिक प्रक्रिया से गैस के टैंक में दबाव पैदा हो गया और टैंक खुल गया था। साल 2023 में गैस त्रासदी पर एक अध्ययन सामने आया था, जिसे करीब 1995 से 2015 तक के इस त्रासदी से बचे 92,320 लोगों पर किया गया था, जिसमें यह बताया गया था कि इस त्रासदी में कोख में पल रहे बच्चों पर भी इस गैस का असर पड़ा था। इनमें कई लोगों को कैंसर हो गया, बहुतों को सांस लेने में दिक्कत आयी और कई लोगों की आंखों की रोशनी चले जाने से उनमें और भी कई विकार पैदा हो गए थे। यूनियन कार्बाइड से 10 किलोमीटर दूर तक के हैंडपंपों में भी जहरीले कैमिकल होने की वजह से इन हैंडपंपों का पानी जहरीला मानकर उन्हें सील कर दिया गया था।

भले ही मुख्यमंत्री महोदय इस कचरे को जलाने की प्रक्रिया को बेहद सुरक्षित होने का दावा करें और इसे जहरीला या हानिकारक न मानें, इसके बावजूद लोगों में विरोध प्रदर्शन जारी है। वे भले ही यह दावा करें कि विभिन्न पर्यावरणीय संस्थानों के अध्ययन के बाद ही इस कचरे को सुरक्षित तरीके से निपटाया जाएगा। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया है कि साल 2013 में 10 टन कचरा केरल के कोच्चि संस्थान में ले जाया गया था और बाद में पीथमपुर में इसका परीक्षण किया गया था। लेकिन लोग उस त्रासदी को आज भी नहीं भूले और उनके बीच में यह डर समा हुआ है कि 40 साल से जो कचरा 21 गड्ढ़ों में साइट पर दबा हुआ था, जिसमें नीकेल, कोबाल्ट, मैग्नीज, लैड, मरकरी और कोलोरिनेड, नेप्थलीन जैसे तत्व इस कचरे को बेहद खतरनाक और जहरीला बना चुके हैं। जिससे लोगों को कैंसर और स्किन की बीमारियां हो सकती हैं। ऐसे में यह कचरा कहीं दूसरी भोपाल गैस त्रासदी न बन जाए।

## गीता सार



तस्मात्त्वमिंद्रियाण्यादौ नियम्य भरतर्षभ ।
पाप्मानं प्रजहि ह्येनं ज्ञानविज्ञाननाशनम् ॥ (41)

भावार्थ :

अतः हे भरतवंशियों में श्रेष्ठ! तू प्रारंभ में ही इंद्रियों को वश में करके और आत्म-ज्ञान और आत्म-साक्षात्कार में बाधा उत्पन्न करने वाली इन महान-पापी कामनाओं का ही बल-पूर्वक समाप्त कर।

## बोले तो...



दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर न केवल मौजूदा कल्याणकारी योजनाएं जारी रहेंगी, बल्कि उन्हें और अधिक प्रभावी और भ्रष्टाचारमुक्त बनाया जाएगा। दिल्ली में महिला समृद्धि योजना के तहत प्रतिमाह 2,500 रुपए हर महिला को दिए जाएंगे।

- जेपी नड्डा

यह सत्य है कि शास्त्रों से रक्षा नहीं हो सकती। संस्कृतियों की रक्षा के लिए शस्त्र जरूरी हैं। तक्षशिला खत्म नहीं होता। एक लुटेरे ने नालंदा को आग के हवाले कर दिया। महीनों तक वहां पुस्तकें जलती रहीं। हमारे प्रभु ने जब-जब अवतार लिया तो उन्होंने अस्त्र धारण किए।



- राजा भैया



दुनियाभर की सरकारें और निजी क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करन के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। हमें अर्थव्यवस्था पर अपना दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है और स्थिरता को प्राथमिकता देनी चाहिए।

- सेलेस्टे साउलो

## कुछ अलग | अजब गजब

# खूबसूरत दिखने के लिए इस महिला ने स्किन में डलवाया जहर, करोड़ों की सर्जरी से बन गई 'हूर की परी'

खूबसूरत दिखना हर किसी की चाहत होती है, खासकर अगर महिलाओं की बात की जाए तो ये अपने रूप को निखारने के लिए सभी चाहते हैं। कई महिलाओं को तो सुंदर दिखने ऐसा शौक होता है कि वो अपने चेहरे और शरीर को सुधरने के बाकी हिस्सों को भी प्लास्टिक सर्जरी से सुधरवाने लगती हैं। हालांकि कई बार कुछ ये लोग खुद को खूबसूरत बनाने के लिए ऐसा कुछ कर जाती है कि लोगों के बीच मामला चर्चा का विषय बन जाता है।

ये कहानी है ब्राजील की मॉडल जैनायना प्रेजरेस के बारे में, जिन्होंने अपने चेहरे को सुंदर बनाने के लिए आठ करोड़ रुपए फूंक दिए। इतने पैसे उन्होंने खुद की प्लास्टिक सर्जरी पर खर्चा किया। अब वो लोगों के बीच खुद को दुनिया की सबसे सबसे खूबसूरत महिला बता रही है। अक्सर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे ये खूबसूरती मुझे विरासत में नहीं मिली, बल्कि उसने इसे हासिल करने के लिए अपनी गाढ़ी कमाई खर्च की है. अपने लुक्स को लेकर जैनायना का कहना है कि मैं



बिल्कुल भी नहीं कहती है कि मैं नैचुरल तरीके से इतनी ज्यादा सुंदर हूं बल्कि ऐसा दिखने के लिए मैंने अच्छी-खासी कीमत दी है। अपनी सर्जरी के बारे में बताते हुए उसने कहा कि में ब्रेस्ट ऑगमेंटेशन से लेकर बट फिलर, बोटॉक्स, ब्यूकल फैट रिमूवल, आदि जैसी सर्जरी करवाई है और इसी में सबसे ज्यादा खर्च किए है। इनकी खूबसूरती का क्रेज ऐसा है कि इन्हें सोशल मीडिया पर 7 लाख से ज्यादा लोग इंस्टाग्राम पर फॉलो करते हैं.

आपको जानकार हैरानी होगी कि इस मॉडल ने कई विवादित ट्रीटमेंट भी करवाया है। जिसमें बी-वेनम भी शामिल है। इससे चेहरे पर एक अलग लेवल का निखार आता है और इस प्रोसेस में स्किन के अंदर मधुमक्खी के जहर को डाला जाता है। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि मैं इतनी ज्यादा खूबसूरत हूं कि लोग मुझे इंसान नहीं बल्कि चीज समझते हैं। जिससे मुझे काफी अच्छा रिजल्ट मिला है और जो मेरे जीवन की बड़ी उपलब्धियों में शामिल है।

## पाठक पाती

### आठवें वेतनमान से कर्मचारियों और वेतनभोगियों को सीधा लाभ

आठवें वेतनमान की मंजूरी दे दी है। नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार की बैठक के बाद अश्विनी वैष्णव के कहा कि आठवें वेतन आयोग की घोषणा हुई है जिसमें आठवें आयोग के गठन से 48 .76 लाख केंद्र सरकार के कर्मचारी और 67.95 लाख पेंशन भोगियों को लाभ मिलेगा। 31 दिसंबर 2025 तक सातवां वेतन आयोग लागू है। सरकारी वेतन ने इजाफा होने के बाद प्राइवेट कजाएनियो ने सुविधा बढ़ा ली है।दिल्ली चुनाव का बिगुल बज चुका है। और केंद्र सरकार की आठवें वेतनमान की घोषणा करना भाजपा के लिए फायदेमंद रहने वाला है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मोदी सरकार ने मतदाताओं को साधने के लिए एक महत्वपूर्ण दांव खेला है। केंद्र सरकार ने पेंशनभोगियों को सीधा लाभ देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए भाजपा के पाले में गेंद डाल दी है।यह मोदी का मास्टरस्ट्रोक माना जा रहा है। दिल्ली में लाखों की संख्या में चुनाव में अहम भूमिका अदा करते है। सातवें वेतन आयोग की समय सीमा बाकी है। दरअसल, 2016 में सातवां वेतन आयोग लागू किया गया था। दिल्ली के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा है। यह चुनाव में लाभान्वित करने वाला फार्मूला कह सकते हैं। मोदी ने बहुत बड़ा दांव खेला है।विपक्ष के पास कोई जरिया नही है।कहे तो किससे कहे क्योंकि मोदी ने कहा था कि विपक्ष कितना ही हंगामा खड़ा क्यो न कर दे। विपक्ष की सोच खत्म होने के बाद मोदी की सोच शुरू होती है।संसद में विपक्ष को घेरते हुए यह बात कही गई थी। आठवा वेतन आयोग की सिफारिशों से भाजपा को फायदा हो सकता है।एक तरफा वोट के लिए यह निर्णायक साबित होगा। सरकार के इस फैसले से सरकारी कर्मचारियों के चेहरे खिल गए है।वेतन में बढ़ोतरी होगी और करीब डेढ़ गुना बढ़ोतरी का प्रावधान है।सातवे वेतनमान में अठारह हजार का वेतन सीधा 34 हजार तक होने की संभावना है। इस घोषणा से कर्मचारी खुश है। दिल्ली में नौ लाख से ज्यादा कर्मचारी पेंशन धारक है।

-कांतिलाल मांडोत सूरत

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# राजस्थान मरु उड़ान कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग पाली द्वारा राजस्थान मरु उड़ान कार्य' म के तहत शु' वार को पंचायत समिति सभागार देसूरी में आयोजित कार्यशाला में विषय-विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।
कार्य' म में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. महिपाल ने बताया कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत् ग्राम के गाय, भैंस, भेड़ बकरी और ऊंट पालक परिवारों के पशुधन का जोखिम कवर करने एवं पशु की आकस्मिक मृत्यु पर पशुपालक परिवार को आर्थिक संबल प्रदान किया जाता है।

डॉ. कपिल चौधरी ने पशु सुरक्षा हेल्प लाइन न. 1962 साझा किए। महिलाओं और बालिकाओं को घर या कहीं बाहर कोई भी पशु बीमार अवस्था या एक्सीडेन्ट अवस्था में मिलता है तो उसकी सूचना 1962 हेल्पलाईन नम्बर पर देकर पशु की जान बचाई जा सकती है। समेकित बाल विकास विभाग की सुपरवाइज कमला ने महिला एवं बालिकाओं के लिए पुलिस विभाग द्वारा बनाए गए राजकोप सिटीजन एप के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हम अपने लिए और अपने से जुड़ी बालिकाओं और महिलाओं को यह एप डाउनलोड करवा कर उनके साथ होने वाले किसी भी प्रकार के अपराध की घटनाओं से बचाया जा सकता है। जिला हब एम्पावरमेन्ट आफ वुमन से जेण्डर स्पेशलिस्ट राजश्री ने महिलाओं एवं बालिकाओं को राजस्थान मरु उड़ान कार्य' म के तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे शिक्षा सेतु, निःशुल्क आरएस-सीआइटी, आरएस-सीएफए जैसे कम्प्युटर कोर्स, आरएस-सीएसइपी द्वारा इंग्लिश स्पॉकन कोर्स एवं मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना से एक करोड़ तक का लोन और 30 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ लेकर स्वरोजगार स्थापित करने की जानकारी भी दी गई।



# मुख्यमंत्री सदभावना केंद्र का किया उदघाटन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** नगर निगम पाली द्वारा बनवाए गए मुख्यमंत्री सदभावना केंद्र का शु' वार को जिला कलक्टर एलएन मंत्री, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज और हिन्दू सेवा मंडल अध्यक्ष डॉ एसएन लोधा, उपाध्यक्ष केवलचंद कवाड़, पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा द्वारा उदघाटन किया गया। जिला कलेक्टर मंत्री द्वारा सदभावना केंद्र में सभी अनुपयोगी वस्तुएं, कपड़े आदि को देखा गया और बेसहारा लोगों व जो बीमार लोग हिंदू सेवा मंडल में रहते है, उन लोगों को कंबल और कपड़े वितरण किए गए। आयुक्त ने बताया कि नगर निगम पाली द्वारा जो सदभावना केंद्र खोला गया है, उसमें सभी सामग्री जैसे कपड़े, जूते, चप्पल आदि रखे जाएंगे। जो किसी जरूरतमंद लोगों के काम आ सकेंगें। सदभावना केंद्र का शु' वार से हिन्दू सेवा मंडल द्वारा संचालन किया जाएगा। आयुक्त ने शहरवासियों से आग्रह किया है कि वो अपने पास से अगर कोई अनुपयोगी वस्तुएं दान करना चाहते है तो हिन्दू सेवा मंडल में आकर सदभावना केंद्र में जमा करवा सकते है। ताकि किसी बेसहारा और गरीब लोगों के वो सामग्री या वस्तु काम में आ सके।

## आढ़ा ने ग्रहण किया थानाधिकारी का पदभार

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**खिंवाड़ा।** थानाधिकारी मनमंथ आढ़ा ने गुरुवार शाम को खिंवाड़ा थानाधिकारी पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया। थाने के पुलिसकर्मियों सहित गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने क्षेत्र की कानून व्यवस्था की समीक्षा की। तत्पश्चात खिंवाड़ा के बालाजी मंदिर पहुंच आराध्य के दर्शन पूजन कर क्षेत्र में खुशाहाली की कामना की। इस अवसर पर बालाजी ट्रस्ट सचिव एडवोकेट निर्मल आचार्य, अरावली क्षेत्रीय विकास समिति के राष्ट्रीय महासचिव केएम सुथार, बालाजी मंदिर के पुजारी एवील रावल आदि उपस्थित थे।

## परिहार ने किया नर्सिंग ऑफिसर का पदभार ग्रहण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** समीपवर्ती करणवा ग्राम पंचायत कोटड़ी सरंपच सुकली कुपाराम परिहार के पुत्र खीमराज परिहार ने मथुरादास माथुर जोधपुर मे नर्सिंग आफिसर पद पर आज अपना पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर देसूरी भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोकपुरी गोस्वामी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।परिहार एक अच्छे समाजसेवी के रूप में जाने जाते है।ऐसे में भाजपा म0डल के समस्त कार्यकार्ताओ ने हर्ष जताया।अशोकपुरी गोस्वामी ने कहा कि सच्ची लगन एव मेहनत से इंसान बेहतर तरक्की करता है । इस अवसर पर कुपाराम परिहार,नारायणलाल मेघवाल नेमाराम मेघवाल,बगदाराम,समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## महिला हेड कांस्टेबल को दी विदाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** पुलिस थाने में कार्यरत महिला हेड कांस्टेबल निरू सोलंकी का स्थानांतरण पाली होने पर शु' वार को सरगरा समाज के एससी मोर्चा नगर महामंत्री कालूराम मारू के नेतृत्व में समाजजन द्वारा माला एवं शॉल ओढाकर विदाई दी गई। इस मौके पर एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष माणकलाल, पुखराज मारू, जवानमल मारू, रामलाल कम्पाउंडर, छगन मारू कम्पाउंडर, राजाराम गाडल, नरेन्द्र मारू, विष्णुप्रसाद मारू, रणजीत गाडल, सुरेश मारू, साखलाराम फतापुरा एवं समस्त समाज के लोग उपस्थित रहे।



# दंपती को करवाया 101 पौधे वितरित करने का संकल्प

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** क्षेत्र के तखतगढ़ रोड स्थित पोलकी फार्म हाऊस में शु' वार को एक विवाह समारोह में एक व्यक्ति एक पौधा मिशन द्वारा पौधा-रस्म कार्य' म आयोजित किया गया।
पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत की प्रेरणा से नव विवाहित दंपती मधु कुमारी-अतुल कुमार को सात फेरों के साथ सन आफ इण्डिया का पौधा रोपित कर 101 पौधा वितरण करने का संकल्प दिलवाया। गुजरात से आए मेहमानों ने पौधा-रस्म को सराहनीय बताते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण में पौधा रस्म की अहम भूमिका होती हैं। शकुबाई मनाराम कुमावत चारभुजा परिवार की ओर से नवाचार के तौर पर पौधा-रस्म कार्य' म आयोजित कर शादी समारोह में पहुंचे मेहमानों का ध्यान आकर्षित किया। कृष्णादेवी सोनाराम मालवीया ने अपनी बिटिया की शादी समारोह में पौधा-रस्म कार्य' म करने व आए हुए मेहमानों पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के पर्यावरण प्रेमी ओमप्रकाश कुमावत का आभार व्यक्त किया। डा. सुरेशकुमार व पन्नालाल वेराजेतपुरा ने युज वेस्ट-पर्यावरण बेस्ट की जानकारी दी। शिवगंज भाजपा नगर अध्यक्ष ताराराम कुमावत ने कहा कि शादी समारोह में लाखों रुपए खर्च करते हैं तो हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कुछ पैसा खर्च करना चाहिए जो हमारी आने वाली पीढ़ियों को इसका 100 गुणा लाभ मिलेगा। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। इस अवसर पर कृष्णा देवी-सोनाराम मालवीया, देविकाबेन-नवीन पराडीया अहमदाबाद, नारायणलाल, शंकर प्रशान्त, ताराचन्द, कान्तिलाल, दिनेशकुमार मालवीया, विमलादेवी, चम्पादेवी, इन्द्रादेवी, कंचनदेवी, संतोष देवी, सीए दिनेश कुमावत सहित पर्यावरण प्रेमी मौजूद थे।



## आशापुरा मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित एसकेआर मेंटल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड प्रतिष्ठान की फैक्ट्री परिसर स्थित आशापुरा माता मंदिर शिखर पर वार्षिक ध्वजा चढ़ाई गई। प्रतिष्ठान संचालक नरेंद्र आर सुथार के अनुसार गायत्री परिवार एवं आचार्य मनीष दत्त के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा एवं हवन कार्य' म संपन्न हुआ। इसके पश्चात जयकारों के बीच ध्वजा चढ़ाई गई। कार्यक्रम में समस्त सुथार सोलंकी परिवार रूपाराम सुथार, घीसूलाल, बालूराम, दिनेशभाई, फालना उद्योग मंडल के चेयरमैन बहादुरसिंह, शांतिलाल, हेमंत राणावत, अमित मेहता, गिरीश अग्रवाल, अनंत नारायण सिंह, गोपाल पारीख, मनीष गोयल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, राजूभाई खालसा, राजेंद्र सेठ, निर्मेद्रसिंह, सुनील चौधरी, प्रवीण राठौड़, अशोक शर्मा, प्रवीण राठौड़, राजेंद्र सोलंकी, मनीष पहाड़िया, गोविंद व्यास, संदीप गोलेछा, महेश गोलेछा, जगदीश चौधरी सहित कई उद्यमी, व्यापारी, समाजबंधु व गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आयुष्मान आरोग्य शिविर में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सांडेराव।** श्रीमद हिमाचल राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दुजाना आयुष्मान आरोग्य मंदिर में शु' वार को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 385 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परमार्श कर दवाइयां देकर उपचार किया गया। शिविर प्रभारी डॉ परमवीरसिंह राजपुरोहित के अनुसार आमजन को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई। शिविर में 385 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। एलोपैथिक के 348 मरीज, आयुर्वेदिक के 37 मरीज शामिल है। इसमें दांतों के 20 मरीज, आंखों के 46 मरीजों की जाचं की गई। बच्चों के टीकाकरण 8 सहित चिकित्सा विभाग की ओर से 4 गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई।



महिलाओं का टीकाकरण सहित विभिन्न जांच, उपचार, दवाइयां एवं परामर्श से लाभान्वित किया गया। शिविर में बीपी, शुगर व हिमोग्लोबिन सहित अन्य रक्त जांचे की मौसमी सर्दी जुकाम की दवा दी गई। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के 45 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। शिविर में नर्सिंग ऑफिसर अशोककुमार परिहार, छगनाराम परमार, एएनएम मंगला ओझा, हेमकंवर, रुक्मिणि सीएचओ वचनाराम, भरतकुमार, लैब टेक्नीशियन सुश्री झलक व्यास, कम्प्यूटर आपरेटर बदाराम मीणा, सफाईकर्मी नितिन सैन्दर आदि मौजूद रहे। दुजाना सहित सैक्टर की समस्त आशा सहयोगिनी ने विभिन्न व्यवस्थाओं में सहयोग दिया।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ आज सुमेरपुर आएंगे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्सभा सांसद मदन राठौड़ एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को सुमेरपुर आएंगे। प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने प्रवास कार्य म जारी कर बताया कि वे शु वार रात जयपुर से पाली पहुंचे। शनिवार सवेरे 9 बजे पाली से जोधपुर जाएंगे। जहां पूर्व काबिना मंत्री के पौत्रों के उपनयन संस्कार कार्य म में भाग लेंगे। वहां से पुनः एक बजे पाली पहुंचेंगे और जिला परिषद सभागार में आयोजित पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा स्वामित्व योजना के लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड एवं पट्टा वितरण के वर्चुअली कार्य म में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे अपने निवास स्थान पर जनसुनवाई करेंगे। शाम 6 बजे पाली से सुमेरपुर के लिए रवाना होंगे। शाम 7 बजे सुमेरपुर देवड़ा कॉलोनी में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश राखेचा के पुत्र दिवंगत दिलीप कुमार राखेचा के पुत्र निखिल के विवाह समारोह में शिरकत करेंगे। इसके बाद रात को पाली पहुंच विश्राम करेंगे व 19 को जयपुर के लिए रवाना होंगे।

# इंटर्नशिप विधि विद्यार्थियों ने दी कानूनी जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे वि' मसिंह भाटी के निर्देशानुसार शु' वार को एश्वर्या महाविद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्राप्त करने आए विधि विद्यार्थी सुश्री भव्या करणी भाटी द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, तालुका विधिक सेवा समितियों से संबंधित एवं राष्ट्रीय लोक अदालत, मध्यस्थता, निशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई। गोपाराम द्वारा संविधान के मौलिक कर्तव्य, बालकों के कानूनी अधिकार, महिलाओं के कानूनी अधिकार आदि के बारे में बताया गया। सुश्री हर्षिता चौहान द्वारा साइबर अपराध एवं इससे निपटने हेतु बने कानून, नालसा हेल्पलाइन नम्बर 15100 आदि के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। वहीं मांगीलाल तंवर अधिकार मित्र द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, पीड़ित प्रतिकर स्कीम एवं इसकी पात्रता, महिलाओं तथा बच्चों के विरूद्ध हो रहे अपराध, नालसा पोर्टल व एप, बाल-विवाह, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम, परिवार में वरिष्ठ नागरिकों का महत्व, पोक्सो अधिनियम, नालसा व रालसा द्वारा जारी विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विभिन्न कानूनों की जानकारी प्रदान की गई। कार्य' म में महाविद्यालय के निदेशक ताजवीरसिंह, भोमसिंह, अश्विनी त्रिवेदी, गजेंद्र जीनगर, माधवगोपाल दवे आदि उपस्थित रहे।

# राजस्व प्रकरणों का शीघ्र करें निस्तारण : मंत्री

*राजस्व अधिकारियों की वीसी के माध्यम से ली बैठक*

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में शु' वार को सूचना प्रौद्योगिकी संचार विभाग डूइट में राजस्व अधिकारियों की बैठक वीसी माध्यम से आयोजित की गई।
जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों को लम्बित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। एजेंडावार बिन्दुओं पर जिले के सभी उपखंड अधिकारियों व वीसी रूम में मौजूद अधिकारियों से चर्चा कर जानकारी लेकर विस्तार से समीक्षा की।

### इन मामलों में की ब्लॉक समीक्षा

जिनमें भू अभिलेख शाखा, गिरदावरी की प्रगति, राजस्व कोर्ट शाखा न्यायालय से संबधित विचाराधीन प्रकरणों, प्रार्थना पत्र राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 धारा 131, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 धारा 175, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 धारा 177, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 धारा 251 ए, तहसीलदार फीफो रिपोर्ट ,स्वीकृत नामातकरण की समयबद्ध रिपोर्ट, पटवारी स्तर पर ऑटो फारवर्ड नामान्तरकरणों की सूचना, तहसील के अनुसार आदिनांक स्वतः नामान्तरकरण की स्थिति आनलाइन, सीमाज्ञान आवेदन, आनलाइन आवेदन विभाजन, कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ संपरिवर्तन नियम 2007 कुल निस्तारित व शेष के बारे में ब्लाकवार समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

### प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

साथ ही पटवारियों के बारे में, पंचायतीराज संस्था पुर्नगठन, बोरवेल के संबध में सूचना आदि के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। आबादी, खेल मैदान, चिकित्सालय, आंगनवाड़ी भूमि, मोबाइल टावर के लम्बित प्रकरण, पीएलपीसी के प्रकरणों, सर्तकता शाखा के प्रकरणों, राजस्थान सम्पर्क के प्रकरण, विधि शाखा के, राज्य सरकार के विरूद्ध पारित निर्णयों की समीक्षा, अधीनस्थ कार्यालय के प्रकरण, इ फाइल डिस्पोजल, जिला राजस्व लेखा शाखा भू राजस्व की वसूली के संबध, भूमि अवाप्ति के लम्बित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा कर संबधित अधिकारियों प्रकरणों का निस्तारण कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर डॉ बजरंगसिंह, अतिरिक्त कलक्टर भवानीसिंह, अतिरिक्त कलक्टर बाली शैलेन्द्रसिंह , सीइओ मुकेश चौधरी, तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल सहित वीसी के माध्यम से सभी उपखंड अधिकारी मौजूद रहे।

# सनातन संस्कृति के प्रचार को संत की अनूठी तपस्या

ठंडे जल से भरे इक्यावन मटकों से किया स्नान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**खिंवाड़ा।** कस्बे के खैड़ादेवी मंदिर प्रांगण में ग्यारह दिवसीय शीतल जलधारा तपस्या के तहत मंदिर के गादिपति जसाराम देवासी के सानिध्य में नागा बाबा स्वरूप भारती ने सैकड़ों धर्म प्रेमियों की उपस्थिति में शु' वार सुबह चार बजे 51 मटके शीतल जल से स्नान कर तप आराधना की। गादिपति देवासी ने बताया कि संत की ओर से सनातन संस्कृति के प्रचार, समाज को संगठित करने के उद्देश्य के साथ युवाओं में सुबह जल्दी उठने की लगन उत्पन्न करने 28 जनवरी तक पचास शीतल जल से प्रतिदिन दस-दस मटकों की बढ़ोतरी के साथ शीतल जलधारा तपस्या की जा रही है। इस अवसर पर शिव मंदिर पुजारी किरण गोस्वामी, वि' म देवासी, मंगेश प्रजापत, घीसाराम चौधरी, महेंद्रकुमार, नरेशकुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।



# ब्लॉक स्तरीय पीसीटीएस एचएमआइएस रिव्यू बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** बाली ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा हितेंद्र वागोरिया की अध्यक्षता में रिव्यू मीटिंग में ब्लॉक के समस्त चिकित्सा अधिकारी, एलएचवी सेक्टर हैल्थ सुपरवाइजर, सीएचओ महिला स्वास्थ कार्यकर्ता, डाटा एंट्री ऑपरेटर ने भाग लिया।जिला नोडल अधिकारी विवेक पाल व जिला सांख्यिकी अधिकारी सिकंदर, राहुल मंगल ने यूविन एंट्री, पीसीटीएस एचएमआइएस 6 नंबर फॉर्म एंट्री की ट्रेनिंग दी। डॉ हितेंद्र वागोरीया ने सभी को ऑनलाइन कार्य शत प्रतिशत करने की हिदायत दी। ब्लॉक प्रोग्राम ऑफिसर अजहरुद्दीन ने योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।



आयुष्मान कार्ड वितरण, इ केवाइसी, वय वंदना कार्ड, आभा आइडी, सी बैक फॉर्म, आरएसवाइ, जेएसवाइ, एएनसी, डिलेवरी, टीकाकरण, परिवार कल्याण रिव्यू किया गया। हैल्थ सुपरवाइजर प्रेम प्रकाश ने सभी महिला स्वास्थ कार्यकर्ता से आयुष्मान कार्ड वितरण, इ केवाइसी वय वंदना कार्ड, आभा आइडी की प्रगति रिपोर्ट ली एवं सभी को ड्यू कार्य कंप्लीट करने की हिदायत दी। एसटीए नारायण परिहार ने सिकल सेल कार्ड की प्रगति रिपोर्ट व मलेरिया स्लाइड लेने संबध में जानकारी दी। बैठक में विशेष तौर से आयुष्मान कार्ड वितरण, इ केवाइसी वय वंदना कार्ड, आभा आइडी शत प्रतिशत कंप्लीट करने पर जोर दिया गया।

## स्वामित्व योजना प्रशिक्षण शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** पंचायत समिति वीसी सभागार में शनिवार को स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों के कार्मिकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी रमेशदास वैष्णव ने बताया कि विकास अधिकारी कुम्भसिंह भाटी के निर्देशानुसार यह शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत मोरखा व ग्राम पंचायत आना में जनप्रतिनिधियों, कार्मिकों व लाभार्थियों की उपस्थिति में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री का संबोधन व प्रोपर्टी पार्सल वितरण का वर्चुअल आयोजन देखा जाएगा।

## बैठक में की गणतंत्र दिवस की तैयारियों पर चर्चा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष ललिता शा एवं पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दलपतराज चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। गणतंत्र दिवस समारोह को सामूहिक रूप से भव्य स्तर पर मनाने का निर्णय किया गया। नगर पालिका क्षेत्र के शिक्षण संस्थाओं के प्रधानों, प्रतिनिधियों एवं अन्य संस्था के प्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। विचार विमर्श के बाद सभी संस्था प्रधानों द्वारा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खुडाला फालना में सामूहिक रूप से मनाने सहित अन्य निर्णय किए गए। इस अवसर पर रमेश शाह, अमित मेहता, समीर गोस्वामी, शक्तिसिंह, विकास राठौड़, महेंद्र मालवीय एवं शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जैसलमेर में बर्ड फ्लू की दहशत

# खेत में गिरे 14 कुरजां, मौत

▶▶ मृत पक्षियों की संख्या 28

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में कुरजां (डेमोइसेल क्रेन) पक्षियों के मरने का सिलसिला जारी है। शुक्रवार सुबह उड़ते हुए कुरजां अचानक से खेत में गिर गई और थोड़ी देर में ही 14 पक्षियों ने तड़प-तड़प कर दम तोड़ दिया। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक उमेश व्रगतिवार ने बताया कि सबसे पहले देगराय ओरण इलाके में 14 कुरजां पक्षी मृत मिले थे। यहां 11 जनवरी को छह, 12 जनवरी को दो कुरजां के शव मिले थे। इसके बाद 13 जनवरी को दो, 15 जनवरी को तीन और 16 जनवरी को एक कुरजां का शव मिला था। 17 जनवरी को मोहनगढ़ के बांकलसर गांव में एक साथ 14 कुरजां के शव मिले हैं। अब तक 28 कुरजां की मौत हो चुकी है।



### वन और पशुपालन विभाग की टीम अलर्ट

जैसलमेर जिले में इन दिनों कुरजां में बर्ड फ्लू फैला हुआ है। भोपाल से आई रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के बाद वन और पशुपालन विभाग की टीम अलर्ट होकर काम कर रही है। कुरजां की हो रही लगातार मौतों के बाद लोगों में इस बीमारी को लेकर दहशत फैल गई है। भोपाल के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान (निषाद) की रिपोर्ट में लुनेरी तालाब में डेमोइसेल क्रेन के शवों में एच5एन1 एवियन फ्लू की पुष्टि की है। इसके बाद क्यूआरटी के साथ ही पशु अस्पताल, चिकित्सा विभाग, वन विभाग और राजस्व विभाग के फील्ड के अधिकारियों को पूरी तरह से चौकस कर दिया गया है।

### निमोनिया-कोरोना जैसे लक्षण मिले

पशुपालन विभाग के डा. उमेश ने बताया कि इस बीमारी में निमोनिया या कोरोना के जैसे ही लक्षण होते हैं। इलाज नहीं मिलने पर पक्षी की मौत हो जाती है। ये एक संक्रमण है, जो एक से दूसरे में जल्दी से फैलता है। पशुओं में भी ये संक्रमण फैल सकता है, जिससे उसकी जान जा सकती है। ऐसे में बचाव करना ही इलाज है। अगर किसी को हो जाए तो उसको प्रॉपर इलाज करवा कर मुक्त किया जा सकता है।

### न उपयोग करे तालाब का पानी

**बर्ड फ्लू के इंसानों में भी फैलने के खतरे को लेकर प्रशासन की ओर से जहां भी मृत पक्षी मिले हैं, उसके बाद इंसानों को उस तरफ नहीं जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही फिलहाल जहां मृत पक्षी मिले हैं, उन तालाबों के पानी का उपयोग नहीं करने को कहा गया है।**

## जैसलमेर में धूप से लोगों को राहत

▶▶ रात को सर्दी का असर तेज

▶▶ दिन का पारा दो डिग्री बढ़ा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जैसलमेर।** जैसलमेर में तापमान में उतार-चढ़ाव जारी है। दिन में धूप खिलने से जहां तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वहीं रात के तापमान में दो डिग्री की गिरावट आई है। ऐसे में दिन में मौसम सामान्य होने के साथ ही रात को सर्दी का एहसास होता है। पिछले दिनों बरसात के बाद मौसम ने करवट लेते हुए सर्दी का एहसास तेज हो गया था। मौसम विभाग ने अब न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना जताई है। जिससे रात में कड़ाके की सर्दी से राहत मिलेगी। पिछले दिनों धुंध व कड़ाके की सर्दी का एहसास होने के बाद अब दिन में धूप खिलने से लोगों ने राहत की सांस ली है। लेकिन रात में सर्दी का असर तेज है।



### मौसम विभाग की भविष्यवाणी

शुक्रवार को निकली तेज धूप ने लोगों को सर्दी से राहत दी। जिले में गुरुवार को अधिकतम तापमान करीब दो डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 23.4 डिग्री व न्यूनतम तापमान करीब दो डिग्री की गिरावट के साथ 6.7 डिग्री दर्ज किया गया। दिन व रात के पारे में 18 डिग्री का अंतर रहा। मौसम विभाग ने अब न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज होने की संभावना जताई है। जिससे रात में कड़ाके की सर्दी से राहत मिलेगी। कृषि मौसम वैज्ञानिक अतुल गालव ने बताया कि 18 जनवरी से मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 18 जनवरी से मौसम साफ रहेगा। साथ ही तापमान में बढ़ोतरी होने से कड़ाके की सर्दी से राहत मिलेगी।

बाड़मेर का इंडो-पाक बॉर्डर

## बीएसएफ ने पकड़ा हथियारों का जखीरा

- चार ग्लोबल पिस्टल बरामद
- बीएसएफ-पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** इंडो-पाक बॉर्डर पर अवैध हथियारों का जखीरा बीएसएफ ने पकड़ा है। हथियार तारबंदी पार से आना सामने आए है। फिलहाल बीएसएफ डीआईजी राज कुमार बस्साटा और बाड़मेर एसपी नरेंद्र सिंह मीना के लिए रवाना हो गए है। बीएसएफ और पुलिस की टीमें इलाके में सर्च ऑपरेशनल चलाया जा रहा है। अलग-अलग खुफिया एजेंसी एक्टिव होने के साथ-साथ हथियार तारबंदी पार कैसे आए इसका पता लगाया जा रहा है। बीकेडी (भभूते की ढाणी) के पास सर्च ऑपरेशन के दौरान हथियार पकड़े गए है।

दरअसल, सर्दी में एक बार फिर शांत कहे जाने वाली बाड़मेर बॉर्डर पर नापाक एक्टिव शुरू हो गई है। बीती रात को तारबंदी के पास हलचल होने पर बीएसएफ एक्टिव हुई। इनपुट के आधार पर बीएसएफ ने बीजराड़ थाना इलाके के बीकेडी पोस्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान वहां पर अवैध हथियार का जखीरा मिला। फिलहाल पुलिस और टीम ने चार ग्लोबल पिस्टल बरामद होने की पुष्टि हुई है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि इसके अलावा भी हथियार हो सकते है।



एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने कहा कि मौके पर बीजराड़ थाना पुलिस और डीएसटी टीम मौके पर है। मैं मौके पर जा रहा हूं। फिलहाल चार ग्लोबल पिस्टल बरामद हुई है। पुलिस और बीएसएफ की टीमें सर्च ऑपरेशन कर रही है। ज्यादा जानकारी मौके पर पहुंच पाने के बाद ही दे पाऊंगा।

### खुफिया एजेंसियां हुई एक्टिव

अवैध हथियार मिलने के बाद बीएसएफ, पुलिस सहित अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियां एक्टिव हो गई है। वहीं मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है।

## बाड़मेर में फिर कड़ाके की सर्दी



- तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस
- 15-20 किलोमीटर की रफ्तार से चल रही हवाएं

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** पश्चिमी राजस्थान में लगातार मौसम बदलाव देखने को मिल रहा है। बाड़मेर में कभी बूंदाबांदी, शीतलहर, घना कोहरा छा रहा है। लेकिन बीते दो दिनों से कोहरे और शीतलहर पर ब्रेक लगा हुआ है। लेकिन कड़ाके की ठंड का दौर बरकरार है। शुक्रवार को सुबह तेज सर्दी कहर रहा। तेज धूप खिलने के बाद 10 बजे के बाद लोगों को सर्दी से राहत मिली है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 8.2 डिग्री पहुंच गया। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री और अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना जताई है। दरअसल, जनवरी माह 16 दिनों में मौसम में तीन तरह के मौसम में बदलाव देखने को मिला। कड़ाके की ठंड, बारिश और गर्मी का एहसास भी करवाया। इन दिनों में तापमान भी बढ़कर 30 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 14 डिग्री तक पहुंच गया था। सर्दी के साथ-साथ तापमान में भी उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहा। घना कोहरा भी छाया रहा। वहीं ओस भी गिरी। लेकिन बीते दो दिनों से कोहरे पर ब्रेक लग गया है। लेकिन सर्दी का कहर शुक्रवार को सुबह भी जारी रहा। लोग सर्दी से बचने के लिए ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए। गली-गली मोहल्ले में लोग अलाव करते नजर आए। तेज धूप निकलने के बाद लोगों ने सर्दी से राहत ली। कड़ाके की ठंड में सुबह स्कूली बच्चों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्कूली बसों और वेन में ठिठुरते हुए स्कूल पहुंचते नजर आए। हल्की हवा चल रही है। शनिवार को न्यूनतम तापमान दो डिग्री गिरकर 8.2 डिग्री पहुंच गया। वहीं अधिकतम तापमान में गुरुवार को मामूली चढ़कर भी 25.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। इससे अब सर्दी कम होगी। शीत लहर का असर कम होने से आमजन को सर्दी से राहत मिली है।

प्रयागराज महाकुंभ मेला-2025

# बाड़मेर-बरौनी ट्रेन के तीन-तीन फेरे

▶▶ जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने दी जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाड़मेर।** रेलवे ने प्रयागराज महाकुंभ मेला-2025 में पैसेंजर के एक्स्ट्रा ट्रैफिक को देखते हुए बाड़मेर से बरौनी स्टेशनों के बीच तीन जोड़ी महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन का निर्णय लिया है। यह बाड़मेर से महाकुंभी स्पेशल ट्रेन 24 जनवरी, सात और 14 फरवरी को चलेगी। वहीं बरौनी से ट्रेन 26 जनवरी, नौ और 16 फरवरी को तीन-तीन ट्रिप के लिए संचालित होगी। इससे कुंभ में जाने के लिए पैसेंजर को सुविधा बढ़ेगी। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया- रेल प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों के महाकुंभ मेला में आवाजाही की सुविधा के लिए बाड़मेर से जोधपुर-जयपुर-प्रयागराज के रास्ते बरौनी के लिए तीन ट्रिप महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया- ट्रेन 04811/04812, बाड़मेर-बरौनी-बाड़मेर महाकुंभ मेला स्पेशल बाड़मेर से 24 जनवरी, सात और 14 फरवरी को तथा बरौनी से 26 जनवरी, नौ और 16 फरवरी को तीन-तीन ट्रिप के लिए संचालित की जाएगी जिससे यात्रियों को प्रयागराज आवागमन में सुविधा होगी। ट्रेन 04811 उपरोक्त तिथियों में बाड़मेर से सायं 5.30 बजे प्रस्थान कर रात्रि 9.20 बजे जोधपुर आगमन व 9.30 बजे प्रस्थान तथा प्रयागराज स्टेशन पर दूसरे दिन शाम सात बजे आगमन व 7.10 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन सुबह नौ बजे बरौनी पहुंच जाएगी। वापसी में ट्रेन 04812 उपरोक्त तिथियों में बरौनी से रात्रि 11 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 11.10 बजे प्रयागराज आगमन व 11.20 बजे प्रस्थान और तीसरे दिन सुबह 8.45 बजे जोधपुर आगमन व 8.55 बजे प्रस्थान कर दोपहर एक बजे बाड़मेर पहुंच जाएगी।



### ट्रेन इन स्टेशनों पर करेगी ठहराव

सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि महाकुंभ मेला स्पेशल ट्रेन आवागमन में बालोतरा, समदड़ी, जोधपुर, मेड़ता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलीपुत्र व हाजीपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

### होंगे इतने डिब्बे

ट्रेन 04811/04812, बाड़मेर-बरौनी-बाड़मेर स्पेशल ट्रेन में बाड़मेर से 24 व बरौनी से 26 जनवरी को एक थी टायर एसी, पांच स्लीपर, 15 जनरल व दो गार्ड एसएलआर सहित 23 डिब्बे होंगे। जबकि ट्रेन 04811/04812, बाड़मेर-बरौनी मेला स्पेशल ट्रेन में बाड़मेर से सात और 14 फरवरी तथा बरौनी से नौ और 16 फरवरी को दो सेकेंड एसी, पांच एसी थ्री टायर, 11 स्लीपर, चार जनरल और दो एसएलआर सहित 24 डिब्बे होंगे।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने नाथद्वारा में किया डांस

राधाकृष्ण महाराज के भजनों पर जमकर थिरके

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने राजसमंद के नाथद्वारा में भजन संध्या के दौरान जमकर नृत्य किया। यहां नाथद्वारा में आयोजित गिरधारलालजी आनंद उत्सव के अवसर पर चल रही भागवत कथा में गुरुवार रात्रि को गोवत्स कथावाचक राधाकृष्ण महाराज ने राधा मीरा के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी खुद को नहीं रोक पाए और नाचने व झूमने लगे। वहीं कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय, राधाकृष्ण महाराज व गोस्वामी शरणम बावा ने भी नृत्य किया। इस दौरान कथा पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी उत्साह पूर्वक जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम देर रात्रि तक चला जहां सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



### श्रीनाथजी की संध्या आरती के दर्शन

बागेश्वर धाम सरकार के पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने गुरुवार शाम को पुष्टिमार्ग की प्रधानपीठ श्रीनाथजी मंदिर नाथद्वारा में प्रभु श्रीनाथजी की संध्या आरती के दर्शन किए। इसके बाद बाद सभी महाप्रभुजी की बैठक पहुंचे। जहां मंदिर परंपरा अनुसार बैठक जी में अधिकारी सुधाकर शास्त्री, सहायक अधिकारी अनिल सनाढय, सचिव लीलाधर पुरोहित ने उपरना रजाई ओढ़ाकर व श्रीनाथजी का प्रसाद भेंट कर उनका समाधान 'स्वागत' किया। इस दौरान उनके साथ कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय व राधाकृष्ण महाराज भी साथ में थे।

# व्यापार जगत

## सोना महंगा, चांदी में गिरावट

- सोना 115 से बढ़कर 79,299 रुपए
- चांदी 90,755 रुपए प्रति किलो बिक रही

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में 17 जनवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 115 रुपए बढ़कर 79,299 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने का दाम 79,184 रुपए प्रति दस ग्राम था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,029 रुपए कम होकर 90,755 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 91,784 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

### 4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,420 रुपए है। **मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,270 रुपए है। **कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 74,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 81,270 रुपए है। **चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,270 रुपए है। **भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 74,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 81,320 रुपए है।



2024 में गोल्ड ने 20% और सिल्वर ने 17% का रिटर्न दिया बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई।

एक जनवरी 2024 को सोना 63,352 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,162 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान, एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

## रुपए को लेकर आरबीआई ने उठाया बड़ा कदम




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को सीमापार लेनदेन के निपटान को लेकर भारतीय रुपए और स्थानीय/राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए उदार मानदंडों की घोषणा की। यह निर्णय ऐसे समय में लिया गया है जब रुपए की विनिमय दर में गिरावट आ रही है और सोमवार को यह अबतक के सबसे निचले स्तर 86.70 प्रति डॉलर पर पहुंच गई। भारतीय रुपए सहित स्थानीय मुद्राओं में सीमापार लेनदेन को प्रोत्साहित करने के लिए रिजर्व बैंक पहले ही संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया और मालदीव के केंद्रीय बैंकों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर चुका है। व्यापार में लेनदेन के लिए भारतीय रुपए के उपयोग को प्रोत्साहित करने को लेकर, जुलाई 2022 में, विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता के रूप में एक अतिरिक्त व्यवस्था शुरू की गई थी। तब से कई विदेशी बैंकों ने भारत में बैंकों में ये खाते खोले हैं।

आरबीआई ने गुरुवार को मौजूदा फेमा नियमों में किए गए बदलावों की घोषणा करते हुए कहा कि अधिकृत डीलर बैंकों की विदेशी शाखाएं भारत में रहने वाले किसी व्यक्ति के साथ सभी चालू खाते और पूंजी खाता लेनदेन के निपटान के लिए भारत के बाहर रह रहे व्यक्ति के लिए रुपया खाता खोलने में सक्षम होंगी।

उदारीकृत फेमा (विदेशी विनिमय प्रबंधन कानून) नियमों के तहत, भारत के बाहर रह रहा व्यक्ति विशेष प्रवासी रुपया खाता और विशेष रुपया वोस्ट्रो खाता (एसआरवीए) के जरिए अन्य प्रवासियों के साथ पात्र लेनदेन का निपटान कर सकेगा। इसके अलावा, भारत से बाहर रहने वाले व्यक्ति एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश), गैर-ऋण उत्पादों समेत विदेशी निवेश के लिए रुपए खातों में रखी अपनी शेष राशि का उपयोग कर सकेंगे। ये खाते वैसे हैं, जिसमें रखी राशि को निवेशक अपने देश भेज सकते हैं।

आरबीआई ने कहा कि भारतीय निर्यातक निर्यात आय प्राप्त करने और आयात के भुगतान समेत व्यापार से जुड़े सौदों के निपटान के लिए दूसरे देशों में किसी भी विदेशी मुद्रा में खाते खोल सकेंगे। रिजर्व बैंक ने भारतीय रुपए में सीमापार लेनदेन को बढ़ावा देने का निर्णय केंद्र सरकार के परामर्श से 1999 के फेमा नियमों की समीक्षा के बाद लिया है।

## कमजोर रुपए से बढ़ेगा भारत के सोने का आयात 'बिल'

**नई दिल्ली।** आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने शुक्रवार को कहा कि घरेलू मुद्रा में गिरावट से भारत के सोने के आयात 'बिल' में वृद्धि होगी। खासकर जब वैश्विक सोने की कीमतें सालाना आधार पर 31.25 प्रतिशत बढ़कर जनवरी में 86,464 डॉलर प्रति किलोग्राम हो गई हैं। जनवरी 2024 में कीमत 65,877 डॉलर प्रति किलोग्राम थी। 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा, भारतीय रुपया (आईएनआर) पिछले वर्ष 16 जनवरी से अब तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 4.71 प्रतिशत कमजोर होकर 82.8 रुपए से 86.7 रुपए पर आ गया है। वहीं पिछले 10 वर्षों में यानी जनवरी 2015 से 2025 के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में 41.3 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 41.2 रुपए से टूटकर 86.7 रुपए पर आ गया है। इसकी तुलना में, चीनी युआन में 3.24 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 7.10 युआन से घटकर 7.33 युआन हो गया।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, '' कुल मिलाकर कमजोर रुपए से आयात 'बिल' बढ़ेगा, ऊर्जा तथा कच्चे माल की कीमतें बढ़ेंगी जिससे अर्थव्यवस्था में दबाव बढ़ेगा। पिछले 10 वर्षों के निर्यात आंकड़ों से पता चलता है कि कमजोर रुपए से निर्यात को कोई मदद नहीं मिलती है, जबकि अर्थशास्त्रियों की राय इससे उलट है।'' उन्होंने कहा कि हालांकि आम राय के अनुसार कमजोर मुद्रा से निर्यात को बढ़ावा मिलना चाहिए, लेकिन भारत के दशक भर के आंकड़े एक अलग कहानी बयां करते हैं। उच्च आयात वाले क्षेत्र फल-फूल रहे हैं, जबकि कपड़ा जैसे श्रम-गहन, कम आयात वाले उद्योग लड़खड़ा रहे हैं।



श्रीवास्तव ने कहा, '' 2014 से 2024 तक के व्यापार आंकड़े भी अलग कहानी दर्शाते हैं। 2014 से 2024 की अवधि में कुल वस्तु निर्यात में 39 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी और कंप्यूटर जैसे उच्च आयात वाले क्षेत्रों में बहुत अधिक वृद्धि देखी गई।'' उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में 232.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और मशीनरी तथा कंप्यूटर निर्यात में 152.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। श्रीवास्तव ने कहा कि इस बीच, परिधान जैसे कम आयात वाले क्षेत्रों में कमजोरी आई, जबकि कमजोर रुपए के कारण उनके सामान वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी हो गए होंगे। उन्होंने कहा, '' इन ट्रेंड्स से पता चलता है कि कमजोर रुपया हमेशा निर्यात को बढ़ावा नहीं देता है। यह श्रम-गहन निर्यात को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाता है और कम मूल्य संवर्धन के साथ आयात-संचालित निर्यात को बढ़ावा देता है।'' जीटीआरआई ने सुझाव दिया कि भारत को दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता प्राप्त करने के लिए वृद्धि विकास और मुद्रास्फीति नियंत्रण के बीच सावधानीपूर्वक संतुलन बनाना होगा तथा साथ ही रुपया प्रबंधन व व्यापारिक रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होगा। उन्होंने कहा, '' हालांकि, वास्तविक स्थिति गंभीर है।

## सेंसेक्स 423 अंक गिरकर 76,619 पर बंद

**मुंबई।** सेंसेक्स 17 जनवरी को 423 अंक की गिरावट के साथ 76,619 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 109 अंक की गिरावट रही, ये 23,201 के स्तर पर बंद होगा। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 29 में तेजी और 21 में गिरावट रही। जबकि, एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में प्राइवेट बैंकिंग सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.17% की गिरावट रही।



एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.31% और कोरिया के कोस्पी में 0.16% की गिरावट रही। वहीं चीन के शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स में 0.18% की तेजी रही। एनएसई के डेटा के अनुसार, 16 जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 4,341 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 2,928 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। 16 जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.16% की गिरावट के साथ 43,153 पर बंद हुआ। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.21% गिरकर 5,937 बंद हुआ। नैस्डैक इंडेक्स में 0.89% की गिरावट रही। स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स के आईपीओ का आज दूसरा दिन स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का आईपीओ का 17 जनवरी को दूसरा दिन है। निवेशक इस इश्यू के लिए 20 जनवरी तक बिडिंग कर सकेंगे। 23 जनवरी को कंपनी के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

## आपका राशिफल 18 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## न्यू इनबॉक्स

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 20 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण से संबंधित कार्य की समीक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक समिति के अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार एवं जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने बताया कि बैठक में जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण के ि यान्वयन का समन्वय, पुनरावलोकन एवं मूल्युांकन करने सहित जिले में घटित होने वाली जन्म, मृत्यु एवं विवाह की घटनाओं के पंजीकरण, जन्म-मृत्यु पंजीकरण कार्य की पहचान पोर्टल पर लंबित आवेदनों व पीसीटीएस पोर्टल पर दर्ज जन्म की घटनाओं के पहचान पोर्टल पर पंजीयन कार्य की समीक्षा की जाएगी।

### मुख्य सचेतक गर्ग आज जालोर-सिरोही दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग शनिवार को जालोर व सिरोही जिले के दौरे पर रहेंगे।



प्राप्त कार्यक्रमानुसार राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक गर्ग शनिवार को प्रातः 10 बजे जालोर से प्रस्थान कर प्रातः 11.30 बजे सिरोही पहुंचेंगे जहां स्वामित्व योजनान्तर्गत पट्टे व पार्सल वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे सिरोही से रवाना होकर सायं 4 बजे जालोर पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम सर्किट हाउस जालोर में करेंगे।

---

### स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

# युवाओं को दिया विवेकानंद के मार्ग पर चलने का संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** हिंदू युवा संगठन संस्था की ओर से राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत छठे दिन गुरुकुल क्लासेस में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेड़िया ने बताया कि हिंदू युवा संगठन संस्था की ओर से गुरुकुल क्लासेस में स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि समाजसेवी बंशीलाल सोनी उपस्थित थे। वहीं अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की।



विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र मुणोत, एडवोकेट दिनेश महावर एडवोकेट, अमन, देवेंद्र मेहता, गुरुकुल क्लासेज से ललित सुंदेशा, हीराराम देवासी, पप्पू बंजारा उपस्थित थे। अतिथियों की ओर से स्वामी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। भाषण प्रतियोगिता में कल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने विवेकानंद की जीवनी पर एक से बढ़कर एक भाषण दिया। संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने कहा कि हिंदू युवा संगठन संस्था युवाओं की जन जागृति के लिए कार्य करती है। हम सभी को युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी के जीवन से शिक्षा लेनी चाहिए। समाजसेवी बंशीलाल सोनी ने कहा कि हम सबको ऐसे महापुरुषों के जयंती समारोह पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। एडवोकेट दिनेश महावर, महेंद्र मुणोत, अमन, देवेंद्र मेहता, ललित सुंदेशा सहित कई वक्ताओं में सम्बोधित किया। नगर अध्यक्ष हेमेंद्रसिंह बगड़िया ने आभार ज्ञापित किया। कार्य म के दौरान सीता चौधरी, अरुणकुमार, दलपत खंडेलवाल, कमलेशकुमार, हितेशकुमार, जगदीश कुमार, दिलीप कुमार उपस्थित थे।

---

# धरना 20वें दिन जारी

## आक्रोश रैली निकाल सौंपा ज्ञापन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** भाजपा सरकार द्वारा सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति के तत्वावधान में सांचौर मुख्यालय पर धरना 20वें दिन शुक्रवार को जारी रहा। युवा नेता अर्जुन देवासी के नेतृत्व में गोलासण के ग्रामीणों ने संघर्ष समिति को समर्थन देकर आक्रोश रैली निकाली। वहीं उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्वमंत्री सुखराम विश्नोई, भीमाराम चौधरी, अर्जुन देवासी, हिन्दूसिंह चैहान, हीराराम देवासी, नरसीराम देवासी, विरमाराम भील, भगराज देवासी, भगाराम मेघवाल, रणछोड़ाराम, सेंधाराम, मफाराम देवासी, रामाराम देवासी, भीखाराम देवासी, गणपतलाल, सेधाराम भील, गमनाराम भील, पन्नाराम, रिड़मलराम, सोनाराम, नानजीराम, नरसीराम देवासी, वेरसीराम देवासी, नागजीराम देवासी, हीराराम देवासी, दशरथ देवासी, सगताराम देवासी, दरगाराम मेघवाल, हीराराम मेघवाल, मसराराम मेघवाल, लीलाराम मेघवाल, मेवाराम देवासी गोलासन, चन्दनसिंह राजपूत विरोल, पुनमाराम रानीवाड़ा, किशनलाल, भैराराम, जगमालाराम विश्नोई राजीवनगर, रूगनाथाराम, मनोजकुमार धमाणा का गोलिया, हरीकिशन मांजु जाखल, निम्बाराम भीमगुड़ा, चेतन प्रकाश भीमगुड़ा, रामलाल बलाना, लालाराम साहु डांगरा, पबसिंह राजपूत हाडेचा, टिकमाराम पहाड़पुरा, मेवाराम वासन चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

---

# मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं नशा मुक्ति अभियान के पोस्टर का विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं नशा-मुक्ति के लिए आमजन एवं युवा पीढी को जागरूक एवं सतर्क करने के लिए जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने पोस्टर का विमोचन किया। मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं नशा मुक्ति के लिए त्रि-स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर निबंध, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय एवं निजी विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक के अध्ययनरत विद्यार्थी भाग लेंगे। जिसमें ग्राम पंचायत स्तर पर 20 जनवरी, ब्लॉक स्तर पर 24 को एवं जिला स्तर पर 29 जनवरी को प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा सहायक निदेशक



सोहनलाल भाटी ने बताया कि ग्राम पंचायत, ब्लॉक स्तर एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वालों को नकद राशि, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर समानित किया जाएगा। जिसका आयोजन ग्राम स्तर पर पीइइओ एवं शहरी स्तर पर यूसीइइओ द्वारा संपादित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम रहने वाले वाले प्रतिभागी को ब्लॉक स्तर पर, ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम रहने वाले को जिला स्तर की प्रतियोगिता में समिलित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर प्रथम रहे प्रतिभागियों को नकद एक हजार रुपए, जिला स्तर पर प्रथम रहने वाले को 5100-5100 रुपए एवं एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2100-2100 रुपए नकद के साथ स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र से समानित किया जाएगा पोस्टर विमोचन अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. बजरंगसिंह, मुय कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मुकेश चौधरी, आयुक्त नगर निगम नवीन भारद्वाज, जिला कोषाधिकारी राकेश गोयल, मुय जिला शिक्षा अधिकारी सीपी जायसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित इत्यादि उपस्थित थे।

---

### सारण बने युवा कांग्रेस प्रदेश समन्वयक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया की अनुशंसा पर एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुधींद्र मूड एवं यशवीर शूरा की ओर से नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। जिसमें रानीवाड़ा क्षेत्र के रमेश सारण को युवा कांग्रेस प्रदेश समन्वयक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सारण का माला-साफा पहनाकर कर स्वागत किया गया। सारण ने संगठन का आभार जताते हुए संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा से कार्य करने की बात कही।



---

# दुग्ध उपभोक्ताओं को किया जागरूक



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**रानीवाड़ा।** जालोर-सिरोही दुग्ध उत्पादक सरकारी संघ लिमिटेड की ओर से चलाए जा रहे दूध का दूध पानी का पानी अभियान के तहत शुक्रवार को दासपा रोड भीनमाल में शिविर आयोजित किया गया। जहां दूध सैंपलों की निशुल्क जांच कर खुले में बिकने वाले दूध की जांच की गई। नोडल अधिकारी जवानसिंह बलावत ने बताया कि शिविर लगने के पूर्व डेयरी की टीम डोर टू डोर पैम्फलेट वितरण कर उपभोक्ताओं को जागरूक कर रही है। शिविर के दौरान प्रबंधक गुण नियंत्रण प्रकाश श्रीवास्तव, प्रबंधक संयंत्र डुंगाराम जीनगर, अशोक बोहरा, जयेश त्रिवेदी, रघुवीरसिंह सोलंकी, महेंद्रसिंह, विक्रमसिंह, राहुल गर्ग, साईना अंसारी, नदिम, तुलसाराम, डायाराम सोनी सहित कई लोग मौजूद थे।

---

## अवैध उपयोग पर 6 घरेलू सिलेंडर जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** शहर में रसद विभाग की ओर से घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध उपयोग पर कार्रवाई कर 6 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। प्रवर्तन अधिकारी प्रदीप परिहार ने बताया कि भीलों का चौहटा, खारी रोड, महावीर चौराहा सहित विभिन्न जगहों पर कार्रवाही कर 6 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। लोगों को बताया कि व्यवसायिक गैस सिलेंडर जो आसानी से गैस एंजेसी पर उपलब्ध रहता है, उसका उपयोग करें।

---

## यातायात नियमों की पालना का दिया संदेश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** नेहरू युवा केन्द्र पाली द्वारा माय भारत, एनएसएस, एनसीसी व युवा मण्डल के 25 स्वयंसेवकों के सहयोग व यातायात पुलिस के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारभ किया गया। यातायात सीओ सुघड़सिंह व यातायात प्रभारी हिंगलाज दान ने युवाओं के सहयोग से सूरजपोल चौराहे पर आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागृत किया। उन्होंने आमजन को दुर्घटनाओं के आंकड़े व उनमें होने वाले मृत्यु संया के बारे में जानकारी देकर सचेत किया। जिला युवा अधिकारी राजेन्द्र जाखड़ ने बताया कि युवाओं द्वारा 23 जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान में आमजन को जागरूक किया जाएगा। नेहरू युवा केन्द्र के भंवरसिंह राजपुरोहित, स्वयंसेवक पारस थानवी, हर्षिता सिसोदिया, संतोष, विद्या प्रजापत, लक्ष्मी राजपुरोहित, बबलू देवासी आदि 25 युवाओं ने सहयोग किया।

---

# आत्मा योजना में श्रेष्ठ किसान होंगे पुरस्कृत

### 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** आत्मा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में पंचायत एवं जिला स्तर पर कृषक पुरस्कार दिए जाने के लिए 25 जनवरी, 2025 तक प्रगतिशील कृषकों व पशुपालकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि विभाग के उप निदेशक एवं आत्मा के परियोजना निदेशक जितेन्द्रसिंह शेखावत ने बताया कि यह पुरस्कार कृषि से जुड़ी पांच गतिविधियों-कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन डेयरी, जैविक खेती एवं नवाचार खेती के लिए दिए जाएंगे। जालोर जिले में प्रत्येक पंचायत समिति पर प्रत्येक गतिविधि में एक श्रेष्ठ कृषक का चयन किया जाएगा। जिले की दस पंचायत समितियों में 50 कृषकों का चयन किया जाना है। इनमें से जिला स्तर पर प्रत्येक गतिविधि में श्रेष्ठ दो कृषकों का चयन कर कुल 10 कृषकों का चयन किया जाएगा। पंचायत समिति स्तर पर 10 हजार एवं जिला स्तर पर 25 हजार रुपए प्रति श्रेष्ठ कृषक को दिए जाएंगे। यदि जिला स्तर पर श्रेष्ठ कृषक का राज्य स्तर पर श्रेष्ठ कृषक के लिए चयन होता है तो 50 हजार रुपए दिए जाएंगे।

---

# अधूरा छोड़ा सड़क निर्माण का काम, आवाजाही को लेकर ग्रामीण परेशान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुड़ामालानी।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत उदानियों की ढाणी बाड़मेर डामर सड़क से गोगाजी के थान तक जाने के लिए पक्की सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। सड़क करीब आठ किमी तक 276.11 लाख रुपए की लागत से बननी है। लेकिन करीब डेढ़ साल से निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। ठेकेदार सड़क पर गिट्टी बिछाकर छोड़ गायब है। सड़क की गिटटी, उड़ते धूल के गुब्बार से राहगीर व ग्रामीण परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदार की ओर से गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और सड़क परं गिट्टी डालकर डेढ़ साल से गायब है। घटिया निर्माण कार्य व गारंटी अवधि पूरी होने की जानकारी विभागीय अधिकारी को भी है। इसके बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### मई 2023 से फरवरी 2024 तक पूरा होना था काम

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा सूचना बोर्ड लगाया गया है जिसमें सड़क निर्माण कार्य के लिए मई 2023 से फरवरी 2024 तक निर्माण कार्य को पूरा करने का लक्ष्य है। यह कार्य जेके ट्रेडिंग कंपनी सांचौर को दिया गया था। लेकिन कार्य समाप्ति के संभावित तिथि के 11 माह अधिक होने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों की ओर से मार्ग में डामरीकरण करने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है।

---

# शिक्षकों के हितों से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

### राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का शैक्षिक सम्मेलन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का शैक्षिक सम्मेलन स्थानीय कचहरी रोड विद्यालय में जिला प्रमुख राजेश कुमार राणा, विधायक डॉ. समरजीतसिंह, आल इंडिया स्टेट गवर्नमेंट एम्पलायज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड सुभाष लांबा, महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवानराम, मंगलाराम खोखर, डॉक्टर भूपेंद्र चौधरी, विक्रमसिंह राठौड़ बासड़ा धनजी, प्रदेश अध्यक्ष बनाराम चौधरी व संरक्षक महादेवाराम देवासी की मौजूदगी में आयोजित किया गया। सुभाष लांबा ने कहा कि हमें संगठित होकर सरकारों के खिलाफ आंदोलन करना होगा।





उन्होंने कहा कि सरकार पब्लिक सेक्टर को पूंजीपतियों के हवाले करना चाहती है। उन्होंने राज्य सरकार और केंद्र सरकार से कर्मचारियों के आयकर सीमा में सकारात्मक संशोधन करने की मांग की। जिला प्रमुख राणा ने शिक्षकों की जिला परिषद से संबंधित समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमें राजस्थान के तमाम कर्मचारियों को संगठित होकर एकजूट होकरआंदोलन करना होगा, उन्होंने सरकार से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण अविलंब करने की मांग की। महामंत्री ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें ओपीएस बरकरार रखने, नव क्रमोन्नत विद्यालय में पद स्वीकृत करने, सभी संवर्गों की पदोन्नतियां करने सहित प्रतिवेदन में सगठनात्मक गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। संयोजक जयकरण खिलेरी ने आगंतुक अतिथियों, भामाशाहों, शिक्षकों का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष लुंबाराम चौधरी ने तमाम शिक्षाविदों का स्वागत करते हुए व्यवस्थाओं संबंधी जानकारी प्रदान की। प्रदेश सभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार ढाका ने कहा कि अपने अधिकारों के लिए आंदोलन करने होंगे। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जसवंतसिंह नरूका ने मुख्यमंत्री के साथ बीते दिन कर्मचारी संगठनों की हुई वार्ता की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

---

### स्वामित्व योजनान्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** स्वामित्व योजनान्तर्गत शनिवार को जिला परिषद व पंचायत समिति जालोर का जिला स्तरीय संयुक्त कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।
जिला स्तरीय आयोजन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शनिवार को स्वामित्व योजनान्तर्गत वर्चुअल माध्यम से पट्टे व प्रोपर्टी पार्सल वितरण एवं लाभार्थियों को संबोधित किया जाएगा। जहां राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष जसवंत विश्नोई भी मौजूद रहेंगे। कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि स्वामित्व योजनान्तर्गत 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे से संयुक्त कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नन्दकिशोर राजोरा को जिला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। तथा विभिन्न विभागों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंप कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए खेल पुरस्कार

# मनु भाकर-गुकेश सहित चार को मिला खेल रत्न

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर और किशोर शतरंज विश्व चैंपियन डी गुकेश को शुक्रवार को यहां एक शानदार राष्ट्रीय खेल पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न से सम्मानित किया गया। देश के सर्वोच्च खेल सम्मान के अन्य दो खिलाड़ियों में पुरुष हॉकी कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरालंपिक स्वर्ण विजेता हाई जंपर प्रवीण कुमार थे। वार्षिक सम्मान एक अंक प्रणाली द्वारा तय किए जाते हैं जिसमें ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप में दिए गए प्रदर्शन पर सबसे अधिक जोर दिया जाता है। हरमनप्रीत टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली राष्ट्रीय टीमों का हिस्सा थे।






दूसरी ओर प्रवीण ने पिछले साल पेरिस में जापानी राजधानी में अपने रजत पदक को स्वर्ण में बदला था। उनका बायां पैर जन्म से ही छोटा था। 32 एथलीटों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिनमें से 17 पैरा-एथलीट हैं। अर्जुन पुरस्कार के लिए चुने गए एथलीटों में पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पहलवान अमन सेहरावत, निशानेबाज स्वप्निल कुसाले और सरबजोत सिंह तथा पुरुष हॉकी टीम के खिलाड़ी जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, संजय और अभिषेक शामिल हैं। इस बार अर्जुन पुरस्कार विजेताओं की सूची में पैरा-एथलीटों की संख्या स्वस्थ खिलाड़ियों से अधिक रही, क्योंकि पेरिस पैरालिंपिक में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था जिसमें उन्होंने सात स्वर्ण और नौ रजत सहित 29 पदक जीते थे।

22 वर्षीय भाकर पिछले अगस्त में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीतकर ओलंपिक के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली एथलीट बनीं। 18 वर्षीय गुकेश पिछले महीने चीन के डिंग लिरेन को हराकर अब तक के सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बने।

### राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 विजेताओं की सूची

| नाम | खेल |
|---|---|
| **द्रोणाचार्य पुरस्कार** | |
| सुभाष राणा | पैरा निशानेबाजी (नियमित वर्ग) |
| दीपाली देशपांडे | निशानेबाजी (नियमित वर्ग) |
| संदीप सांगवान | हॉकी (नियमित वर्ग) |
| एस मुरलीधरन | बैडमिंटन (लाइफटाइम वर्ग) |
| अरमांडो एगनेलो कोलाको | फुटबॉल (लाइफटाइम वर्ग) |
| **मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी** | |
| चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी | ओवरऑल विनर |
| लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी | प्रथम उपविजेता |
| अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी | द्वितीय उपविजेता |
| **राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार** | |
| फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया | |

### 34 खिलाड़ियों को मिला अर्जुन पुरस्कार


खेल रत्न के अलावा 34 खिलाड़ियों को 2024 में खेलों में उत्कृट प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें से एथलीट सुचा सिंह और पैरा तैराक मुरलीकांत राजाराम पेटकर को अर्जुन अवॉर्ड लाइफटाइम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बेहतर कोचिंग देने के लिए पांच लोगों को द्रोणाचार्य पुरस्कार मिला, जिसमें बैडमिंटन कोच एस मुरलीधरन और फुटबॉल कोच अरमांडो एगनेलो कोलाको को लाइफटाइम वर्ग में शामिल हैं।

### मनु-हरमनप्रीत ने ओलंपिक, गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप में किया प्रभावित

22 वर्ष की मनु एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली स्वतंत्र भारत की पहली खिलाड़ी बनी थीं जिन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में ही हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारत ने लगातार दूसरे ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 18 वर्ष के गुकेश सबसे युवा विश्व चैंपियन बने जो पिछले साल शतरंज ओलंपियाड में भारतीय टीम के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक में भी सूत्रधार रहे थे। पैरा हाई जंपर प्रवीण ने पेरिस पैरालंपिक में टी64 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। यह उन खिलाड़ियों की श्रेणी है जिनका घुटने से नीचे एक या दोनों पैर नहीं होता है और वे दौड़ने के लिए कृत्रिम पैर पर निर्भर होते हैं।

### राष्ट्रीय खेल अवॉर्ड

राष्ट्रीय खेल अवॉर्ड भारत में खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं। इसमें खिलाड़ियों, कोचों या संगठनों को उनकी उपलब्धियों और भारतीय खेलों के विकास में योगदान के लिए छह अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। भारत के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार में छह पुरस्कार शामिल हैं। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी (जिसे माका ट्रॉफी भी कहा जाता है) और राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन। इनके अलावा, ध्यानचंद पुरस्कार के नाम से एक और लाइफ टाइम अवॉर्ड दिया जाता है। यह पुरस्कार खेल के विकास में आजीवन योगदान के लिए दिया जाता है। इस बार इस कैटेगरी में किसी को भी यह पुरस्कार नहीं दिया गया। 2004 से छह राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के साथ तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार भी दिया जा रहा है। पिछले साल 26 खिलाड़ियों को मिला था अर्जुन पुरस्कार पिछले साल क्रिकेटर मोहम्मद शमी सहित 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिला था। जबकि पांच कोचों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला था। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया था।



# विराट कोहली भी खेलेंगे घरेलू क्रिकेट

**रणजी ट्रॉफी के लिए दिल्ली की 22 सदस्यीय टीम में शामिल**

**नई दिल्ली।** कोहली ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के शीर्ष अधिकारियों को बताया उन्हें गर्दन में चोट लगी है। बताया जा रहा है कि कोहली को यह चोट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम मुकाबले के दौरान लगी थी। भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का नाम सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के अगले रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए 22 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल है। 23 जनवरी से राजकोट में होने वाले इस मुकाबले में कोहली के खेलने पर संशय बरकरार है क्योंकि उन्हें हल्की चोट लगी है। समझा जाता है कि कोहली ने दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के शीर्ष अधिकारियों को बताया उन्हें गर्दन में चोट लगी है। बताया जा रहा है कि कोहली को यह चोट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के अंतिम मुकाबले के दौरान लगी थी। उनका हाल उस वक्त फिजियो ने जाना था और अबतक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि कोहली रणजी ट्रॉफी में खेलेंगे या नहीं। कोहली मैच में खेलेंगा या सिर्फ कुछ दिन के लिए ट्रेनिंग करने राजकोट जाएंगे, ये तभी स्पष्ट होगा जब वह अपनी स्थिति डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली को बताएंगे। कोहली ने दिल्ली के लिए लाल गेंद के प्रारूप में मैच आखिरी बार 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था।

### पंत ने ठुकराई दिल्ली की कप्तानी

वहीं, भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत करीब आठ साल बाद रणजी ट्रॉफी में खेलते नजर आएंगे। हालांकि, बताया जा रहा है कि उन्होंने कप्तानी करने से मना कर दिया है इसका मतलब है कि आयुष बडोनी टीम की कमान संभालेंगे। डीडीसीए की शीर्ष परिषद के सदस्य ने कहा, पंत का मानना है कि बडोनी को ही टीम की कप्तानी करनी चाहिए। उनका कहना है कि वह नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते हैं इसलिए उन्हें लीडरशीप रोल नहीं देना चाहिए। जब पंत को कप्तानी की पेशकश की गई तो उसने कहा कि वह बडोनी की कप्तानी में खेलकर खुश हैं। हमने 22 खिलाड़ी चुने हैं जिनमें पांच अंडर 23 खिलाड़ी हैं जो 25 जनवरी से छत्तीसगढ के खिलाफ सीके नायुडू अंडर 23 मैच के लिए भिलाई जाएंगे।

### विजय हजारे ट्रॉफी

## विदर्भ ने महाराष्ट्र को हराकर फाइनल में बनाई जगह



आज कर्नाटक से होगा खिताबी मैच

**मुंबई।** विदर्भ की टीम विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 की दूसरी फाइनलिस्ट बनी। टूर्नामेंट के दूसरे फाइनल में विदर्भ ने महाराष्ट्र को 69 रनों से हराया। अब विजय हजारे ट्रॉफी का फाइनल मैच विदर्भ और कर्नाटक के बीच खेला जाएगा। खिताबी मुकाबला 18 जनवरी को वड़ौदरा के कोटांबी स्टेडियम में होगा। वहीं सेमीफाइनल मैच की बात करें तो विदर्भ ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत जीत हासिल की। हालांकि महाराष्ट्र ने भी बल्लेबाजी में दम दिखाया, लेकिन जीत की लाइन पार नहीं कर सके। गौर करने वाली बात यह है कि विदर्भ और महाराष्ट्र ने 300-300 रनों का आंकड़ा पार किया। वड़ौदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का फैसला किया, जो उनके लिए गलत साबित हुआ।

## भारत की नजरें अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप बरकरार रखने पर

**कुआलालंपुर।** विश्व स्तर पर अपना दबदबा बरकरार रखने की कोशिश में जुटे भारत के अगली पीढ़ी के क्रिकेटर शनिवार से यहां शुरू हो रहे आईसीसी अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप में उतरेंगे तो उनका लक्ष्य खिताब बरकरार रखने का होगा। भारत को ग्रुप ए में वेस्टइंडीज, श्रीलंका और मेजबान मलेशिया के साथ रखा गया है। भारतीय टीम रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। भारत ने 2023 में दक्षिण अफ्रीका में हुआ पहला विश्व कप जीता था जिसमें फाइनल में इंग्लैंड को सात विकेट से मात दी थी। पहले दिन पिछली बार सेमीफाइनल खेलने वाली ऑस्ट्रेलिया का सामना ग्रुप डी में स्कॉटलैंड से होगा जबकि 2023 उपविजेता इंग्लैंड की टक्कर आयरलैंड से होगी। रविवार को होने वाले अन्य मैचों में समोआ का सामना ग्रुप सी में नाइजीरिया से, ग्रुप डी में बांग्लादेश का सामना नेपाल से, ग्रुप बी में पाकिस्तान का सामना अमेरिका से और ग्रुप सी में न्यूजीलैंड का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। टूर्नामेंट में 16 टीमों को चार चार के चार समूहों में बांटा गया है और हर ग्रुप से शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स में पहुंचेंगी।




### भारतीय टीम

निकी प्रसाद (कप्तान), सानिका छाल्के, जी तृषा, कमलिनी जी, भाविका अहिरे, ईश्वरी अवासरे, मिथिला विनोद, जोशिता वीजे, सोनम यादव, पारूनिका सिसोदिया, केसरी दृति, आयुषी शुक्ला, अनंदिता किशोर, एम डी शबनम, वैष्णवी एस, स्टैंडबाय : नंदना एस, ईरा जे और अनादी टीं।

# म नो रं ज न



## शाहिद-पूजा की फिल्म 'देवा' का दमदार ट्रेलर रिलीज

शाहिद कूपर बॉलीवुड के मोस्ट टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं। उन्होंने अपने अब तक के करियर में रोमांटिक से लेकर एंग्री यंग मैन तक के कई किरदार निभाए हैं और अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। एक्टर अब पहली बार 'देवा' में पुलिसवाले के रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। वहीं शाहिद की इस मच-अवेटेड एक्शन थ्रिलर 'देवा' का ट्रेलर फैंस की भारी डिमांड पर मेकर्स ने समय से पहले रिलीज़ कर दिया है। 'देवा' का ट्रेलर जबरदस्त है। एक दमदार टीज़र और एनर्जेटिक गाने के बाद शाहिद कपूर की 'देवा' का ट्रेलर भी शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। फिल्म का ट्रेलर वाकई उम्मीदों से बढ़कर निकला है। इसमें तेज़ रफ्तार, जबरदस्त एक्शन और जबरदस्त इंटेंसिटी देखने को मिल रही है। ज़ी स्टूडियोज़ और रॉय कपूर फिल्म्स द्वारा प्रोड्यूस की गई ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा सकती है। शाहिद कपूर देव अंबरे के किरदार में पूरी तरह से छाए हुए हैं, उनके एक्शन और जबरदस्त स्टंट्स देख कर फैंस का दिल थम जाएगा। फिल्म में तगड़े लड़ाई सीन्स से लेकर रोमांचक पीछा करने तक, 'देवा' एक्शन फिल्मों का लेवलऊंचा करने वाली है। शाहिद के साथ पूजा हेगड़े भी अहम रोल में नजर आ रही हैं, जो कहानी में खूबसूरती और ताकत दोनों का बेहतरीन मेल देती हैं।



इसके अलावा, कुब्रा सेट और पवैल गुलाटी जैसे शानदार कलाकारों का भी साथ है। फिल्म में जटिल किरदार और रोमांचक कहानी के साथ, यह दर्शकों को सीट से बांधे रखने का वादा करती है। 'देवा' विजुअली एक शानदार अनुभव है, जहां बेहतरीन सिनेमैटोग्राफी एक तरफ बड़े एक्शन सीन और दूसरी तरफ किरदारों की भावनात्मक गहराई को खूबसूरती से दिखाती है। ट्रेलर में जो दिल को धड़काने वाली बैकग्राउंड म्यूजिक है, वो रोमांच को और भी बढ़ा देता है।

## अभिषेक को है ऐश्वर्या पर गर्व



अभिषेक बच्चन की फैमिली में बड़े स्टार्स हैं। डेब्यू के समय से ही उनकी तुलना पिता अमिताभ बच्चन से की गई। उनकी वाइफ ऐश्वर्या राय भी इंडस्ट्री का बड़ा नाम है। अभिषेक ने एक इंटरव्यू में कहा कि इन सबके साथ उनका नाम लिया जाना उनके लिए गर्व की बात है। वह यह भी बोले कि उन्हें अपनी वाइफ ऐश्वर्या राय के अचीवमेंट्स पर प्राउड है। अभिषेक से पूछा गया कि आपने कितना भी काम किया हो लेकिन जिंदगी भर आपको किसी न किसी से जोड़ा गया। वो किसी का अचीवमेंट हो, किसी की सफलता या किसी की शानोशौकत, क्या आपके लिए यह आसान था? अभिषेक ने जवाब दिया, यह कभी आसान नहीं होता। 25 साल के बाद भी आपसे ये सवाल पूछा जा रहा है अब तक आपको इसकी आदत हो जाती है। कहीं न कहीं मैं ये मानता हूं कि मैं इतना योग्य हूं कि मुझे इन महान नामों के बीच गिना जा रहा है। मैं इस चीज को ऐसे ही देखता हूं। मेरे परिवार मेरा परिवार है। मुझे उन सब पर और उनके अचीवमेंट्स पर बहुत गर्व है। हम लोग यहां बढ़िया एसी वाले कमरों में बैठे हैं, मुंबई में बैठकर ये इंटरव्यू कर रहे हैं। यहां बढ़िया कॉफी का कप रखा है। और वह 82 साल का इंसान सुबह सात बजे से केबीसी की शूटिंग कर रहा है। वह उदाहरण हैं। मैं उनके जैसा बनना चाहता हूं। मैं सोने जाता हूं तो सोचता हूं कि ठीक है जब मैं 82 साल का होऊंगा, मैं चाहूंगा कि मेरी बेटी भी मेरे बारे में यही बात बोले कि मेरे डैड 82 के हैं। अब भी काम कर रहे हैं।

## महाकुंभ में गूंजेंगे हेमा मालिनी के स्वर

अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा ने गुरुवार को 'महाकुंभ आरती', 'गंगा आरती' और 'प्रार्थना भजन' को लॉन्च किया। इन गीतों को अनूप जलोटा, हेमा मालिनी और विशाल अग्रवाल ने गाया है। इसके बोल कवि नारायण अग्रवाल 'दास नारायण' ने लिखे हैं। म्यूजिक लॉन्च के मौके पर अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा कवि नारायण अग्रवाल 'दास नारायण' और गायक विशाल अग्रवाल मौजूद रहें। उन्होंने गीतों को पवित्र और श्रोताओं के साथ गहनता से जुड़ने में सहायक बताया। गायक अनूप जलोटा ने गीत के बारे में जानकारी और अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा हम सब अपने प्रतिभा को लेकर महाकुंभ में सम्मिलित हुए हैं। अभिनेत्री हेमा मालिनी ने गीत गाने को लेकर अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा, "इन दिव्य रचनाओं का हिस्सा बनना एक आध्यात्मिक अनुभव रहा। मुझे उम्मीद है कि ये भजन श्रोताओं के साथ गहराई से जुड़ेंगे और उन्हें ईश्वर के करीब लाएंगे।"



## जयपुर में वैन पर चढ़कर बैठे अक्षय कुमार

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार जयपुर में फिल्म 'भूत-बंगला' की शूटिंग कर रहे हैं। इस दौरान उनका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें अक्षय अपनी वैनिटी वैन की छत पर धूप सेकते हुए और चाय पीते नजर आ रहे हैं। बीते करीब एक महीने में इस मूवी का बड़ा हिस्सा चौमू हाऊस, गलताजी, सिसोदिया रानी का बाग में शूट हुआ है। गुरुवार को अक्षय सिसोदिया रानी बाग के पास ही शूटिंग लोकेशन पर थे। शूटिंग पूरी कर गुरुवार को ही वे मुंबई लौट गए। इससे पहले अक्षय ने मकर संक्रांति पर परेश रावल के साथ पतंगबाजी भी की थी। प्रियदर्शन के डायरेक्शन में बन रही इस हॉरर-कॉमेडी मूवी में परेश रावल, राजपाल यादव, तब्बू भी हैं। गुरुवार को एक्ट्रेस तब्बू के डांस सीन शूट हुए। ये पूरा शूट गलताजी मंदिर में फिल्माया गया। इसके अलावा आर्टिफिशियल सेट बनाकर कुछ खास सीन शूट किए गए। जानकारी के मुताबिक प्रोडक्शन हाउस ने चौमूं पैलेस में एक महीने शूटिंग करने के लिए बुकिंग मांगी थी, लेकिन आगामी दिनों शादियों की बुकिंग होने के कारण शूटिंग वेन्यू को चेंज करना पड़ा। ऐसे में सबसे पहले अक्षय कुमार के सीन कंप्लीट किए गए। अक्षय कुमार ने 17 साल पहले भी प्रियदर्शन की फिल्म भूल-भुलैया के लिए यहां शूटिंग की थी। वैनिटी वैन के ऊपर अक्षय को बैठा देख बड़ी संख्या में लोग शूटिंग लोकेशन पर पहुंच गए। अक्षय भी उनसे मिलने पहुंचे। फिल्म से तब्बू भी जुड़ गई है, पहले उन्होंने चौमूं पैलेस में शूट किया, अब गलताजी में शूट कर रही हैं। एकता कपूर का प्रोडक्शन हाऊस भूत बंगला मूवी बना रहा है।





## जॉन की 'द डिप्लोमैट' को मिली रिलीज तारीख

जॉन अब्राहम ने प्रशंसकों के साथ एक दिलचस्प सरप्राइज शेयर किया है। अभिनेता-निर्माता ने 'वेदा' के बाद अपनी अगली फिल्म की घोषणा की है, जिसमें वह एक बार फिर पावर-पैक एक्शन स्टार के रूप में नजर आएंगे। 'द डिप्लोमैट' नामक इस फिल्म की घोषणा कुछ साल पहले प्रोडक्शन हाउस टी-सीरीज के सहयोग से की गई है। इस फर्स्ट लुक पोस्टर में अभिनेता काफी फॉर्मल अवतार में नजर आ रहे हैं। ऐसा लगता है कि फिल्म मद्रास कैफे, परमाणु और बाटला हाउस जैसे उनके यह फिल्म भी किसी राजनीतिक ड्रामा की तर्ज पर होगी। इंस्टाग्राम पर इसके बारे में साझा करते हुए, अभिनेता ने फोटो को कैप्शन दिया, "साहस और कूटनीति की इस कहानी को जीवंत करने के लिए सम्मानित।" देश को हिला देने वाली एक सच्ची कहानी से प्रेरित इस फिल्म में शक्ति, देशभक्ति की एक मनोरंजक कहानी दिखाने की उम्मीद है। पोस्ट में, अभिनेता ने रिलीज की तारीख यानी सात मार्च भी साझा की। 'द डिप्लोमैट' के बारे में अधिक बात करते हुए, जॉन एक उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी का किरदार निभाएंगे। यह फिल्म शिवम नायर द्वारा निर्देशित और रितेश शाह द्वारा लिखित है। यह फिल्म टी-सीरीज, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित है। पहले यह फिल्म 11 जनवरी 2024 को थिएटर्स में रिलीज होने वाली थी। हालांकि, बाद में इसे बदल दिया गया। प्रशंसक लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। ऐसे में यह घोषणा उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। बता दें कि फिल्म का निर्माण जॉन अब्राहम, भूषण कुमार, समीर दीक्षित, अश्विन, राजेश बहल, विपुल शाह और कृष्णन कुमार मिलकर कर रहे हैं। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो 'नाम शबाना' और 'मुखबिर' जैसी फिल्म और वेब सीरीज बना चुके हैं।

# सिरणवा पहाड़ी पर धधका दावानल, पेड़-पौधे स्वाह

## ▶ जंगली जानवरों सहित पशु-पक्षियों को खतरे की आशंका

## ▶ वनकर्मी मुस्तैदी से जुटे आग बुझाने के प्रयास में

## ▶ तेज हवा से फैलती आग व प्रचंड होने से प्रयासों में आई बाधा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर से सटी सिरणवा पहाड़ियों पर शुक्रवार सुबह फोरलेन टनल व मातर माता मंदिर परिक्षेत्र में शुक्रवार को दावानल धधक उठा। लोगों ने सवेरे पहाड़ी पर आग की लपटें व धुएं को देखा। इसके बाद पुलिस व वन विभाग सहित प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दी गई। सर्दी के मौसम में इस तरह पहाड़ी पर दावानल धधकने को लेकर अधिकतर लोग इसे जलती बीड़ी-सीगरेट आदि फेंके जाने को कारण बता रहे है। लोगों का मानना है कि सूखी लकड़ियां एकत्रित करने अथवा पशु चराने गए लोगों की नादानी इसका कारण हो सकती है। किसी ने जलती बीड़ी फेंक दी अथवा सर्दी से बचाव को अलाव जलाया होगा। तेज हवा से उड़ी चिंगारी से संभवतया सूख पत्तों ने आग पकड़ ली एवं देखते ही देखते आग फैलती ही गई। पहाड़ी के इस भाग में पांच-छह अलग-अलग स्थानों पर आग धधकती व धुआं उठता दिखाई दे रहा है। दोपहर तक यह आग करीब एक किलोमीटर तक फैल गई। वन विभाग के कार्मिक घटन स्थल के आस पास पहुंच कर परंपरागत ढंग से आग बुझाने के प्रयास में जुटे है। लेकिन, तेज हवा व आग का प्रचंड वेग प्रयासों में बाधा बने हुए है। बावजूद इसके वनकर्मी मुस्तैदी से प्रयासों में जुटे है।

### कार्मिक जुटे है आग बुझाने के प्रयासों में

पहाड़ी पर लगी आग को बुझाने के लिए पंद्रह से बीस वनकर्मी प्रयासों में जुटे है। जहां-जहां आग लगी है वो आगे नहीं बढ़े इसके लिए परंपरागत तरीके से प्रयास किए जा रहे है। आग काफी हद तक नियंत्रित कर ली गई है एवं संभव है एक-दो घंटे में इसे काबू कर लिया जाएगा।

*कस्तुरी प्रशांत सुले*
*डीएफओ-सिरोही*

# शिविर में जांची 212 लोगों की आंखें

## ▶ मोतियाबिंद पीड़ित 55 लोगों का होगा ऑपरेशन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** एसबीआइ फाउंडेशन एवं तारा संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को क्षेत्रपाल मंदिर गोयली में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिन्द ऑपरेशन चयन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 212 लोगों के आंखों की जांच कर परामर्श के साथ दवाइयां चश्में दिए गए। इनमें से 55 लोग मोतियाबिन्द से पीड़ित पाए गए। मोतियाबिन्द मरीजों को उदयपुर ले जाकर वहां स्थित तारा नेत्रालय में निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में सरपंच नाथूसिंह सोलंकी, पंचायत सदस्य लक्ष्मणसिंह सोलंकी, समाजसेवी अमराराम माली व समाजसेवी जेसाराम मेघवाल का सहयोग रहा। तारा संस्थान के सचिव दीपेश मित्तल के अनुसार शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में आंखों की देखभाल तथा समय-समय पर जांच के प्रति जागरुकता पैदा हो रही है। उदयपुर के साथ दिल्ली, मुम्बई, फरीदाबाद एवं लोनी में अब तक 1 लाख 63 हजार मोतियाबिन्द के निःशुल्क ऑपरेशन कर लोगों को लाभान्वित किया जा चुका है।

# यातायात नियमों की पालना का दिया संदेश




जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** नेहरू युवा केन्द्र सिरोही के तत्वावधान में माय भारत, राजकीय पीजी व महिला महाविद्यालय के एनएसएस, एनसीसी व युवा मंडल के 25 स्वयंसेवकों के सहयोग व यातायात पुलिस के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। यातायात पुलिस प्रभारी हंसाराम व हैड कांस्टेबल रमेशकुमार ने युवाओं के सहयोग से केन्द्रीय बस स्टैण्ड चौराहे पर आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागृत किया। इससे पूर्व यातायात पुलिस प्रभारी द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया गया और आमजन को दुर्घटनाओं के आंकड़े व उनमें होने वाले मृत्यु संख्या के बारे में जानकारी देकर आमजन को सचेत किया। इस अवसर पर युवाओं ने आमजन को नियमों के पालन हेतु अनुरोध कर हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने आदि हेतु अनुरोध भी किया। नेहरू युवा केन्द्र से हीराराम माली ने बताया कि इस अभियान के तहत युवाओं द्वारा 23 जनवरी तक सड़क सुरक्षा अभियान में आमजन को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस विभाग से लखपतसिंह, श्रवणकुमार व मनसुखलाल, नेहरू युवा केन्द्र से विजयकुमार सहित 25 युवा स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# महिनों से बंद रोड लाइटें, लोग परेशान



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** नगर सुधार न्यास की शिथिलता के चलते तपोवन से आमथला तक बंद पड़ी रोड लाइटों के चलते आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नगर सुधार न्यास आबू द्वारा क्षेत्र में विकास को पंख लगाते हुए तलहटी तिराहे से आमथला तक लाखों की लागत से रोड लाइट लगवाई गई। जिससे कि रात के समय में राहगिरों व वाहन चालकों को आवाजाही में असुविधा नहीं हो। दीपावली के बाद रोड लाइटें शुरु की गई थी। लेकिन, तपोवन से आमथला तक की लाइटों को शुरु नहीं किया गया। जिससे रात के समय में क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पडता हैं। देर रात को गुजरने वाले वाहन चालकों को डर सताता रहता हैं। पूर्व वार्ड पंच दिलीपसिंह राव ने नगर सुधार न्यास कार्यालय में लिखित में रोड लाइट की समस्याओं से अवगत करवाया गया। लेकिन, महिनों गुजरने के उपरांत भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। लोगों ने न्यास से रोड लाइटें सुचारू करवाने की आवश्यकता जताई है।

# पीएम बीमा योजना के तहत 2.08 करोड़ क्लैम का भुगतान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आमजन को जीवन बीमा की सुविधा देने के लिए शुरू की गई बीमा योजनाओं में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक द्वारा जिले में अपनी 33 शाखाओं के द्वारा इस वर्ष 104 मृत ग्राहकों के नॉमिनी को 2.08 लाख की क्लेम राशि का भुगतान किया गया है। केंद्र सरकार की यह दोनों सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से समाज के हाशिये पर रहने वाले लोगो को जीवन एवं दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करना है। पीएमजेजेबी योजना वार्षिक 436 रुपए के प्रीमियम पर किसी भी कारण से मृत्यु की स्थिति में 2 लाख का बीमा कवर प्रदान करती है, जबकि पीएमएसबी योजना वार्षिक 20 रुपए के प्रीमियम पर दुर्घटना मे मृत्यु अथवा विकलांगता की स्थिति मे 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करती है। इन दोनों ही योजनाओं को हर परिवार तक पहुंचाने एवं आमजन को सुरक्षित करने की पहल के साथ बैंक द्वारा जिले की हर गांव, पंचायत मे कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपनी ग्रामीण बैंक की नजदीकी शाखा अथवा बीसी के पास जाकर इन योजनाओं का लाभ ले सकते है। क्षेत्रीय प्रबंधक हितेश राजपुरोहित ने बताया कि केवल 456 रुपए सालाना में परिवार को कुल 4 लाख का बीमा कवर मिलता है, हर सजग व्यक्ति को अपने एवं अपने परिवार के लिए इन योजनाओं का लाभ लेना चाहिए। अग्रणी जिला प्रबंधक उम्मेदराम मीना एवं नाबार्ड डीडीएम डॉ दिनेश प्रजापत द्वारा सभी से आह्वान किया कि हर व्यक्ति इन इन जन सुरक्षा योजनाओं से जुड़कर अपने परिवार को एक संबल प्रदान करें।

# उच्चस्तर तक शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में दें योगदान : पुरोहित

## ▶ विद्यालय के वार्षिकोत्सव 'झंकार' में दिखा उत्साह

## ▶ संघवी हंसराज कानाजी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का वार्षिकोत्सव





जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जीरावल।** संघवी हंसराज कानाजी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का वार्षिकोत्सव उत्साह उमंग के बीच आयोजित किया गया। कार्यं म के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित रहे एवं अध्यक्षता विधायक मोतीराम कोली ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिषद सदस्य मगनलाल कोली, पंचायत समिति सदस्य सुरताराम देवासी, सरपंच कांतिलाल कोली, उप सरपंच मगसिंह चौहान, प्रधानाचार्य भगवतसिंह सोलंकी मौजूद थे। अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यं म में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर वाहवाही लूटी। पिरामिड व नाटक की प्रस्तुति भी मुख्य अतिथि जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि मन लगा कर शिक्षा ग्रहण करें एवं उच्च स्तर तक शिक्षित होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। विधायक कोली ने विद्यालय विकास में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह में बोर्ड परीक्षा में अव्वल, स्काउट गाइड राज्य पुरस्कार, खेलकूद राज्य स्तर चयनित विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य सोलंकी ने शिक्षा के साथ संस्कार व नैतिक शिक्षा को जीवन मे अपनाने पर बल दिया।

### ▶ साइकिलों का किया वितरण

वार्षिकोत्सव के मौके पर राज्य सरकार की बालिका शिक्षा योजना के तहत सुलभ 28 साइकिलों का बालिकाओं को वितरण किया गया। वार्षिकोत्सव के भामाशाह वालाराम चौधरी व कांतिलाल कोली का स्वागत सम्मान किया गया।

### ▶ यह भी रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रधानाचार्य अर्जुनराम माली, अजितसिंह, जगदीशकुमार, मुकेश पुरोहित, दिनेश गर्ग, अनिताकुमारी, नरपतसिंह, रमेशराम धर्माणी, भादरनाथ, राहुलकुमार, श्रवण शर्मा, शिवानीकुमारी, मुकेशदान, गणपतसिंह देवड़ा, रमेश प्रजापत, अजयराम, महिपालसिंह, शशिकला, छगनलाल व स्काउट-गाइड सहित विद्यार्थी एवं कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# सिरोही व रेवदर में सरसों के सरकारी खरीद केन्द्र खोलने की मांग

## ▶ भारतीय किसान संघ ने जिला कलक्टर को सौंपा ज्ञापन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** भारतीय किसान संघ पदाधिकारियों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंप विभिन्न मांगों के साथ किसानों की समस्याओं का समाधान करवाने की मांग की। जिला मंत्री उत्तमसिंह के अनुसार ज्ञापन में बताया कि रेवदर में किसानों से खरीदी गई मूंगफली का बकाया भुगतान करवाया जाए। रेवदर में किसानों की मूंगफली खरीद केन्द्र खोले गए है उनका भुगतान ढेड़ माह से नहीं हो रहा है, किसानों को अविलंब भुगतान कराया जाए। अभी महिने भर बाद रबी फसल सरसों तैयार हो जाएंगी। अतः सिरोही तहसील व रेवदर में सरसों सरकारी खरीद केन्द्र खोलने एवं जावाल व सरूपगंज में बंद पड़ी कृषि मंडी को शुरू करवाने की मांग की गई। भाकिस जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक में संरक्षक भैराराम, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जब्बरसिंह केर, उपाध्यक्ष गणपतसिंह देवड़ा, जिला कोषाध्यक्ष वेलाराम प्रजापत, प्रांतीय सदस्य नाथूराम, शिवगंज तहसील अध्यक्ष जोगाराम मौजूद थे

# गुजरात ले जाई जा रही शराब बरामद, यात्री गिरफ्तार



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** जीआरपी ने आगरा फोर्ट ट्रेन में चढ़ रहे यात्री के कब्जे से गुजरात ले जाई जा रही शराब बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी थानाधिकारी मनोज चौहान के अनुसार गणतंत्र दिवस व कुम्भ मेला के तहत सम्पति सम्बंधी अपराधों पर अंकुश लगाने व सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा शराब की तस्करी की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी के तहत आगारा फोर्ट ट्रेन में चढ़ते हुए अहमदाबाद के पुलिस थाना वेजलपुर के लाल बाग फतेहवाडी सरखेज रोड के पास नवाब नगर ग्रीन बाग सोसायटी निवासी शेख साहिल पुत्र शेख अब्दुल रहीम मुसलमान से राजस्थान निर्मित अंग्रेजी शराब के 72 पव्वे बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। बरामद शराब का मूल्य 8 हजार 280 रुपए आंका गया हैं। आरोपी को जोधपुर रेलवे कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# राष्ट्रीयता की अलख जगाती तिरंगे की रोशनी से जगमगाई लाइटें

## गणतंत्र पर्व पर पालिकाध्यक्ष की अनूठी पहल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** नगर पालिका की ओर से गणतंत्र पर्व के तहत ओवर ब्रिज व मुख्य सड़कों पर लगी लाइटों पर तिरंगी लाइटिंग की गई है। पालिका की अनूठी पहल से शहर की फिंजा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत है। वहीं सांझ गहराते ही तिरंगे की रोशनी से गुलजार लाइटें अनुपम व सुखद अहसास का पर्याय बनी हुई हैं। गणतंत्र दिवस पर पालिकाध्यक्ष मगनदान चारण ने राष्ट्रीयता की अलख जगाते हुए अनूठी पहल की है। जिसके चलते नगर पालिका की ओर से शहर के सातपुर ब्रिज से लेकर हीरापुरा, सातपुर क्षेत्र व मानपुर राजवाड़ा ब्रिज पर लगी स्ट्रीट लाइटों के पोल पर तिरंगे की लाइंटिंग लगवाई है। रात्रि में बिजली के खंभों पर तिरंगे की जगमगाती लाइटों से सड़के गुलजार हो चली है। ओवर ब्रिज व सड़कों की स्ट्रीट लाइट के पोल पर लगाई गई तिरंगे आकर्षक सजावट लोगों में आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ लोगों में देशभक्ति की भावना की अलख जगाती प्रतीत हो रही है। लोगों के मुताबिक इस तरह की सजावट तिरंगे के प्रति सम्मान व समर्पण को जागृत करने व गौरवान्वित होने का एहसास कराती हैं। पलिकाध्यक्ष चारण ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर ओवर ब्रिजों के साथ मुख्य सड़कों पर लगी लाइटों के पोल पर तिरंगे की लाइटिंग से सजावट की गई है। लोगों में तिरंगे के प्रति समर्पण और सम्मान की भावना और अधिक प्रगाढ़ होगी। गणतंत्र पर्व से पहले गांधीनगर ओवर ब्रिज पर लगाई जा रही लाइटों पर इसी तरह की सजावट करने का प्रयास रहेगा।



# निकाली रैली, हेलमेट लगाने का दिया संदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** प्रशासन की ओर से जन जागरूकता के लिए दुपहिया वाहन रैली निकाली गई। दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने का संदेश दिया। परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार 31 जनवरी तक जारी राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की थीम 'परवाह' के तहत जन जागरूकता को आइओसीएल चैकपोस्ट से एकलव्य आवासीय विद्यालय दानवाव तलहटी तक एसडीएम शंकरलाल मीणा की अध्यक्षता में दुपहिया रैली का आयोजन किया गया। रैली में उपखण्ड क्षेत्र के सभी अधिकारी, कार्मिक अपने दुपहिया वाहनों के साथ रैली में पहुंचे। रैली के एकलव्य आवासीय विद्यालय पहुंचने पर एसडीएम व पुलिस अधिकारियों द्वारा वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने को प्रेरित किया गया। पुलिस उप अधीक्षक गोमाराम, तहसीलदार, जिला परिवहन अधिकारी दिलीप सोलंकी, शहर थानाधिकारी हरचंद देवासी, सदर एसएचओ दर्शनसिंह, रीको सीआइ लक्ष्मणसिंह, विकास अधिकारी पुखराज सरेल, सीबीइओ सतीशचन्द्र पुरोहित, नायब तहसीलदार आसूराम आदि मौजूद थे।



# मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग आज आएंगे सिरोही

## ▶ वर्चुअल पट्टा व स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यक्रम में लेंगे भाग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग 18 जनवरी को प्रातः 10 बजे जालोर से रवाना होकर 11.30 बजे सिरोही में स्वामी नारायण मंदिर हॉल में आयोजित स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल पट्टा/स्वामित्व प्रॉपर्टी पार्सल वितरण कार्यं म में भाग लेंगे। तत्पश्चात् दोपहर 2 बजे जालोर के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी अति0 जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने दी।

# विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** ग्राम पंचायत ओर के डेरना राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय व उपला भीलवाड़ा के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में लायंस क्लब की ओर से विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। इस दौरान क्लब के पदाधिकारी व स्कूल स्टॉफ मौजूद था।

# ग्राम पंचायत बनाने की मांग

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** डेरी के ग्रामीणों ने गुरुवार को जिला कलक्टर के नाम एसडीएम शंकरलाल मीणा को ज्ञापन सौंप डेरी गांव को अलग से ग्राम पंचायत बनाने की मांग की। ज्ञापन के अनुसार वर्तमान में ग्राम पंचायत सुरपगला में दो राजस्व गांव सुरपगला व डेरी आते हैं। डेरी गांव सुरपगला से करीब 8-10 किमी दूर पहाड़ी क्षेत्र है। जिनमें दूरस्थ फलियों में आबादी निवास करती है। डेरी के लिए बस की सुविधा भी नहीं है। जिनसे लोगों को आवश्यक कार्य के लिय सुरपगला आने में समस्या होती है। डेरी को ग्राम पंचायत सुरपगला से अलग कर ग्राम पंचायत डेरी बनाया जाना चाहिए। ताकि, लोगों को डेरी में पंचायत बनने से कार्यों में सुविधा होगी। वर्तमान में ग्राम डेरी में करीब दो हजार मतदाता है। 2011 की जनसंख्या के अनुसार 1670 की आबादी है। ज्ञापन में ग्राम डेरी को अलग ग्राम पंचायत बनाने की कार्यवाही करने की मांग की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# सुलिया को ग्राम पंचायत बनाने ग्रामीण लामबंद

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** क्षेत्र के सुलिवा, राजपुरा उम्मेदपुरा, कुषमा के ग्रामीणों ने रेवदर पहुंच उपखंड अधिकारी एवं मंडार पहुंच नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर पंचायतों के पुनर्गठन के तहत रोहुआ से सुलिवा को अलग कर ग्राम पंचायत का दर्जा दिलवाने की मांग की। चारों गांवों के ग्रामीण सवेरे एक जगह एकत्रित हुए एवं आपस में चर्चा करने के पश्चात एकमत होते हुए मांग को लेकर रेवदर व मंडार रवाना हुए। ज्ञापन में बताया कि रेवदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत रोहुआ क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ी ग्राम पंचायत है। जिसकी सीमा ग्राम पंचायत पीथापुरा, मंडार, सोनेला, मगरीवाड़ा व जीरावल से सटी हुई है। रोहुआ ग्राम पंचायत के गांव राजपुरा व सुलिवा की दूरी काफी ज्यादा है। राजपुरा व सुलिवा के ग्रामीणों को ग्राम पंचायत रोहुआ जाने के लिए सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण ग्राम पंचायत सोनेला, मगरीवाड़ा, वरमाण होते हुए 25 किलोमीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता है। ज्यादा दूरी के कारण अधिकतर ग्रामीण सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना का लाभ नहीं उठा पाते है। राज्य सरकार की केबिनेट बैठक के फैसले के अनुसार ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन कर 2000 की आबादी पर अलग से ग्राम पंचायत बनाई जानी है। जिसमें सुलिवा, राजपुरा, उम्मेदपुरा व कुषमा गांवो की आबादी 6500 से अधिक है एवं चारों गांवों का केन्द्र बिन्दु सुलिवा होने से सुलिवा को ग्राम पंचायत बनाया जाए। ऐसा होने पर चारों गांवों का समूचित विकास हो सकेगा एवं ग्रामीण भी सरकारी योजनाओं से सहज लाभान्वित हो सकेंगे। इन गांवो में आजादी के बाद से अभी तक सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं समूचित नहीं पहुंच पाई है। इन सभी राजस्व गांवो को मिलाकर सुलिवा गांव पंचायत बनाने की योग्यता रखता है। ज्ञापन में चेतावनी भी दी गई कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो पंचायतराज ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं जिला परिषद के चुनावे का बहिष्कार करेंगे। इस मौके पर ग्रामीण दिनेशकुमार, लालाराम, लक्ष्मण कोली, मेहरुराम, चतराराम, भरतकुमार, प्रतापराम, लवजीराम, जैसुंगराम, मंछाराम सहित कई लोग उपस्थित थे।



## जनजाति क्षेत्रीय विकास के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

# आगामी बजट में जनजाति क्षेत्रों के विकास को मिलेगी नई गतिः मुख्यमंत्री

### अन्त्योदय की भावना के साथ आदिवासी उत्थान राज्य सरकार का ध्येय

### राज्य सरकार की प्रतिबद्धता से आदिवासी समाज को मिल रही मदद

### अहम सुझावों का विश्लेषण कर बजट में किया जाएगा शामिल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनजाति क्षेत्र का विकास देश और प्रदेश की समावेशी प्रगति का आधार है तथा आदिवासी कल्याण एवं सशक्तीकरण से ही प्रदेश का सर्वांगीण एवं समावेशी विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय की अन्त्योदय व एकात्मक मानववाद की अवधारणा को आत्मसात् करते हुए आदिवासी समाज के समग्र उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी दिशा में राज्य सरकार ने आदिवासी समाज के विकास के लिए अहम निर्णय लिए है, जिससे समाज को मूलभूत जरूरतों से लेकर उन्नति के अवसर तक हर कदम पर मदद मिल रही है।

शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के हितधारकों के साथ आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के संबंध में आयोजित बजट पूर्व बैठक में चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी वर्गों एवं उनके लिए कार्य करने वाली संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समावेशी बजट तैयार किया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनजाति क्षेत्र के विकास व उत्थान से संबंधित विषयों पर मिले सुझावों का उचित परीक्षण कर आगामी बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि आगामी बजट में जनजाति क्षेत्रों के विकास को और गति दी जा सके।




#### जनजाति गौरव को मिल रही पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विरासत को संजोये रखने के साथ ही विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। हमारी सरकार भी आदिवासी समाज की संस्कृति के संरक्षण और उनके गौरव को पहचान दिलाने के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार द्वारा जनजाति के नायकों को पहचान दिलाने के लिए उदयपुर में कालीबाई भील, बांसवाड़ा में बांसिया चरपोटा और डूंगरपुर में डूंगर-बरंडा स्मारक बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनजाति समुदाय के योगदान को सम्मानित करने के लिए आदि गौरव सम्मान दिया जा रहा है।

#### बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को किया जा रहा बेहतर

शर्मा ने कहा कि जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए शिक्षा के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है। छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों का मैस भत्ता 2 हजार 500 से बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। उन्होंने कहा कि खेल अकादमियों में रह रहे खिलाड़ियों का भत्ता 2 हजार 600 से बढ़ाकर 4 हजार रुपये कर दिया है। उन्होंने कहा कि जनजाति के युवा अब खेल क्षेत्र में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। जनजाति की बालिकाओं ने लेक्रोस खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है।

#### मां-बाड़ी केन्द्रों को सशक्त कर रही राज्य सरकार

*मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार परिवर्तित बजट 2024-25 में की गई बजट घोषणाओं को धरातल पर लागू कर रही है। बजट घोषणा की अनुपालना में 7 नए आश्रम छात्रावासों और 3 नए आवासीय विद्यालयों के लिए भूमि आवंटन और संचालन की स्वीकृति दी जा चुकी है। साथ ही, चार एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल में क्षमता वृद्धि एवं विस्तार का काम भी पूरा कर लिया गया है। इसी तरह मां-बाड़ी केंद्रों में कार्यरत रसोइयों और शिक्षकों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है और 250 नए मां-बाड़ी केंद्र स्वीकृत किए हैं। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनजाति क्षेत्र को विकास की धारा से जोड़ने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जनजाति क्षेत्रों में पशुपालन, मत्स्यपालन आदि अन्य संभावनाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।*

*बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच (सिरोही), वाग्धारा संस्थान (बांसवाड़ा), दूसरा दशक संस्थान (बारां), लक्ष्मीलाल डामोर (उदयपुर), वनवासी कल्याण आश्रम (उदयपुर), अरावली विचार मंच (उदयपुर) एवं बायफ संस्थान (उदयपुर) के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ता प्रभुराम गरासिया (सिरोही), बद्रीनारायण (बारां), अर्चना सिंह चारण (उदयपुर), रसिक लाल पटेल (डूंगरपुर), नारायण मीणा (जयपुर), महिपाल (झुन्झुनूं) सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने जनजाति क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, जैविक खेती, पशुपालन, संस्कृति संरक्षण एवं पोषण के संबंध में सुझाव साझा किए।*

*इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन एवं पर्यावरण अपर्णा अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के अधिकारी, संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।*



जयपुरः उद्योगपति, भामाशाह, समाजसेवी एवं गौसेवक बाबूलाल भंसाली का अपने निवास पर साफा पहना एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत करते सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी। साथ में जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित।


---

## ओडिशा का प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर

# कर्मचारियों पर नए नियम लागू

### पान गुटखा खाने और मोबाइल इस्तेमाल पर रोक

**पुरी।** ओडिशा के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रशासन (एसजेटीए) ने अपने कर्मचारियों के लिए नए नियम लागू किए हैं। इस नियम में काम के दौरान पान, गुटखा या कोई नशा करना और मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना पूरी तरह से मना है। मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने हाल ही में इन नियमों की घोषणा की और बताया कि यह कदम मंदिर की पवित्रता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। नए नियमों के अनुसार, सभी कर्मचारियों को 31 जनवरी तक अपनी संपत्ति की जानकारी देनी होगी। जो इस नियम का पालन नहीं करेंगे, उनकी वेतन बढ़ोतरी, पदोन्नति और अन्य पुरस्कार रोक दिए जाएंगे।



#### हर तीन पर होगी कार्यों की समीक्षा

*वरिष्ठ अधिकारियों की हर तीन महीने में समीक्षा होगी ताकि उनके काम का जायजा लिया जा सके। मंदिर की संस्कृति को बनाए रखने के लिए, सभी कर्मचारियों को हर शुक्रवार पारंपरिक कपड़े पहनने होंगे। केवल विशेष वर्दी पहनने वाले कर्मचारियों को इससे छूट दी गई है। मुख्य प्रशासक अरविंद पाढ़ी ने कहा कि ये नियम कर्मचारियों को अधिक जिम्मेदार और अनुशासित बनाने के लिए हैं। इससे मंदिर की पवित्र परंपराएं बनी रहेंगी और श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।*

## रिश्तेदार निकला बिजनेसमैन की पत्नी के मर्डर का मास्टरमाइंड

**जयपुर।** जयपुर के पॉश इलाके में हुई लूट और महिला की हत्या का मास्टरमाइंड उसका रिश्तेदार ही निकला। वह मृतका सरोज बंसल (55) की देवरानी का मुंह बोला भाई है। पुलिस ने हत्या-लूट के मामले में 3 मास्टरमाइंड समेत पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि मास्टरमाइंड ने लाखों का कर्ज उतारने के लिए लूट की प्लानिंग की थी। आरोपी एक साल से रेकी कर रहे थे। टारगेट मिलने के बाद मास्टरमाइंड के कहने पर बूंदी से बुलाए गए दो बदमाश शराब पीकर वारदात को अंजाम देने बिजनेसमैन के घर में घुसे थे। डीसीपी (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने शुक्रवार को बताया- मास्टरमाइंड गोपाल शर्मा (45) पुत्र गणेश नारायण निवासी सी-ब्लॉक विद्याधर नगर, बजरंग लाल (50) पुत्र ग्यारसी लाल निवासी सुंदर नगर, शास्त्री नगर और दीन मोहम्मद (47) पुत्र सिराजुद्दीन निवासी कोतवाली (झुंझनूं) हाल सी-ब्लॉक विद्याधर नगर को गिरफ्तार किया है।

## राजौरी में फैली रहस्यमयी बीमारी

# अब तक 16 लोगों की मौत

**एक ही परिवार के पांच बच्चों की मौत**

### जिले के प्रभावित तीन घर सील

**राजौरी।** जम्मू संभाग के एक छोटे से गांव में रहस्यमयी बीमारी ने 16 लोगों की जान ले ली, जिससे अधिकारी हैरान हैं और वे पहली मौत के दो महीने बाद भी इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता पाए हैं। पीड़ित राजौरी जिले के कोटरंका उप-मंडल के बधाल गांव के हैं, जहां पिछले साल दिसंबर से तीन परिवारों के 16 सदस्यों की मौत हो चुकी है। इनमें सात की मौत रविवार से अब तक हुई है। इस बीमारी से प्रभावित परिवारों के तीन घरों को सील कर दिया है जबकि उनके 21 करीबी रिश्तेदारों को कड़ी निगरानी में रखने के लिए सरकारी देखभाल केंद्र में स्थानांतरित कर दिया है।

अधिकारियों ने बताया कि मोहम्मद असलम की 15 वर्षीय बेटी यास्मीन कौसर की हालत गंभीर बनी हुई है और वह जम्मू के एसएमजीएस अस्पताल में जीवन रक्षक उपकरणों पर है। एसएमजीएस अस्पताल में भर्ती मोहम्मद असलम के छह बच्चों में से पांच की मौत हो गई है।

#### 11 सदस्यीय एसआईटी गठित

*बुधल के पुलिस अधीक्षक (अभियान) वजाहत हुसैन की अध्यक्षता में 11 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है, जो मौत के मामलों की जांच करेगी।*

अधिकारियों ने कहा कि जांचकर्ता फज़्ल, मोहम्मद रफ़ीक और मोहम्मद असलम के परिवारों द्वारा खाए गए सभी खाद्य पदार्थों और दवाओं की जांच करेंगे और नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा जाएगा।



## जयपुर-दिल्ली हाईवे पर आज रात से बढ़ जाएगा टोल

### कार ड्राइवर को 35 रुपए ज्यादा देने होंगे

**जयपुर।** जयपुर से दिल्ली (पुराने बाइपास) जाने वाले लोगों को आज रात से ज्यादा टोल देना होगा। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) ने रोड का रेनोवेशन करवाने के बाद 18 जनवरी को रात 12 बजे से टोल टैक्स की दरों में बढ़ोतरी का फैसला किया है। इसके बाद एक कार ड्राइवर को जयपुर से गुरुग्राम तक जाने के लिए 35 रुपए ज्यादा टोल टैक्स देना पड़ेगा। NHAI की रिवाइज्ड रेट के मुताबिक ये दरें दौलतपुरा, मनोहरपुर और शाहजहांपुर टोल बूथों पर बढ़ाई गई है। एक कार ड्राइवर को अब दौलतपुरा टोल बूथ पर 70 रुपए के बजाय 75 रुपए देने होंगे। इसी तरह मनोहरपुर टोल बूथ पर 80 रुपए के बजाय 90 रुपए और शाहजहांपुर टोल बूथ पर 170 रुपए के बजाय 190 रुपए देने होंगे।

# जयपुर में चल रहा ठगी का कॉल सेंटर, 5 अरेस्ट

### 5 राज्यों के 50 से ज्यादा लोगों से किया फ्रॉड, लाखों वसूलकर चेंज किए मोबाइल नंबर



**जयपुर।** जयपुर की विद्याधर नगर थाना पुलिस ने ठगी के एक कॉल सेंटर का शुक्रवार शाम को पर्दाफाश किया है। ई-मित्र के नाम से खोल रखे फेक कॉल सेंटर पर दबिश देकर पांच जनों को अरेस्ट किया गया है। कॉल सेंटर के जरिए ई-मित्र की सेवाएं देकर प्रॉफिट कमाने का लालच देकर ठगा जाता था। पिछले 6 महीने में राजस्थान सहित 5 जिलों के करीब 50 लोगों से फेक कॉल सेंटर गैंग लाखों रुपए वसूल चुकी है। पुलिस ने कॉल सेंटर से बड़ी संख्या में कम्प्यूटर, मोबाइल व अन्य सामान बरामद किया है। DCP (नॉर्थ) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि साइबर फ्रॉड में मास्टर माइंड अविनाश सैनी (24) निवासी रोड नंबर-14 हरमाड़ा, लोकेश गुर्जर (24) निवासी गुर्जरों की ढाणी विश्वकर्मा, दुर्गेश शर्मा (22) निवासी बामनवास सवाई माधोपुर, ज्योति राठौड़ (24) निवासी हाथोज कालवाड़ और शकुंतला बाकोलिया उर्फ कविता (20) निवासी बैनाड़ रोड करधनी को अरेस्ट किया गया है। साइबर क्रिमिनल्स ने ठगी के लिए विद्याधर नगर के गोल्डन टावर में ठगी का कॉल सेंटर खोल रखा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लेपटॉप, 6 मोबाइल, प्रिंटर व राउटर सहित अन्य सामान जब्त किया है।

# पाकिस्तानी महिला बनी सरकारी शिक्षक

### बरेली में नौ साल से कर रही थी नौकरी, विभाग ने किया बर्खास्त, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** पाकिस्तानी महिला ने फर्जी दस्तावेज से बेसिक शिक्षक की नौकरी हासिल कर ली। उसने बरेली के फतेहगंज पश्चिमी विकास खंड क्षेत्र में तैनाती भी पा ली। जांच में फर्जीवाड़ा साबित होने के बाद उसे अक्तूबर में निलंबित कर दिया गया था। विभाग ने अब उसकी सेवा समाप्त कर दी है। उसके खिलाफ विभागीय अधिकारियों ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जल्द उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। रामपुर शहर के बजरोही टोला में गली नंबर चार के मकान नंबर 20 की निवासी शुमायला खान पुत्री एसए खान पर यह कार्रवाई हुई है। फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी भानु शंकर गंगवार ने उसके खिलाफ फतेहगंज पश्चिमी थाने में धोखाधड़ी से नागरिकता छुपाने व फर्जी दस्तावेजों से नौकरी हासिल करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप था कि वह पाकिस्तानी नागरिक है।



#### नौ साल से कर रही थी नौकरी

*पाकिस्तानी नागरिक शुमायला ने फर्जी दस्तावेजों से 2015 में बरेली में नौकरी हासिल की थी। वह तभी से प्राथमिक विद्यालय माधौपुर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थी। इतने साल से वह लाखों रुपये वेतन ले चुकी थी। अब उसे नियुक्ति तिथि से पद से हटा दिया गया। विभाग ने वेतन आदि भत्ते की रिकवरी की कार्रवाई भी शुरू कर दी है।*




## ढूंढाड टॉक्स : 2025 का आगाज

# भारत का विचार आध्यात्म का विचार : प्रदीप जोशी

### पहले दिन देश की जानी-मानी हस्तियां हुई शामिल

### चार सत्रों में प्रखर वक्ता प्रदीप जोशी, राज्यपाल बागडे सहित विभिन्न हस्तियों ने रखे विचार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** भारत देश का विचार आध्यात्म का विचार है, इसी आधारित हमारा जीवन है। आध्यात्म विचार से ही देश और समाज का विकास हुआ है, विभिन्न क्षेत्रों में ऊँचाइयां भी हासिल की है। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख प्रदीप जोशी ने कही। वे शुक्रवार को प्रदीप गोपाल स्मृति न्यास सांगानेर, एयू बैंक एवं पूर्णिमा ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में सीतापुरा स्थित पूर्णिमा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलॉजी में आयोजित द ढूंढाड टॉक्स.2025 कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

उद्घाटन सत्र में 'स्व' की ओर भारत विषयक पर बोलते हुए प्रदीप जोशी ने कहा कि देश के स्व का भाव को समझने एवं अनुभव करने की आवश्यकता है। यह विचार ही हमारा मुख्य विषय है और यही हमको आगे तक ले जाने वाला है। स्व विचार को लेकर भारत आगे बढगा तो उन्नति के शिखर पर जा सकता है। भारत में जो विचार विकसित हुआ है वह व्यक्तिमंगल से विश्वमंगल की कल्पना देने वाला विचार है।

#### 'स्व' के दम पर आगे बढ़ेगा भारतः राज्यपाल

मुख्य अतिथि राजस्थान राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत 'स्व' के दम पर आगे बढ़ेगा। जिस प्रकार शेर पहले थोड़ा पीछे जाता है और फिर पूरी ताकत के साथ आगे छलांग लगाता है उसी प्रकार हमको भी छोडा पीछे जाकर अपने अतीत का गहनता अध्यय कर स्व के दम पर आगे छलांग लगानी है। उन्होंने कहा कि भारत देश विकलांग नहीं है।

हमारी संस्कृति को लोप करने की अब किसी की हिम्मत नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे लिए पहले हमारा देश है। यह उज्ज्वल परम्परा वापिस लानी होगी।

भारत को पुनः विश्वगुरू बनाना होगा। हम किसी से कम नहीं है। हमारी बुद्धि कम नहीं है। अमरिका द्वारा बौद्दिक क्षमता परीक्षा में टॉप 10 में भारत के लोग रहे है। उन्होंने युवाओं से नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले और हर हाल में एक रहने का भी आह्वान किया।

#### दुनिया को आइना दिखाती हमारी आर्थिक समृद्धि

*अतीत पर प्रकाश डालते हुए जोशी ने कहा कि भारत का भू.सांस्कृतिक ज्ञान बहुत अच्छा है। व्यवस्था आधारित समाज रचना है। भारत आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न देश था। जब कभी दुनिया का आर्थिक विकास लिखा जाता है तब भारत के बारे में काफी लिखना पडता है। आठसों.हजार साल तक दुनिया के आर्थिक समृद्ध देशों में गिना जाता रहा है। तीस प्रतिशत हमारा जीडीपी चलता था। तीसरी शताब्दी में भारत में व्यवस्था आधारित समाज रचना है जो दुनिया को आर्थिक समृद्धि का एक मार्ग दिखाती है।*

#### भारत में किंग्डम नहीं क्विन्डम भी

*मातृशक्ति विषय पर बोलते हुए जोशी ने कहा कि महिला समानता, महिला शोषण इत्यादि बात करते हुए कुछ लोग हमको कटघरे में अनावश्यक ही खड़े करते है। उनको समझना चाहिए कि भारत में किंग्डम नहीं क्विन्डम भी दिखाई देता है। तीसरी शताब्दी में भारत में राजा नहीं बडी मात्रा में रानियां भी राज्य करती थी। हमारे देश के गौरव व चिंतन को हर समय दुनिया ने अनुभव किया है। विदेशी मेगस्थनीज ने तक भी महसूस करते हुए इसका वर्णन अपनी पुस्तक इंडिका में भी किया।*


स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com